# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024


कर्तव्य पथ पर दिखेगा नारी शक्ति का दम

## एक साथ कदम ताल करेगा तीनों सेनाओं का दस्ता

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की परेड में सेना की नारी शक्ति भी कर्तव्य पथ पर अपना दम दिखाने के लिए तैयार है।



कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति सबके साथ कदम से कदम मिलाती हुई नजर आएगी। पहली बार तीनों सेनाओं की महिला सैनिकों का साझा दस्ता उतर रहा है। इस दस्ते में 144 महिलाएं शामिल होंगी।














विधानसभा के द्वार पर लोकसभा स्पीकर बिरला के साथ विधायकों का ग्रुप फोटो।

# विधान मंडल में 'नियोजित तरीके' से व्यवधान की परंपरा बंद होनी चाहिए

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'प्रबोधन' कार्यक्रम में विधायकों को दिए कई 'मंत्र'

बिरला ने कहा कि जब प्रश्न लगे तो विधायक के साथ ही साथ मंत्री को भी पूरी तैयारी के साथ आना चाहिए। कानून बनाते समय व्यापक चर्चा होनी चाहिए। प्रतिपक्ष को भी सकारात्मक चर्चा तर्क के साथ करनी चाहिए।



बिरला ने कहा कि यदि सिर्फ विधायक बनना है तो विधानसभा आकर चले जाना, किंतु प्रदेश भर का नेता बनना है तो सदन में तर्कपूर्ण चर्चा करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नियोजित तरीके से विधान मंडल में व्यवधान की परंपरा समाप्त होनी चाहिए। विधानमंडल गंभीर बहस और चर्चा के महत्वपूर्ण मंच हैं, मतभेद होने पर सभा के कामकाज में बाधा नहीं आने देनी चाहिए। उन्होंने विधायकों को कई टिप्स दिए।

### विधानसभा में रिसर्च यूनिट बनना चाहिए

बिरला ने कहा कि विधानसभा में रिसर्च की यूनिट बनना चाहिए। उन्होंने लोकसभा का जिक्र करते हुए कहा कि कई बार एक्ट बनने के बाद नियम बनने में सालों लग जाते हैं। 14 वीं व 15 वीं लोस में एक्ट बनने के बाद भी रूल्स नहीं बनने से जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने संसद को पेपरलेस बनाने की दिशा में की गई कार्यवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की संसद डिजिटलीकरण में विश्व में अग्रणी है।




### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा

1 यह कार्यक्रम संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राइड, लोकसभा सचिवालय और मप्र विधानसभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ

2 प्रबोधन कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी संबोधित किया।

### विधायक अपनी बात रखते समय जोश तो दिखाएं, परंतु क्रोध पर नियंत्रण रखें

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा के प्रभावी संचालन से संसदीय परंपरा को समृद्ध बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है, उन्हें लोकसभा में कई नए आयाम स्थापित करने का गौरव भी प्राप्त है। यह अपेक्षा है कि मप्र विधानसभा के गरिमावान सदस्यों से प्रदेश की विधानसभा की प्रतिष्ठा पूरे देश में बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

### प्रबोधन कार्यक्रम प्रशिक्षण के पहले उस विषय में डूब जाने का भाव


*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रबोधन वास्तव में प्रशिक्षण के पहले उस विषय में डूब जाने व एकाकार करने का भाव है। उन्होंने सभी अतिथियों का अभिवादन और अभिनंदन करते हुए कहा कि विषय में रूचि उत्पन्न करना और विषय से एकाकार कराने का मार्ग प्रशस्त करना ही प्रबोधन का उद्देश्य है। उन्होंने व्याकरणाचार्य महर्षि पाणिनी का उद्धरण देते हुए कहा कि आशा है कि प्रबोधन कार्यक्रम के बाद विधानसभा विधायकों का प्रशिक्षण भी आयोजित करेगी और विधानसभा के विभिन्न दायित्वों संबंधी कार्यप्रणाली से विधायकों को अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि विधायक साथियों को नए एमएलए रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी राज्य सरकार विचार करेगी।*



## खबर संक्षेप

### इंडिगो ने दिया झटका! किराए में की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार की सबसे बड़ी एयरलाइंस कंपनी इंडिगो ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका देते हुए अपनी कुछ चुनिंदा सीटों पर किराया बढ़ाने का फैसला किया है। पैसेंजर्स को आगे की सीट जहां लेगरूम के साथ एक्सएल सीट होती है वहां के लिए ज्यादा किराया देना होगा अब इन सीटों (विंडो सीट) के लिए पैसेंजर को 2000 रुपए तक अधिकतम अतिरिक्त किराया देना होगा।



### घने कोहरे से नदी में गिरी कार, 1 की मौत

**रायसेन।** मंगलवार को रायसेन में घने कोहरे के कारण एक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार पुलिया से टकरा गई और नदी में जा गिरी। हादसे में कार चालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना बमोरी पुल के पास हुआ है। कार में चालक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति सवार नहीं था। फिलहाल, मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे के बाद कार का एयरबैग खुल गया था। लेकिन अंदर पानी में डूबने की वजह से चालक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी।




### विधानसभा का बजट सत्र 7 फरवरी से

## 13 दिनी सत्र में 9 बैठकें होंगी, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की 16 वीं विधानसभा का सत्र 7 फरवरी से शुरू होगा। यह सत्र 19 फरवरी तक चलेगा।

इस 13 दिनी बजट सत्र में कुल 9 बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इस बार के सत्र में चूंकि संपूर्ण बजट पारित नहीं होगा, इसलिए सरकार आंशिक रूप से चार महीने का लेखानुदान पारित कराएगी। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद चर्चा होगी। इसके बाद अन्य शासकीय कार्य भी कराए जाएंगे।



### प्रोस्टेट कैंसर ने ले ली जान

## 'आओगे जब तुम ओ साजना' गाने वाले सिंगर राशिद खान अब कभी नहीं लौटेंगे



उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर सिंगर राशिद खान (55) का निधन हो गया है। वे लंबे समय से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। उनका इलाज कोलकाता के एक अस्पताल में चल रहा था। हालांकि बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी, जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। खान के निधन से संगीत जगत में शोक की लहर है। सिंगर राशिद खान ने इंडस्ट्री में कई हिट गाने दिए हैं।









### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित



## अर्जुन अवॉर्ड हासिल करने वाले 58वें क्रिकेटर बने मोहम्मद शमी

शमी के साथ ही 23 अन्य खिलाड़ियों को भी अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी अर्जुन अवॉर्ड हासिल करने वाले 58वें क्रिकेटर बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें खेल के इस बड़े पुरस्कार से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें इस अवॉर्ड से सम्मानित किया। क्रिकेट जगत में सबसे पहली बार यह अवॉर्ड सलीम दुर्रानी को मिला था। इस अवॉर्ड को पाने वाले आखिरी क्रिकेटर शिखर धवन थे। शिखर को 2021 में यह सम्मान मिला। पिछले साल कोई भी क्रिकेटर इस अवॉर्ड के लिए नामित नहीं था लेकिन इस बार शमी ने यहां अपनी जगह बनाई।

### चिराग और सात्विक की जोड़ी को सबसे बड़ा खेल पुरस्कार

बैडमिंटन की नंबर-1 पुरुष जोड़ी सात्विक और चिराग को खेल रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने बीते साल एशियन गेम्स में गोल्ड जीता। इन दोनों ने बीते साल एशियन चैंपियनशिप, इंडोनेशिया सुपर 1000, कोरिया सुपर 500 और स्विस सुपर 300 के खिताब भी जीते। 5 कोच द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। गणेश प्रभाकरन (मल्लखंभ), महावीर सैनी (पैरा एथलेटिक्स), ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज) और शिवेंद्र सिंह (हॉकी) को स्पोर्ट्स कोचिंग का सबसे बड़ा सम्मान द्रोणाचार्य अवॉर्ड दिया गया।


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# 'महिला सशक्तिकरण'
एवं
## युवा ऊर्जा पर केन्द्रित
# मकर संक्रांति उत्सव
10-15 जनवरी, 2024

मुख्यमंत्री
## डॉ. मोहन यादव
द्वारा
मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत
**1.29 करोड़** बहनों को **₹ 1576 करोड़** की सहायता

**56 लाख** से अधिक हितग्राहियों को **₹ 341 करोड़**
की पेंशन एवं आर्थिक सहायता का अंतरण

10 जनवरी, 2024 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल

## राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन

- लाड़ली बहनों को सहायता राशि का अंतरण
- मकर संक्रांति को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए विज्ञान मेलों का आयोजन
- युवाओं को जिलों के प्लैनिटेरियम और ऑब्जर्वेटरी में स्टडी टूर
- परंपरागत खेलों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन
- महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित 2 दिवसीय (11-12 जनवरी) रोज़गार मेलों का आयोजन
- विद्यालयों में सूर्य नमस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित व्याख्यान, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं
- स्वच्छता व पर्यावरण जागरूकता शिविरों का आयोजन
- स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान
- प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव के शुभारंभ का जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आदर्श महाविद्यालय/उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रदर्शन
- युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम व विद्यालय/महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन
- मां तुझे प्रणाम योजना में कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल का 150 युवतियों के दल द्वारा भ्रमण

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024
D-11166/23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






**यूएई गुजरात के न्यू एनर्जी में 2 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा**

"राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान समिट में निवेश के कई समझौते पर मुहर लगाएंगे। उनके साथ वाणिज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी और उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी समिट में शामिल होगा।

### दुनिया ने देखी पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति की 'दोस्ती'

# लगाया गले, हाथ पकड़कर 'आगे' बढ़े फिर कार में साथ बैठकर किया रोड शो



**पीएम मोदी फिर जाएंगे यूएई**

इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यूएई की यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी आबू धाबी में 700 करोड़ रुपए की लागत से बने बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा आबूधाबी के जायद स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। हाउडी मोदी की तरह होने वाले इस कार्यक्रम का नाम अहलान मोदी दिया गया है।

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

वाइब्रेंट गुजरात समिट के चीफ गेस्ट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान मंगलवार शाम अहमदाबाद पहुंचे। पीएम नरेंद्रमोदी ने यूएई के राष्ट्रपति की आगवानी की। इसके बाद दोनों वैश्विक नेताओं ने हवाईअड्डे से गांधी आश्रम तक रोड शो भी किया। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान वाइब्रेंट गुजरात समिट में निवेश के कई समझौते पर मुहर लगाएंगे।

**मोदी ने कहा था- भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है**

यूएई के राष्ट्रपति राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से पीएम मोदी की नजदीकी नई नहीं है। पिछले साल जुलाई में जब पीएम मोदी यूएई गए थे। तो उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति से अपनी मुलाकात में कहा था कि अल नाहयान से हमेशा भाई का प्यार मिला।

'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में हिस्सा लेने पहुंचे हैं यूएई के राष्ट्रपति

1 ग्लोबल ट्रेड शो की शुरुआत में पीएम ने एक 20 रुपए का सिक्का जारी किया। जो वाइब्रेंट समिट के 20 साल पूरे होने पर जारी किया गया है।

2 यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं

## खबर संक्षेप

### सीए फाइनल और इंटर रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने मंगलवार को सीए फाइनल और इंटर रिजल्ट नवंबर 2023 की घोषणा कर दी है। संबंधित छात्र आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से परिणाम की जांच कर सकते हैं। इस साल ग्रुप I के लिए पास प्रतिशत 9.46 और ग्रुप II के लिए 21.6 प्रतिशत है। उत्तीर्ण प्रतिशत 9.42 प्रतिशत रहा है। इस साल आईसीएआई सीए इंटर परीक्षा में ग्रुप I के लिए पास प्रतिशत 16.78 प्रतिशत और ग्रुप II के लिए 19.18 प्रतिशत है। कुल मिलाकर उत्तीर्ण प्रतिशत 9.73 प्रतिशत रहा है।




### शेड्यूल: 7 जुलाई से होगी नीट पीजी परीक्षा

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज की तरफ से नीट पीजी एग्जाम के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस बार ये परीक्षा सात जुलाई को आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार आधिकारिक साइट nbe.edu.in और natboard.edu.in पर जाकर डिटेल्स चेक कर सकते हैं।

इस एग्जाम में शामिल होने वाले उम्मीदवार के लिए कट-ऑफ डेट 15 अगस्त 2024 तक होगी। पहले ये परीक्षा तीन मार्च को होने वाली थी।



### गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली और इसके बाद बनगांव में तृणमूल नेताओं के ठिकानों पर राशन घोटाले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमले के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी है। 5 जनवरी को ईडी की टीम राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में टीएमसी नेता के घर पहुंची थी।




### चार साल का मासूम बेटा शायद यही पूछता होगा- मेरा क्या कसूर?

# मां, तूने मुझे क्यों 'मार' दिया?



## मेरे पापा से 'नफरत' क्या मेरी जान लेकर खत्म हो सकेगी?

## सीईओ 'हत्यारन मां' : गोवा के होटल में चार साल के बेटे के साथ आई, बेंगलुरू लौटते वक्त सूटकेश में थी बेटे की लाश

**पति से हो गया था तलाक, कोर्ट ने कहा था-** सप्ताह में एक बार पिता बेटे से मिल सकता है। वह ऐसा नहीं चाहती थी। पिता न मिल सके इसलिए, अपने बेटे को मार डाला।

एजेंसी ▶▶ पणजी

बेंगलुरू से गोवा घूमने आई एक स्टार्टअप कंपनी 'माइंडफुल एआई लैब' की सीईओ सूचना सेठ (39) ने अपने होटल के रूम में अपने चार साल के बेटे की हत्या कर दी। सूचना पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। उसकी शादी 2010 में हुई थी। पति केरल का रहने वाला है। शादी के बाद 2019 में उनका एक बेटा हुआ। अब तक सब ठीक था।

हालांकि, इसके बाद पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। बात इतनी बढ़ी की मामला कोर्ट तक जा पहुंचा। इसके बाद दोनों का तलाक हो गया था। बेटे की कस्टडी सूचना को मिली। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि बेटा सप्ताह में एक बार रविवार को अपने पिता से भी मिल सकेगा। यही बात सूचना को पसंद नहीं आई। इस कारण वह परेशान रहने लगी। वह हर वक्त इसी टेंशन में रहती कि उसके बेटे को पिता से मिलने से कैसे रोका जाए। वह किसी भी कीमत पर यह नहीं चाहती थी कि उसका बेटा अपने पिता से मिले। इसलिए उसने एक खतरनाक योजना बनाई।

**100 प्रभावशाली महिलाओं में आरोपी**

ऑनलाइन पेशेवर मंच 'लिंक्डइन' पर सेठ के पेज के अनुसार वह स्टार्ट-अप कंपनी 'माइंडफुल एआई लैब' की सीईओ है और 2021 के लिए 'एआई एथिक्स' में शीर्ष 100 प्रतिभाशाली महिलाओं में से एक रही थी।





### बेटे से मां ने कहा- चलो, गोवा घूमने चलते हैं

सूचना ने अपने बेटे से कहा कि चलो बेटा गोवा घूमने चलते हैं। मासूम अपनी मां की बात सुनकर खुश हो गया। उसे इस बात का अंदाजा नहीं था कि जो मां उसे इतना प्यार करती है, उसे नुकसान भी पहुंचा सकती है। सूचना अपने बेटे को लेकर गोवा पहुंची। सूचना ने वहां कैंडोलिम इलाके में एक होटल बुक किया। वह बेटे के साथ इस होटल में रही। इसके बाद उसने मौका देखकर बेटे की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने बेटे के शव को एक बैग में रखा और कैब से भागने की कोशिश करने लगी। उसने होटल छोड़ने से पहले कमरे को अच्छी तरह साफ किया ताकि किसी को पता न चल सके।

**ऐसे पकड़ी गई 'सूचना'**

### *होटल के स्टाफ ने पूछा कि मैम, आपका बेटा कहां है?*

*वह होटल चेक आउट करने लगी। चेक आउट करने के दौरान होटल के स्टाफ ने पूछा कि मैम, आपका बेटा कहां है? इस पर सूचना ने कहा कि उसने बेटे को पहले ही भेज दिया है। आप मेरा चेकआउट कर दीजिए। होटल के स्टाफ को सूचना पर शक हो गया था। इधर कैब आ गई और सूचना अपने सामान के साथ निकल गई। होटल स्टाफ से आरोपी महिला ने कहा कि उसे कुछ काम के लिए बेंगलुरु जाना है। उसने उन्हें टैक्सी की व्यवस्था करने को भी कहा। कर्मचारियों ने महिला से कहा कि वह बेंगलुरु के लिए उड़ान ले सकती हैं क्योंकि टैक्सी से जाना महंगा रहेगा। उसके जाने के बाद होटल का स्टाफ कमरे में पहुंचा तो देखा कि कमरे में खून के कुछ धब्बे थे। होटल के मैनेजर ने फौरन इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कैब ड्राइवर का नंबर निकाला और फोन कर उससे कहा कि जो मैडम तुम्हारी गाड़ी में बैठी हैं, उन्हें पास के पुलिस स्टेशन लेकर आ जाओ। पुलिस ने कहा कि इस बारे में मैडम को बताना मत। इसके बाद ड्राइवर सूचना को लेकर चित्रदुर्ग इलाके के पुलिस स्टेशन पहुंचा। जहां पुलिस ने सूचना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला के बेटे के बारे में पूछताछ की तो उसने बताया कि बच्चा अपने एक दोस्त के यहां रह रहा था।*

### शिवपुरी, ग्वालियर और दतिया में गिर सकते हैं ओले

## प्रदेश में कम होगा 'कोहरा' कहीं-कहीं पड़ेंगी बौछारें भी

**भोपाल में 3.4 बढ़कर 27.7 डिग्री रहा तापमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदल रहा है। अब प्रदेश में कोहरे में कमी आने लगेगी। दो से 3 दिन में कुछ जिलों को छोड़ भोपाल सहित शेष प्रदेश में कोहरा बहुत कम हो जाएगा।बुधवार को लगातार दूसरे दिन ज्यादा जिलों में धूप खिलने और बादलों का असर कम होने से दिन के तापमान में 6 डिग्री तक की बढ़त हो गई, जबकि कुछ जिलों में घने कोहरे और बादल, बौछारों से लगभग इतनी ही गिरावट भी रही। इस बीच प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की गिरावट रही है। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार तक प्रदेश के ज्यादातरी जिलों में रात के तापमान में दो से 3 डिग्री तक की गिरावट होगी।



**यहां रहा घने कोहरे का असर**

मंगलवार को ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, उउज्जैन, छतरपुर सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में अति घना कोहरा रहा। भोपाल, रतलाम, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, हरदा, विदिशा, रायसेन आदि जिलों में मध्यम से घना कोहरा रहा है। यहां दृश्यता 50 से 500 मीटर के बीच रही।

### नौगांव के कॉक्स डिस्टलरी में हादसा

## करंट से 2 मजदूरों की मौत 3 गंभीर, अस्पताल में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले के नौगांव के कॉक्स डिस्टलरी में दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें करंट की चपेट में आने से तकरीबन आधा दर्जन मजदूर झुलस गए। मामले में कॉक्स डिस्लरी संचालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिसमें दो से अधिक मजदूरों मौत हो गई है। इस हादसे में तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। घटना और घायलों को देखते हुए मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, कमरे में मिले मजदूरों को पुलिस ने दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला है। घटना और मामले की जानकारी लगाने पर नौगांव अस्पताल में एसडीओपी चंचलेश मरकाम, तहसीलदार संदीप तिवारी, थाना प्रभारी सतीश सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है।

### राम मंदिर में लगा 'पहला' सोने का दरवाजा

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में हर चीज भव्य है। मंदिर में सोने का पहला दरवाजा लगाया जा चुका है। वहीं, अगले तीन दिनों में यहां सोने के 13 और दरवाजों को लगाया जाना है। गर्भगृह के मुख्य द्वारों की पूजा हो गई है, तो वहीं गर्भगृह के दोनों ओर लगने वाले दरवाजों पर काम जारी है। मंदिर निर्माण स्थल के पास बने कार्यशाला में इन दरवाजों को देखा जा सकता है।


**आयुर्वेद से आयुष्यमान — रतन्स आयुर्वेदिक समाधान**

प्र. मेरा शारीरिक विकास औसत ही है, जिससे बहुत ग्लानि महसूस होती है। -चिंतन, जबलपुर.

उ. शारीरिक विकास वंशानुक्रम पर निर्भर करता है। आप चाहें तो पाचन क्रिया ठीक कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु रतन का 'हॉईटॉप' सिरप नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। खिंचाव वाले व्यायाम व योगा करें।

प्र. शौच के समय गुदा-द्वार की नसें फूलने से मुझे बहुत दर्द होता है। दवा बताएं। -के.गुप्ता, मंडला

उ.आहार-विहार की अनियमितता कब्ज बने रहना या मद्यपान करना आदि कारणों से भी यह समस्या हो सकती है। आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२, दिन में दो बार पानी से नियमित सेवन कर सकते हैं।

प्र. मेरा पुत्र रात को नींद में बिस्तर गीला कर देता है व जागने पर शर्मिन्दा होता है। उसकी समस्या का उपाय बताएं। -हेमा, इन्दौर.

उ. बौद्धिक-अपरिपक्वता या आत्म विश्वास की कमी भी इस समस्या का कारण हो सकती है। उन्हें रतन्स 'बेडवेट' सिरप दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाएं।

प्र. मैं विवाहित हूं एवं शरीर के आकर्षक नहीं होने से परेशान हूं, क्या करूं? -एक पाठिका, म.प्र.

उ. अपनी समस्या हेतु आप रतन्स 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल १-१-१ दिन में तीन बार ३ माह तक सेवन कर सकते हैं। बेहतर परिणामों के लिए 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल का भी उपयोग कर सकते हैं।

प्र. मुझे हकलाहट की समस्या है। शब्दों का उच्चारण रूक-रूक कर होता है। -एम. रघुवंशी, रीवा.

उ. समस्या के लिए आप रतन का 'वॉईस' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम नियमित सेवन कर सकते हैं। साथ ही रोज कुछ समय आईने के सामने खड़े होकर खुद से बातें करें।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग वैद्यकिय मार्गदर्शन में करें.




Ratan's सुडोल बॉडी टोनर जैल आयुर्वेदिक औषधि

Unique ID : MP25D/17/564/A/23/163

HELPLINE 77728-77722

प्रमुख आयुर्वेदिक व मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध. Buy online: www.ratanayurvedic.com


## अयोध्या में टूटेगा सऊदी अरब का 'वर्ल्ड रिकार्ड'....22 जनवरी से पहले ही

**470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स से जगमग होगी अयोध्या, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया**

# तैयार हो रही सबसे बड़ी 'सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट' की लाइन

**परियोजना के तहत 10 .15 किमी के स्ट्रेच में सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या




प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। दरअसल, अयोध्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है,उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेख होने वाला है।

**सऊदी अरब के मलहम का टूटेगा रिकॉर्ड**

गौरतलब हो कि यूपी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है वह फिलहाल सऊदी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था, जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा।

***दीपोत्सव पर बना था रिकॉर्ड***

*वर्ष 2023 में दीपावली के वक्त सरयू घाटों पर दीपोत्सव में अवध विश्वविद्यालय के 25000 वॉलेंटियरों ने मिलकर 22.23 लाख दीपक जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई थी।*

### पीएम मोदी की तारीफ करना कार्ति कोपड़ा भारी, कांग्रेस ने 10 दिन में मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करना कार्ति चिदंबरम को भारी पड़ गया है क्योंकि अब कांग्रेस ने उन्हें नोटिस भेजा है और 10 दिनों में अपना दाखिल करने के लिए कहा है। कार्ति चिदंबरम पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके पी. चिदंबरम के बेटे हैं। कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि राहुल गांधी की तुलना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अधिक लोकप्रिय हैं। यही बयान चिदंबरम के लिए मुसीबत बन गया है। कार्ति को तमिलनाडु कांग्रेस अनुशासन समिति के प्रमुख के.आर. रामासामी ने कारण बताओ नोटिस भेजा है और उनसे 10 दिन में जवाब देने को कहा गया है।

*सीएम डॉ. यादव ने कुशाभाऊ हॉल में की कानून व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग की समीक्षा*

### जुलूसों का संचालन देर रात तक न हो, सघन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस का आवागमन सुगम हो

# जोन और थानों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, यह आयोजन निश्चित समय सीमा में पूर्ण हों। इसके लिए, शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर उपस्थित थीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्देश्य यह हो कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके।

### मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके

**यह निर्देश दिए**

उच्चाधिकारी भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए

निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी



**बेकसूरों पर न हों झूठी कार्रवाईयां**

डॉ. यादव ने कहा कि उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्रवाईयां न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**डीजे संचालन में लगे युवाओं का पुनर्वास हो**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाएं संचालित करने कार्ययोजना बनाई जाए। शादी विवाह तथा अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं।

**जेलों का भी औचक निरीक्षण करें कलेक्टर्स**

मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

**भोपाल नगरीय पुलिस में आईपीसी अपराधों में आई गिरावट**

भोपाल नगरीय पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा ने भोपाल नगरीय पुलिस के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि अपराध वर्ष 2022-23 में भोपाल में आईपीसी अपराध में 6 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या के मामलों में 42 प्रतिशत, हत्या के प्रयास में 14 प्रतिशत,लूट में 16 प्रतिशत, बलात्कार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां बढ़ी हैं। पुलिस आयुक्त ने भोपाल कमिश्नरेट रेट के उल्लेखनीय कार्यों को भी प्रस्तुत किया। बैठक में भोपाल संभाग के विधायकगण, मुख्य सचिव वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**मांस विक्रय के लिए जल्द विकसित करें विशेष क्षेत्र**

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुले में मांस के विक्रय पर कार्रवाई की जाए तथा नगरीय निकाय और नगर पंचायतें बजट में विशेष प्रावधान कर मांस विक्रय के लिए विशेष क्षेत्र विकसित करने की कार्रवाई तेज गति से करें। बैठक में गंभीर अपराधों में आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण, महिला अपराधों पर नियंत्रण, मादक पदार्थों पर कार्रवाई, नाबालिग बालक-बालिकाओं की बरामदगी, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, साइबर क्राइम पर की गई कार्रवाई तथा नवाचारों के संबंध में जानकारी दी गई।

**दिग्विजय पर मानहानि केस में एमपी-एमएलए कोर्ट का एक्शन**

## कांग्रेस विधायक सिकरवार को 10 हजार का जमानती वारंट जारी कर किया तलब

**भोपाल।** दिग्विजय सिंह मानहनि केस में एमपी एमएलए कोर्ट ने बड़ा एक्शन लिया है। कोर्ट ने ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार को 10 हजार के जमानती वारंट से तलब किया है। दरअसल, दिग्विजय सिंह मानहनि केस में सतीश सिकरवार को अपने बयान दर्ज कराने थे। कोर्ट की तरफ से तीन बार उन्हें समन जारी किया था। जिसके बाद मानहनि का केस दायर करने वाले एडवोकेट ने कहा- साक्षी विधायक सतीश सिंह सिकरवार जान बूझकर कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, न ही अपने बयान दर्ज करा रहे हैं। इसलिए उन्हें वारंट से बुलाया जाएं। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानती वारंट से 22 जनवरी तक तलब किया है।

दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह साल 2019 में अपने भिंड प्रवास के दौरान उन्होंने कहा था कि एक बात मत भूलिए, जितने भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पाए गए हैं, भाजपा, आरएसएस, बजरंग दल से पैसे ले रहे हैं जासूसी कर रहे हैं। इस पर एडवोकेट अवधेश भदौरिया ने एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दर्ज कराया है। दिग्विजय सिंह के वकील ने तर्क दिया था कि अवधेश भदौरिया ने अपने आपको युवा मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य बताया है। सतीश भी पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य रहे हैं, इसलिए, वो कोर्ट में बताएंगे, सदस्य के क्या अधिकार होते है। वकील के तर्क पर कोर्ट ने सतीश सिकरवार को गवाही के लिए तलब किया था। साल 2019 में एक प्रेसवार्ता में दिग्विजय ने भाजपा और आरएसएस पर आईएसआई का जासूसी के आरोप लगाए थे।

**खबर संक्षेप**

### रैनबसेरे में अव्यस्था पर मनावर सीएमओ सस्पेंड

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त भरत यादव ने धार जिले के मनावर नगर पालिका अधिकारी को कर्त्तव्यों में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीएमओ संतोष चौहान ने शीत ऋतु को देखते हुए नगर के रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था नहीं की। इस वजह से स्थानीय नागरिकों में असंतोष पैदा हुआ। आरोपों में कहा गया है कि संबंधित नगर पालिका अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का भी त्वरित गति से निराकरण नहीं किया जा रहा था।

### 22 को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें

**भोपाल।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर देश वासियों को बेसब्री से इंतजार है। 22 जनवरी को पूरा देश दिवाली मनाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश जारी किया कि 22 जनवरी को प्रदेश में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि अयोध्या में रामलला के मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम का स्वरूप अत्यंत व्यापक होगा और जन-सामान्य उक्त कार्यक्रम के साक्षी होना चाहेंगे। अतः इस दिन विद्युत व्यवधान नहीं होना चाहिए। उस दिन बिजली का मेंटनेंस का कार्य ना किया जाए। उन्होंने कहा है कि विद्युत व्यवधान होने से जन-सामान्य को कार्यक्रम देखने में असुविधा हो सकती है।



### अमित जोगी ने गृहमंत्री शाह से की मुलाकात



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़-जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी दिल्ली दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसकी जानकारी उन्होंने इंटरनेट मीडिया एक्स पर तस्वीर साझा कर दी है। बता दें कि बीते दिनों अमित जोगी ने अपनी मां डॉ. रेणु जोगी के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भी मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों ने सीएम साय को अजीत जोगी जी की आत्मकथा सपनों का सौदागर भेंट भी की थी।

**वाहन चालकों ने सौंपा ज्ञापन**

## हिट एंड रन कानून पर आक्रोश फिर बढ़ा ड्राइवर काम से छुट्टी लेकर करेंगे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

कबीरधाम जिले सहित छत्तीसगढ़ राज्य में एक बार फिर से वाहन चालकों की हड़ताल शुरू होने वाली है। इसे लेकर मंगलवार को कबीरधाम में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने ज्ञापन सौंपा है। जिला अध्यक्ष राजेश श्रीवास ने बताया कि सभी ड्राइवर सरकार द्वारा बनाए गए हिट एंड रन के कानून, जिसमें दस साल की सजा का प्रावधान है, इस कानून की वजह से हमे गाड़ी चलाने में डर लगने लगा है। इसलिए सभी ड्राइवर नौ जनवरी से लेकर जब तक यह कानून नहीं हट जाता, तब तक स्वयं अपनी मर्जी से स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन के तहत काम पर नहीं जाने का निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने कहा कि हम चक्काजाम या हड़ताल जैसे कदम नहीं उठा रहे हैं, अपनी मर्जी से काम पर नहीं जा रहे हैं। विचार विमर्श के लिए अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। अन्य राज्यों/जिलों से आने वाले ड्राइवरों से चर्चा करेंगे। शांतिपूर्ण तरीके से स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन के माध्यम से हल निकालना चाहते हैं। इसके अलावा जो व्यक्ति आंदोलन के तहत किसी प्रकार की उपद्रव या शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाता है, तो उस व्यक्ति की स्वयं जवाबदारी रहेगी। संगठन या पदाधिकारी जवाबदार नहीं रहेगा।



### ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायगढ़।** ट्रेलर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया। करीब 12 घंटे बाद प्रशासनिक समझाइश के बाद चक्काजाम शांत हुआ। मामला पुसौर थाना क्षेत्र की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तरडा निवासी पीतांबर चौहान पिता समारू राम चौहान (32 साल) एनटीपीसी लारा में बोलेरो चलाता था। बीते रविवार शाम पीतांबर घर से साइकिल लेकर घूमने निकला था। शाम 6 बजे वह साइकिल चलाते हुए अपने घर के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार से आ रहे चालक ने उसे ट्रेलर से ठोकर मार दिया। हादसे से पीतांबर गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद चालक फरार हो गया। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। आहत ग्रामीण को उपचार के लिए रायगढ़ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान युवक की रात करीब 8 बजे मौत हो गई।

*दिग्गज चुनाव लड़ेंगे या नहीं, स्क्रीनिंग कमेटी एआईसीसी तय करेगी*

## फरवरी में ही कांग्रेस ऐलान कर देगी लोकसभा प्रत्याशी आर्ब्जवर-कोऑर्डिनेटर 30 तक देंगे रिपोर्ट

**प्रत्याशी चयन के लिए होगी रायशुमारी, बूथ न जीतने वालों के लिए बनेगा अलग सिस्टमः भंवर जीतेंद्र**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में फरवरी के पहले ही सप्ताह में प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर देगा। पॉलिटिकल अफेयर कमेटी और स्टेट इलेक्शन कमेटी की बैठक में फैसला हो गया है। खास बात है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रोडमैप पर भी चर्चा हुई है। राहुल की यात्रा से जुड़े विषयों पर जिला अध्यक्षों से चर्चा हुई है। वहीं प्रत्याशियों के नामों को लेकर बैठक में निर्णय हुआ है कि आब्र्जवर और कोआर्डिनेटर्स 30 जनवरी तक रिपोर्ट देंगे। इसके अलावा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को चुनाव में उतारे जाने पर फैसला स्क्रीनिंग कमेटी और एआईसीसी लेगी।

**दिग्गजों का फैसला दिल्ली पर**

बैठक में कमलनाथ, दिग्विजय, अरुण सहित दिग्गज नेता चुनाव लड़ने पर चर्चा हुई है। हालांकि भंवर जीतेंद्र सिंह मामला दिल्ली पर छोड़ दिया है। बैठक में चुनाव में हारे हुए प्रत्याशियों का दर्द हर बार निकलकर सामने आ रहा है। पॉलिटिकल अफेयर कमेटी और स्टेट इलेक्शन कमेटी की बैठक में कई प्रत्याशियों की टीस निकलकर बाहर आई। बैठक में शीर्ष नेताओं के सामने एक बार फिर भीतरघात का मुद्दा छाया रहा। बैठक में एक सुर में सभी नेताओं ने पार्टी के खिलाफ काम करने वालों पर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। इसमें प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं**

बैठक में एक हारे हुए प्रत्याशी ने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होना चाहिए। जिन जिन विधानसभा प्रत्याशियों और विधायकों ने भितरघात की शिकायत की है, उसकी जांच करवाई जाए। जांच में भितरघात के सबूत मिले तो दोषियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इसके साथ ही बैठक में समिति के दो सदस्य और एक राष्ट्रीय सचिव ने बड़े नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने की वकालत की। समिति के सदस्यों ने बैठक में कहा कि आज बड़े नेताओं को चुनाव में उतरना चाहिए। पार्टी ने बड़े नेताओं को सब कुछ दिया आज पार्टी को उनकी जरूरत है।

**प्रभारी बोले-अपना बूथ नहीं जीत सकते वो बड़ी बड़ी राजनीति कर रहे**

बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि एमपी कांग्रेस की नई टीम में सिर्फ काम करने वालों को जगह मिलेगी। जो अपना बूथ नहीं जीत सकते वो बड़ी बड़ी राजनीति कर रहे है, ऐसे नेताओं के लिए हम सिस्टम बना रहे हैं। वहीं कमलनाथ की नाराजगी की बात को लेकर कहा कि उनका देश और प्रदेश की राजनीति में योगदान रहा है। पटवारी भी उनके साथ सलाह लेकर भी फैसला करेंगे।

## मुख्यमंत्री के सेक्रेटरी बने आईएएस बसवराजू एस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

2007 बैच के आईएएस अफसर बसवराजू एस को राज्य सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। आईएएस बसवराजू एस को सचिव मुख्यमंत्री बनाया गया है। उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बसवराजू एस. की पदस्थापना सचिव, मुख्यमंत्री के रूप में की गई है। उन्हें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है



■ दो विभागों के सचिव का अतिरिक्त प्रभार

## कांग्रेस नेत्री का बेटा तलवार लेकर अपनी पत्नी को मारने दौड़ा, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम की एमआईसी मेंबर रीता सिंह गेरा के बेटे के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज हुआ है। कांग्रेस नेत्री की बहू शिल्पा होरा ने मारपीट व तलवार लेकर जाने से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कर रही है।

बता दें कि कांग्रेस नेत्री रीता सिंह गेरा भिलाई नगर निगम की एमआईसी मेंबर है। बेटे मानव चंद्र होरा के खिलाफ मामला दर्ज होने से राजनीति गलियारों में खलबली मच गई है। पुलिस ने बताया कि रीता गेरा की बहू शिल्पा होरा ने अपनी शिकायत में कहा है कि भिलाई अपने तीन साल के बेटे चित्रांश को लेने आई थी। उनका बेटा उनके पति मानव और सास रीता गेरा के पास था। वो लोग बेटे को देने से मना कर रहे थे।

**सामान कर रही थी पैक**

जब वो महिला थाने की सहायता लेकर उनके घर बेटे को लेने पहुंची तो मानव उससे झगड़ा करने लगा। उसने पहले तो बेटे का सामान पैक करने के लिए शिल्पा को अंदर भेजा, उसके बाद अंदर से तलवार निकाल कर ले आया। जब शिल्पा चित्रांश का सामान पैक कर रही थी तो इधर मानव ने तलवार लेकर शिल्पा की मां, भाई, मामा और पुलिस वालों तक को दौड़ाने लगा। यह देख शिल्पा घर के अंदर से भागी।

## सीएम साय ने पाटन सदन पहुंचकर पूर्व सीएम के पिता को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित पाटन सदन पहुंचे। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता स्वर्गीय नंदकुमार बघेल के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल एवं उनके परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उनके परिवारजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक किरण सिंहदेव ने भी स्वर्गीय नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 89 वर्षीय पिता नंद कुमार बघेल का 8 जनवरी को सुबह 6 बजे निधन हो गया।

## बलवा करने वाले 19 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी के खमतराई थाने अंतर्गत सोमवार शाम को उत्पात मचाने वाले 19 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार दोपहर में कान पकड़वाकर जुलूस निकाला। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने पुलिस अफसरों का उत्साह वर्धन करते हुए पुलिस जिंदाबाद के नारे भी लगाए। बता दें कि भनपुरी इलाके में सोमवार शाम को बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया था। लाठी-डंडे से लैस बदमाशों ने कई गाड़ियों में तोड़फोड़ किया था। इस घटना के बाद इलाके में माहौल गरमा गया था।

**पीएचई मंत्री उइके और खाद्य आपूर्ति मंत्री राजपूत ने संभाला कार्यभार**

## सबसे पहले हर घर में नल के साथ ही साथ प्रधानमंत्री के जन मन कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्य पूरा करूंगी: मंत्री अनुसुईया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने पूजा अर्चना कर मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव संजय शुक्ल, सचिव अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री श्रीमती उइके ने विभागीय योजनाओं की जानकारी ली एवं लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए दिशा-निर्देश दिए। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंत्री श्रीमती उइके ने सेवा भारती वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंत्री श्रीमती उइके ने कंकाली माता मंदिर पहुंचकर देवी के दर्शन किए। श्रीमती उइके ने हरिभूमि को बताया कि उनकी प्राथमिकता प्रत्येक व्यक्ति को पेयजल मुहैया कराने की है। हर घर में नल के साथ ही साथ प्रधानमंत्री के जन मन कार्यक्रम में दिए गए, लक्ष्य को पूरा करने की है। उसे हर हाल में पूरा करने की निर्णय लिए हैं।



**अंतिम आदमी तक पहुंचे गुणवत्ता पूर्ण खाद्यान्न**

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सोमवार को मंत्रालय स्थित कक्ष में विधि-विधान से पूजाकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सागर श्रीमती सविता सिंह राजपूत, स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती स्मिता भारद्वाज, स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक तरुण पिथोड़े सहित स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन एवं स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री राजपूत ने पदभार ग्रहण के बाद अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासन की योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर कार्य करें। उन्होंने वितरित किए जा रहे खाद्यान्न की प्रभावी रूप से गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के साथ ही धान उपार्जन, कृषकों को उनकी उपज का भुगतान पारदर्शी व्यवस्था से शीघ्र-अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए।



## हसदेव अरण्य क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर प्रभावितों से मिल सकते हैं राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरगुजा जिले के हसदेव अरण्य क्षेत्र के कोयला भंडार क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर कांग्रेस-भाजपा, एक-दूसरे पर हमलावर हैं। कांग्रेस सरगुजा से गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले इसे बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश में है। हसदेव अरण्य के प्रभावितों से राहुल गांधी की मुलाकात कराने की तैयारी में भी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प लिया था। उस समय केन्द्रीय कोयला मंत्री ने रायपुर में कहा था कि जहां पर कोल बेयरिंग एक्ट लागू होता है, वहां पेसा कानून के प्रविधान लागू नहीं होते हैं।



**पेड़ों की कटाई पर जवाब दें: सौरभ सिंह**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और सौरभ सिंह ने हसदेव-बांगो में पेड़ों की कटाई और जंगलों को मैदान में बदल देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि आखिरकार राहुल गांधी, अशोक गहलोत और दोनों छत्तीसगढ़िया कांग्रेस नेताओं के बीच क्या डील हुई कि तत्काल जंगल कटाई के लिए अनुमति दे दी गई।

**कुटुम्ब न्यायालय का महत्वपूर्ण आदेश : परित्यक्ता पत्नी जबलपुर में ही दायर कर सकेगी मुकदमा**

## पति के शहर में केस दायर कर नहीं मांगनी पड़ेगी नाबालिग संतानों की कस्टडी



**जबलपुर।**

कुटुम्ब न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में लीक से हटकर व्यवस्था दी। इसके तहत परित्यक्ता पत्नी नाबालिग संतानों की कस्टडी हासिल करने की मांग संबंधी मुकदमा जबलपुर में ही दायर कर सकेगी। यह आदेश इसलिए विशेष है क्योंकि संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम-1890 के प्रहवधानों के तहत ये मान्यता थी कि घर से निकाली हुई पत्नी किसी अन्य शहर (मायके) में हो और उसके बच्चे यदि पति के पास हों तो उसे अपने नाबालिक बच्चों को प्राप्त करने के लिए पति के शहर में मुकदमा दायर करना पड़ेगा। कुटुम्ब न्यायालय में भी यही मान्यता थी। जिसे एक ताजा आदेश में बदल दिया गया। अधिवक्ता पंकज दुबे व प्रीति धनधारिया ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जबलपुर निवासी स्वाति परते के प्रकरण में अदालत ने पूर्व में उसके आवेदन को यह कह कर निरस्त कर दिया था कि पति नागपुर में है, अतः आप अपनी दोनों नाबालिग बेटियों की अभिरक्षा के लिए नागपुर जाकर वहां मुकदमा दायर करें। जिसके बाद स्वाति ने नए सिरे से विशेष आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर बहस के दौरान दलील दी गई कि स्वाति परते के बच्चों को जबलपुर का सामान्य रहवासी माना जाए और वाद यहीं चलाया जाए। कुटुम्ब न्यायालय ने तर्क सुनने के बाद न केवल मांग मंजूर कर ली बल्कि नागपुर निवासी पति को जबलपुर बुला लिया।

## हाई कोर्ट ने प्राथमिक शिक्षिका को माध्यमिक शाला भेजने पर लगाई रोक

**स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने प्राथमिक शिक्षिका को माध्यमिक शाला भेजने पर रोक लगा दी। इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन, स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। याचिकाकर्ता रेश्मा श्रीवास्तव (फिलिप) की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा, शिवम शर्मा व अमित स्थापक ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता शासकीय एकीकृत प्राथमिक शाला, रेलवे सराय, जबलपुर में पदस्थ है। उसे शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, घमापुर, जबलपुर स्थानांतरित किया गया है। दो अक्टूबर, 2023 को इस आदेश के बाद पांच दिसंबर, 2023 को रिलीविंग आदेश भी जारी कर दिया गया। बावजूद इसके कि याचिकाकर्ता को पूर्व में 23 सितंबर, 2023 को भी स्थांतरित किया गया था। सवाल उठता है कि जब याचिकाकर्ता प्राथमिक स्तर की शिक्षिका है तो उसे माध्यमिक स्तर के विद्यालय क्यों भेजा गया। वह वर्ग तीन कर्मी है, तो वर्ग दो में कैसे भेज सकते हैं।

**प्राचार्य ने डीइओ के अधिकार क्षेत्र का किया अतिक्रमण :**

अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा ने दलील दी कि प्राचार्य ने डीइओ के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए आदेश जारी किया। जानकारी मिली है कि डीइओ ने फोन पर निर्देश दिया था, जिसका हड़बड़ी में पालन कर दिया गया। इससे पूर्व वैधानिक-अवैधानिक का विचार तक करने की जेहमत नहीं उठाई गई। इस मामले में दुर्भावना भी भी बू आ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि याचिकाकर्ता ने पूर्व में कल्पना विश्वकर्मा नामक शिक्षिका के विरुद्ध शिकायत की थी। जिसके बाद बदले की कार्रवाई के अंतर्गत स्थानांतरण की गाज गिराई गई।

## 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पुण्य काल

**वारियान योग में मनेगा मकर संक्रांति पर्व, सुबह तीन बजे सूर्य उत्तरायण होंगे**

**जबलपुर।**

उज्जैन पौष मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के उपरांत रात्रि पश्चात सूर्य का धनु राशि को छोडक़र मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की रात और 15 जनवरी की प्रातः 3 बजे प्रवेश होगा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के सिद्धांत के अनुसार जब संक्रांति का क्रम सायन अथवा रात्रि या अपर रात्रि में हो तो पर्व कल अगले दिन मनाने की बात कही गई है। इस दृष्टिकोण से 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पुण्य काल मनाया जाएगा।

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में 27 योगों का उल्लेख दिया गया है इनमें से वारियान योग विशेष महत्वपूर्ण है। इस योग में मकर संक्रांति का पुण्य काल इसलिए भी विशेष माना जाता है की संक्रांति का पर्व दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर होता है। धनु राशि के सूर्य का मकर राशि में परिभ्रमण संक्रांति की स्थिति दर्शाती है। दक्षिण को छोड़ सूर्य उत्तर में प्रवेश करते है। वारियान योग की उपस्थिति में परिभ्रमण होने का लाभ राष्ट्र को प्राप्त होगा। आर्थिक प्रगति के द्वार खुलते हैं क्योंकि वरियान योग का अधिपति कुबेर है। इस दृष्टिकोण से धान्य संपदा, पशु संपदा और परिश्रम का विशिष्ट लाभ दिखाई देगा। इसका यह अर्थ है की संक्रांति के 30 दिन पर्यंत विशेष परिश्रम के माध्यम से शासन में परिवर्तन दिखाई देंगे। कई प्रकार की योजनाएं धरातल पर आने की संभावना है, जो अलग-अलग प्रकार के क्षेत्र में दिखाई देगी जिसका लाभ जनता को प्राप्त होगा।

### संक्रांति की बैठी हुई अवस्था

संक्रांति की अलग-अलग प्रकार की अवस्थाएं होती यदि खड़ी होती तो उसका फल अलग होता है। बैठी हुई होती है तो उसका फल अलग होता है। इस बार संक्रांति की अवस्था बैठी हुई है। यह किसी विशेष कार्य को भी दर्शा रही है। वहीं पर राष्ट्रों में समान स्थिति को समान रूप से संतुलित करने की आवश्यकता प्रशासन तथा राजनेताओं की रहेगी।

### वाहन अश्व उप वाहन सिंह

वाहन अश्व होने से गति बढ़ेगी उप वाहन सिंह होने से प्रभाव पड़ेगा। इन दोनों की गणित की गणना से देखें तो गति के साथ प्रभाव संपूर्ण विश्व में भारतीय राष्ट्रीय विचारधारा का दिखाई देगा आध्यात्मिक दृष्टिकोण से तेजी से परिवर्तन नई जनरेशन के मध्य दिखाई देंगे। यह एक अच्छी स्थिति है, जिसका लाभ आने वाले समय में दिखाई देगा।

### तीर्थ पर दान करने का महत्व

मकर संक्रांति के पर्व काल पर सामान्यतः चावल हरी मूंग की दाल की खिचड़ी का दान, पात्र का दान, वस्त्रों का दान, भोजन का दान आदि वस्तुओं का दान अलग-अलग प्रकार से करने की परंपरा भी है। मान्यता भी है विशेष तौर पर तांबे के कलश में काले तिल भरकर ऊपर सोने का दाना रखकर दान करने से पितरों की कृपा भी प्राप्त होती है। रोग दोष निवृत्ति होते है। बाधा समाप्त होती है।



## गोदामों में रखी धान के लिये गये सेम्पल

**अनियमितता पाये जाने पर गोदाम संचालकों के विरूद्ध होगी कार्यवाही**

**जबलपुर।**

खाद्य एवं नागरिग आपूर्ति विभाग द्वारा भोपाल से भेजे गये अधिकारियों एवं सर्वेयरों की टीम ने आज शहपुरा स्थित उन दो गोदामों के भीतर रखी धान के सेम्पल लिये जहां खरीदी केन्द्र नहीं बनाये जाने के बावजूद बड़ी मात्रा में धान का भण्डारण पाया गया है।

प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीएस जादौन ने बताया कि भोपाल से आये आधिकारियों और सर्वेयर की टीम ने मंगलवार को कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर शहपुरा तहसील के अंतर्गत खमदेही स्थित प्रमोद कुर्मी वेयर हाऊस एवं बलराज वेयर हाउस के भीतर स्टेकिंग कर रखे गये धान के सेम्पल लिये हैं। उन्होंने बताया कि प्रमोद कुर्मी वेयर हाउस में 76 हजार बोरियों में भरी धान का स्टेक लगाया गया है। इसी प्रकार बलराम वेयर हाउस में 48 हजार बोरियों में धान की स्टेकिंग की गई है। श्री जादौन के मुताबिक सेम्पल लेने के दौरान दोनों वेयर हाउस में कई बोरियों में रखी धान मिक्स पाई गई है, जबकि कई में नॉन एफ.ए.क्यू धान रखा पाया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वेयरों द्वारा लिये धान के नमूने परीक्षण रिपोर्ट में यदि अमानक धान पाई जाती है अथवा कोई गंभीर अनियमितता पाई जाती है तो वेयर हाउस संचालकों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उनके विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री जादौन ने बताया कि दोनों वेयर हाउस में रखी धान की सेम्पलिंग के दौरान वे स्वयं तथा एसडीएम शहपुरा अभिषेक सिंह, वेयर हाउसिंग कोर्पोरेशन के भोपाल से आये अधिकारी संजीव तोमर, जिला विपणन अधिकारी अर्पित तिवारी एवं भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी भी मौजूद थे।

## रिश्वत लेने के आरोपी राजस्व निरीक्षक को 4 हजार के जुर्माने के साथ 4 वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश लोकायुक्त अमजद अली खान की अदालत ने रिश्वत लेने के आरोपी तत्कालीन राजस्व निरीक्षक तहसील जबलपुर अरविंद पाण्डे को 4 वर्ष का कारावास और 4 हजार के जुर्माने की सजा से दण्डित किया गया। लोकायुक्त के विशेष लोक अभियोजक प्रशांत शुक्ला ने बताया कि दीपक पटेल ने 12 जुलाई 2018 को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर के समक्ष उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था। शिकायत में बताया गया कि दीपक ने तहसील कार्यालय जबलपुर में अपनी रांझी मानेगांव स्थित जमीन के डायवर्सन के लिए आवेदन दिया था। इस कार्य के लिए जब वह आरआई अरविंद पाण्डे से मिला तो उनके द्वारा डायवर्सन के लिए उससे 8 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। साढ़े सात हजार रुपये रिश्वत में देना तय हुआ। आरोपी ने दो हजार रुपये उसी समय ले लिए। एसपी ने एक टीम गठित कर आरोपी को तहसील कार्यालय में 55 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। जांच के बाद लोकायुक्त कोर्ट में चालान पेश किया गया।

## वाहन चोर, मोबाइल लुटेरे पुलिस के हाथ लगे

**आरोपियों में 2 नाबालिग शामिल, 10 वाहन, 8 मोबाईल जब्त**



**जबलपुर। गोरखपुर, लाईगंज एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दो नाबालिग सहित दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के 10 वाहन जब्त किए गए है। वहीं इनके पास से चोरी के 8 मोबाइल भी जब्त किए गए हैं।**

पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने कंट्रोलरुम में पत्रकारों को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरसाना मोहल्ला गुलाटी पेट्रोल पंप निवासी 21 वर्षीय साहिल नाहर और एक 14 वर्षीय और एक 17 वर्षीय नाबालिग को गिरफ्तार किया। इसी तरह लार्डगंज पुलिस ने रानीताल गेट नंबर 1 निवासी 28 वर्षीय शिवम शर्मा और माढ़ोतल निवासी रिंकू विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनके द्वारा त्रिपुरी चौक मेडीकल कॉलेज, विजय नगर कोतवाली, क्षेत्र में वाहन चोरी करना स्वीकार किया। इनकी निशानदेही पर 10 दो पहिया वाहन, जिनमें एक्टिवा, एक्सिस, सुजुकी, बाईकें शामिल हैं साथ ही 6 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 41 (1,4) एवं धारा 389 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और वाहन मालिकों की तलाश की जा रही है।

### भेडाघाट पुलिस ने पकड़े मोबाईल लुटेरे

इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदात करने वालें तीन आरोपियों को पकड़कर लूट के 6 मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस ने मामलें की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक इंद्रा कालोनी गढ़ा निवासी राज सोनी, एक 14 वर्षीय नाबालिग ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था और लूट के मोबाइल रतन नगर गढ़ा निवासी दीपक सेन को बेचे थे। पुलिस ने तीनों को आरोपी बनाया और आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक एक्टिवा वाहन भी जब्त किया है। आरोपियों ने लम्हेटा घाट, चौकीताल के आसपास वारदात की थी। आरोपियो के कब्जे से लूट के 1 सैमसंग, 2 वीवो, 1 इंटैक्स, 1 पोको, 1 रेडमी कम्पनी का मोबाइल जब्त हुआ। इस मामलें में 7 जनवरी को भेड़ाघाट पुलिस ने लूट का मामला दर्ज किया था।

**पेट्रोल पंपों में ईंधन भराने लगी वाहनों की भीड़**

## ड्रायवरों की हड़ताल की खबर से फिर मचा हड़कंप

**जबलपुर।**

हिट एंड रन कानून के खिलाफ एक बार फिर ड्रायवरों की हड़ताल की सुगबुगाहट के बीच पेट्रोलपंपों में जमकर भीड़ लग गई। कहा जा रहा है कि ड्रायवर एक बार फिर हड़ताल पर जाने वालें है पर यह हड़ताल 12 बजे रात से शुरु होगी। यह हल्ला मचने पर पेट्रोल पंपों में वाहनों की कतारें लग गई। डीजल पेट्रोल भराने के लिए लोग उतावले हो गए। वहीं दूसरी ओर खबर यह भी है कि पेट्रोल डीजल के दाम कम करने का संकेत भी मिले है। स्टॉक को राशनिंग कराने के लिए हड़ताल का हल्ला मचाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि पेट्रोल डीजल के ऐसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें हिट एंड रन के कानून पर मंथन किया गया। पेट्रोल पंप संचालकों को ड्रायवर फिर से हड़ताल पर जा सकते है इसलिए ऑयल कंपनियों ने पेट्रोलपंप संचालकों को स्टॉक रखने के निर्देश दिए। जिसके चलते डीजल पेट्रोल को लेकर हाहाकार शुरु हो रही है। कोई पेट्रोल भरवाने घंटों कतार में खड़ा था तो कोई पेट्रोल को वाहन में भरकर घर में डिब्बे में पलटाकर फिर लाईन में लग गया। इधर दूसरी ओर उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मुख्य सचिव और कलेक्टर को हाईकोर्ट में लंबित जनहित याचिका का हवाला देकर कहा है कि सरकार हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग दे चुकी है यदि जनता को परेशानी हुई तो याचिकाकर्ता पुनः हाईकोर्ट में जाने पर मजबूर होगे। सूत्रों की मानें तो पेट्रोल डीजल के अधिकारियों ने निर्देश दिये है कि पंपों में स्टॉक फुल रखे, यदि हड़ताल होती है तो किसी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लिहाजा हड़ताल की आशंका को देखते हुए सोमवार की सुबह 7 बजे से डिपो खुल गए थे और मंगलवार को सभी पेट्रोल पंपों में तीन से चार दिन का स्टॉक फुल कर दिया। यदि हड़ताल होती है तो दो तीन दिन तक परेशानी की स्थिति नहीं बनेगी। जबलपुर के शहपुरा भिटोनी में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रालियम, हिन्दुस्तान पेट्रोलिय सहित इंडियन ऑयल कारपोरेशन के डिपो स्थापित है जहां से जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, शहडोल समेत 15 जिलो में टेंकरों से डीजल पेट्रोल की आपूर्ति की जाती है ।



फाइल फोटो

### उपभोक्ता मंच ने सीएस और कलेक्टर को नोटिस भेजा

वाहन चालकों के हड़ताल की फैली खबर से सभी ओर हड़कंप मचा है। पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगी है। यह बताते हुए याचिकाकर्ता डा. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने ईमेल से प्रदेश के मुख्य सचिव तथा कलेक्टर को नोटिस भेज कहा है कि पूर्व में उन्होंने मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जिस पर 2 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने निर्देश जारी किए थे कि शासन तत्काल कार्रवाई कर आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई सुनिश्चित करें। इसके बाद हाईकोर्ट मे महाधिवक्ता ने स्वयं हाईकोर्ट में उपस्थित होकर अंडरटेकिंग दी थी कि सरकार जल्द ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चत करेगी और हड़ताल को समाप्त करायेगी। यह याचिका अभी हाईकोर्ट में लंबित है। अब यदि जनता की तकलीफ तत्काल दूरी नहीं होगी तो याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट में मजबूरन पुनः जाना पड़ेगा।



## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 111 आवेदन की सुनवाई की

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 111 आवेदन-पत्रों की सुनवाई की। उन्होनें जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। अब विभागीय अधिकारियों को उक्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराना होगा। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, शेरसिहं मीणा, श्री नाथूराम गौंड सहित विभागीय अधिकारियों ने आवेदन पत्रों का निराकरण किया। जनसुनवाई में आर्थिक सहायता, जमीनी विवाद, लड़ाई-झगड़ा, अभिलेख सुधार, बीपीएल कार्ड बनाने, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत की समस्या, वृध्दावस्था पेंशन, छात्रवृत्ती, राशन, सड़क बनवाने, लाड़ली बहना योजना अंतर्गत गैस सिलेंडर आदि संबंधित प्रकरण मुख्य रूप से थे।

## नगर पालिका, ग्राम पंचायतों में उप चुनाव की मतगणना

# वार्ड नंबर 6 से भाजपा की ज्योति पार्षद तो झांसी से भावना एवं पंडरिया कला से आरती सरपंच बनी

**सिहोरा।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 6 एंव जनपद पंचायत की ग्रांम पंचायत झांसी एंव पंडरिया कला में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 8 बजे से रिटर्निंगअधिकारी आईएएस एसडीएम अर्चना कुमारी की उपस्थिति में तहसील कार्यालय में मतगणना प्रारंभ हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद पद के उपचुनाव में भाजपा ने वार्ड नम्बर 6 में फिर से कमल खिलाते हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नम्बर 6 से भाजपा प्रत्याशी ज्योति सुनील चक्रवर्ती ने कांग्रेस प्रत्याशी रोशन अंजुम सरदार खान को 541 वोटों से हराकर जीत हासिल कर वार्ड पर पुनः भाजपा का कब्जा बरकरार रखा। भाजपा प्रत्याशी की जीत के बाद पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जमकर जीत का जश्न मनाया।

भारतीय जनता पार्टी से पार्षद पर की प्रत्याशी ज्योति सुनील चक्रवर्ती को 697 मत मिले वहीं कांग्रेस की रोशन अंजुम सरदार खान को 156 आम आदमी पार्टी की निशा सचिन गुप्ता को 141 वोट मिले। इस तरह भाजपा प्रत्याशी ज्योति सुनील चक्रवर्ती ने कांग्रेस प्रत्याशी को 541 मतों से पराजित कर दिया।





### ग्राम पंचायत झांसी में भावना उपाध्याय,पड़रिया कला में आरती पटेल ने हासिल की जीत

*जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत झांसी में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव में वोटो की गिनती मंगलवार को तहसील कार्यालय में हुई सरपंच पद की प्रत्याशी भावना प्रिंस उपाध्याय को 642 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अशोक कोल को 178 मत ही हांसिल कर सके। भावना उपाध्याय 464 मतों से सरपंच निर्वाचित हुई। ग्राम पंचायत पड़रिया कला में आरती बाई पटेल को 603 और प्रीति पटेल को 587 वोट हासिल हुए। आरती पटेल 16 वोटो से विजय घोषित होते हुए सरपंच निर्वाचित हुई। सभी प्रत्याशियों ने जीत के बाद प्रमाण पत्र हांसिल किए तथा विजय जूलूस निकाला।*



# श्रीविष्णु वराह कपः नागपुर ने चंडीगढ़ को 22 रन से हराया

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप 2024 में आज पांचवां लीग मुकाबला वीटीसीए नागपुर और चंडीगढ़ के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नागपुर की टीम ने 20 ओवर में 187 रन 8 विकेट खोकर बनाए। जिसमें संगीत सोनी 47 रन,आलोक साहू 31 रन,अक्षय कुमार 35 रन, वंदित जोशी 23 रन और अन्य सभी बल्लेबाजों ने छोटी-छोटी परियों का सहयोग किया। वही चंडीगढ़ की ओर से प्रिंस ने चार विकेट, प्रभाकर और नमन ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की टीम ने भी तेज शुरुआत की परंतु अंत के ओवर में लड़खड़ा गई और 17.5 ओवर में 165 के योग पर ऑल आउट हो गई। चंडीगढ़ की ओर से सर्वाधिक प्रिंस 47 रन, नमन 23 रन, ऋषभ 26 रन, हिमांशु 18 रन बनाए। वहीं नागपुर की ओर से अंबर ने चार विकेट कप्तान अदम कोहली सहित मीनार और वैभव ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस प्रकार नागपुर की टीम ने 22 रनों की जीत हासिल की। नागपुर के अंबर को उनकी घातक गेंदबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंघोरा लुहारी के सरपंच राहुल यादव, राम राजन राजपूत, नगर परिषद उपाध्यक्ष गामा सोनकर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र चौरसिया, पार्षद सुरेश ठाकुर महेंद्र कोस्टा उपस्थित हुए। छटवां लीग मुकाबला नेशनल क्लब मझौली की टीम और पुणे की टीम के मध्य खेला जाएगा।

# बैठक से लौटते वक्त अभाविप के पदाधिकारी पर हमला

## 24 घंटे के अंदर आरोपी नहीं पकड़े जाते तो थाने का होगा घेराव

सिहोरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो की राष्ट्र हित को लेकर सदैव कार्यरत रहता है विगत 3 जनवरी को विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत की एक बैठक जबलपुर में आयोजित हुई थी बैठक के बाद विद्यार्थी परिषद के स्थानीय छात्र पदाधिकारी कोटा ट्रेन से जबलपुर से सिहोरा वापिस आ रहे थे तभी ट्रेन में कुछ असामाजिक तत्व चढ़े और छात्राओं के साथ जबरजस्ती अनावश्यक वार्तालाप करने लगे इसका विरोध किया गया तो सिहोरा स्टेशन उतरने पर स्टेशन के बाहर उन्ही असामाजिक तत्वों द्वारा अभाविप सिहोरा जिला संयोजक एवं परिषद के अन्य पदाधिकारियों के ऊपर आत्मघाती हमला किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं को गम्भीर चोटें आईं इसकी एफआईआर जिला संयोजक एवं अन्य सभी पीड़ति कार्यकर्ताओं के द्वारा खितौला थाना में लिखित कराई गई है किंतु फिर भी आरोपी 3 जनवरी से अभी तक बेखौफ घूम रहे है जो कहीं न कहीं खितौला पुलिस के कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। अभाविप यह मांग करता है यदि उन हमलावरों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो अभाविप सिहोरा उग्र आंदोलन करते हुए खितौला थाने का घेराव करेगी जिसकी संपूर्ण जवावदेही शासन प्रशासन की होगी। नगर कार्यकारिणी ने खितौला थाने में एक ज्ञापन भी दिया।

## *कैलेंडर का हुआ विमोचन*

**मझौली।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन माननीय अजय बिश्नोई विधायक पाटन मझौली एवं सामान्य शिव पटेल भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ सम्मानित दिनेश चौरसिया सामान्य राजेंद्र चौरसिया विधायक प्रतिनिधि के साथ-साथ जनपद पंचायत के अध्यक्ष विद्या चौरसिया, राजेश सिंह ठाकुर जिला पंचायत सदस्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## *गाली गलौज, मारपीट में युवक घायल*

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत ग्राम बरपटा में चार बदमाशों ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। युवक की आवाज सुनकर दो युवकों ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरपटा निवासी 22 वर्षीय दीपक सिंह लोधी मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे अपनी बाईक से जबलपुर काम करने जा रहा था, तभी ग्राम बरपटा स्थित प्रवेश की किराना दुकान मेन रोड के पास रुका, तभी गांव के खेलन सिंह लोधी, कन्नू सिंह लोधी, मिल्लू सिंह लोधी और रम्मा लोधी उसके पास आए और गालीगलौज व मारपीट कर उस पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया।

## पाटन अस्पताल के सामने शव रखकर प्रदर्शन

# नसबंदी ऑपरेशन के बाद पूर्व पार्षद की मौत से भड़का आक्रोश

**जबलपुर।** पाटन सामुदायिक केंद्र में नसबंदी का आपरेशन कराने के बाद भाजपा की पूर्व पार्षद की तबीयत बिगड़ने और उपचार के दौरान मौत हो जाने पर परिजन भड़क उठे। अस्पताल के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया गया। बताया गया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य पाटन में भाजपा की पूर्व पार्षद पिंकी ने नसबंदी का आपरेशन कराया था। आपरेशन के दौरान पिंकी की तबियत बिगड़ गई। जिसे डाक्टरों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर पिंकी की उपचार के दौरान मौत हो गई. पिंकी की मौत की खबर से परिजन, रिश्तेदार आक्रोशित हो गए।

जिन्होने मंगलवार को स्वास्थ्य केन्द्र के सामने शव रखकर प्रदर्शन शुरु कर दिया. प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इधर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर संजय मिश्रा का कहना है कि



महिला की मौत संभवतः दिल का दौरा पड़ने से हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पिंकी भाजपा की पूर्व पार्षद भी रह चुकी है।परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिंकी को पाटन स्वास्थ्य केन्द्र में आपरेशन के लिए लाया गया. जहां पर सुबह से भूखी बैठी रही, कोई जांच नहीं की गई। शाम को आपरेशन किया गया। जैसे ही पिंकी को टांके लगाए गए तो वह चीख पड़ी. पिंकी की आवाज सुनकर परिजनों ने अंदर जाने के लिए कहा लेकिन उन्हे मना कर दिया. पिंकी की हालत बिगड़ने पर परिजनों को कुछ बताए बिना ही उसे मेडिकल अस्पताल पहुंचा दिया। जहां पर पिंकी की उपचार के दौरान मौत हो गई।

मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में पिंकी का शव पाटन लाया, जिसे देख परिजनों सहित अन्य रिश्तेदार व क्षेत्रीयजन आक्रोशित हो गए, जिन्होने शव को पाटन स्वास्थ्य केन्द्र के सामने रखकर प्रदर्शन शुरु कर दिए। परिजनों ने ये आरोप लगाए कि पिंकी चढ़ार की मौत डाक्टरों की लापरवाही से हुई है।गौरतलब है पाटन स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को आयोजित शिविर में पिंकी सहित 28 महिलाओं का आपरेशन किया गया था। पिंकी वार्ड क्रमांक दस से भाजपा की पार्षद रह चुकी है। उनका चार साल की बेटी व दो साल का एक बेटा है। प्रदर्शन की खबर मिलते ही जिला व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पहुंच गए थे, जिन्होने जांच का आश्वासन दिया, इसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया है. धरना प्रदर्शन के बाद जबलपुर-दमोह मार्ग कुछ देर के लिए बंद हो गया था, दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही।

# उपचुनावः प्रीति माझी सरपंच पद पर विजय

**मझौली।** जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत हटौली में हुए सरपंच हेतु उपचुनाव में श्रीमती प्रीति माझी पति बबलू माझी ग्राम हटौली निवासी ने 208 वोटों से जीत दर्ज की। सरपंच पद हेतु किए गए चुनाव में सुबह 10 बजे तहसील कार्यालय में मतगणना हुई जिसमें श्रीमती प्रीति माझी ने सरपंच पद हेतु विजय हासिल की जिसका प्रमाण पत्र अधिकारियों द्वारा दिया गया इसके बाद विजय प्रत्याशी कार्यालय से विजय जुलूस



लेकर भगवान श्री विष्णुबाराह मंदिर एवं अपनी पंचायत पहुंचे जहां पर उनका सभी ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया।

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत छोटी मदार टेकरी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटी मदार टेकरी निवासी 22 वर्षीय नौशाद अहमद गत रात लगभग 1 बजे घर में सोया था। मंगलवार की सुबह 6 बजे उसका बड़ा भाई इस्तियाक अहमद उठा तो देखा कि नौशाद अहमद ने जीना के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. विष्णु प्रसाद मोर का निधन



**सिहोरा।** सिहोरा के वार्ड क्रमांक 5 निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ.विष्णु प्रसाद मोर (94) का मंगलवार को निधन हो गया। वे भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजा मोर एवं राधे मोर के पिता थे। बुधवार को गहोई मुक्तिधाम बाबाशाला में दोफहर 12 बजे राजकीय सम्मान गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार आज**

# पुलिस युवक को कहा ले गई, हफ्ते भर से भटक रही माँ

**जबलपुर।** मदनमहल की पुलिस मेहता पेट्रोलपंप के पास रहने वालें एक युवक को गत 31 दिसंबर 2023 को पुलिस कर्मचारी एवं उसका साथी पूछताछ का कहकर उठा कर ले गई। घबराए हुए परिजनों ने जब थाने पहुंचकर पतासाजी की तो उनके पुत्र का पता नहीं चला। बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मदद की गुहार लगाई है। अपनी शिकायत में 60 वर्षीय चंदा बाई पति स्व. महेश पटेल निवासी मेहता पेट्रोल पम्प के सामने नें बताया कि वह अपने पुत्र राकेश पटेल उर्फ रक्कू के साथ रोड किनारे हरी सब्जी की



दुकान लगाकर अपना तथा परिवार का भरण पोषण करती है। महिला के मुताबिक विगत 31 दिसंबर 2023 को सुबह लगभग 11 बजे मदन महल थाने के कर्मचारी आकाश कुशवाहा एवं खिलेश्वर पारधी उसके घर के सामने स्थित दुकान पर आएं और पुत्र राकेश पटेल को ले जाने लगे।

उन्होंने पूछा तो पुलिस कर्मचारी नें बताया की मदन महल थाना प्रभारी ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया है। देर रात को जब उनका पुत्र वापस नहीं आया तो उन्होंने थाने जाकर पतासाजी की। लेकिन वहां पर भी परिजनों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैं शिकायत देकर बताया है कि आज दिनांक तक उनके पुत्र का कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई है।

## 15 आरोपियों से 14 हजार जब्त

# जुआडी, सटोरियों की धरपकड़

**जबलपुर।** संजीवनी, चरगवां, गौरीघाट, सिविल लाईन और गोहलपुर पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे जुए के फड़ों पर छापा मारकर 12 जुआड़ियो और सट्टा पट्टी लिख रहे 3 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 हजार 610 रुपए जब्त किए है। संजीवनी नगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोशी मोहल्ला पुरवा निवासी प्रमोद पटेल अपने घर के सामने जुआ मन्ना खिला रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रमोद पटेल, ब्राम्हण मोहल्ला पुरवा निवासी संजय अवस्थी, गंगानगर थाना संजीवनीनगर निवासी अभय जैन, सिद्धनगर थाना गढ़ा निवासी योगेश तिवारी, छोटा जैन मंदिर पुरवा गढ़ा निवासी राकेश कुमार जैन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं 10 हजार 680 रूपये जब्त किए है।

इसी प्रकार चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुलौन दलसा पिपरिया रोड पर पंचायत भवन के सामने जुआ मन्ना खेल रहे ग्राम कुलौन निवासी राजेश पटैल, इंद्रजीत पटैल, संदीप पटैल, सोनू यादव, विजय पटैल, हेमराज पटैल और विकास राजपूत को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते और नगदी 1 हजार 640 रुपए जब्त किए है।

पुलिस ने सभी जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह गौरीघाट पुलिस ने बताया कि नावघाट में सट्टा पट्टी लिख रहे रानीताल गेट नंबर 1 थाना लार्डगंज निवासी 26 वर्षीय शिवम अग्रवाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 सट्टा पट्टी और नगदी 1 हजार 500 रुपए जब्त किए है।

इसी प्रकार सिविल लाईन पुलिस ने नवयुग कालेज के पास दबिश देते हुये अमित कुमार एवं थाना गोहलपुर पुलिस ने राजुल ड्रीम सिटी में दबिश देते हुये विशाल चौधरी को सट्टा पट्टी लिखते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनो सटोरिये के कब्जे से नगद 790 रूपये जब्त किए है।

पुलिस ने सभी सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

**श्री अर्जुन सुगोमल-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री अर्जुन सुगोमल (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई राजूपत-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री बंशी लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई राजपूत (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अरूण कुमार वर्मा-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अरूण कुमार वर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उत्तमचंद भेदा-** भारत कॉलोनी एलआईसी के पास मदनमहल निवासी श्री उत्तमचंद भेदा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया

**श्री धर्मेंद्र सक्सेना-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री भगवान दास सक्सेना के पुत्र श्री धर्मेंद्र सक्सेना (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुषमा कुशवाहा-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री उमेश कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा कुशवाहा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता सुडेले-** धोबीघाट वाटर वक्र्स रोड निवासी श्री शिव नारायण सुडेले की धर्मपत्नी श्रीमती गीता सुडेले (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नंद किशोर ग्वालवंश-** भगवान दत्त शर्मा स्कूल के पास शीतलामाई कांचघर रोड निवासी श्री नंद किशोर ग्वालवंश (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवती प्रसाद-** नौदरा ब्रिज देशबंधू काम्लेक्स के सामने निवासी श्री भगवती प्रसाद (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीदास-** सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री तुलसीदास (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देवेंद्र पटेल-** सिद्धनाथ रामपुर निवासी श्री विश्राम पटेल के पुत्र श्री देवेंद्र पटेल (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमा शंकर उपाध्याय-** कटरा अधारताल निवासी श्री उमा शंकर उपाध्याय (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हर्षद बेन-** जोगनी नगर रामपुर निवासी श्री संत कुमार बेन के पुत्र श्री हर्षद बेन (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अम्बिका प्रसाद यादव-** नर्मदा नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री अम्बिका प्रसाद यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार बंसोड़े-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री सुरेश कुमार बंसोड़े (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत रामलीला मैदान के पीछे नाले के किनारे अवैध रुप से कच्ची शराब बेचने की फिराक में खड़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। बेलबाग थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुम्हरे ने बताया कि गत शाम रामलीला मैदान के पीछे नाले के किनारे कच्ची शराब बेचने की फिराक में खड़े तेल मिल के पास कुचबंधिया मोहल्ला घमापुर निवासी 23 वर्षीय नवीन गौरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 डिब्बों में रखी 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप




### टाटा स्टारबक्स वर्ष 2028 तक 1000 स्टोर खोलेगी

**मुंबई।** पेय पदार्थ से जुड़ी कंपनी टाटा स्टारबक्स की 2028 तक 1,000 स्टोर खोलने की योजना है। उसके अभी 390 स्टोर हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, कंपनी की हर तीन दिन में एक नया स्टोर खोलने और दूसरी (टियर-2) और तीसरी (टियर-3) श्रेणी के शहरों में उतरने की योजना है। कंपनी टाटा समूह और वैश्विक कॉफी श्रृंखला स्टारबक्स के बीच एक संयुक्त उद्यम है। दोनों की इसमें समान हिस्सेदारी है।

### भारत फोर्ज करेगी 1000 करोड़ रुपए का निवेश




**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी भारत फोर्ज ने तमिलनाडु सरकार के साथ राज्य में पांच साल में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी का इरादा राज्य में अपनी विनिर्माण पहुंच का विस्तार करने का है। कंपनी ने तमिलनाडु वैश्विक निवेशक बैठक-2024 के तहत राज्य सरकार की नोडल एजेंसी 'गाइडेंस' के साथ एमओयू किया है।

### अदाणी पोर्ट्स ने बांड से जुटाए 500 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने मंगलवार को निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 500 करोड़ रुपये जुटाए। अदाणी समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि उसने दो सूचीबद्ध बांड के लिए कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपये की बोलियां स्वीकार की हैं। इनमें से एक बांड की परिपक्वता अवधि पांच साल जबकि दूसरे की 10 साल है।

### आईनॉक्स विंड को मिला एनएलसी इंडिया से ठेका




**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया से 50 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। आईनॉक्स विंड की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह परियोजना गुजरात के कच्छ जिले में मेगा दयापार साइट से जुड़ी है। बयान में कहा गया, आईनॉक्स विंड लिमिटेड को एनएलसी इंडिया से 50-मेगावाट आईएसटीएस से जुड़ी पवन ऊर्जा परियोजना को निष्पादित करने के लिए एक आशय पत्र मिला है।

### एलएंडटी को हरियाणा में मिला नए एम्स निर्माण का ठेका




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एचं निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो को हरियाणा के रेवाड़ी में नए एम्स भवन के निर्माण के लिए सरकार से एक परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न निजी क्षेत्र के उद्यम एचआईटीईएस से लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) कंस्ट्रक्शन के भवन तथा कारखाना व्यवसाय को यह ठेका मिला है।

# आने वाले दस सालों में भारत को 6.4 करोड़ नए घरों की होगी जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

साल 2023 में भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश का तमगा हासिल कर लिया था। इतनी बड़ी आबादी देश के लिए न सिर्फ एक बड़ी चुनौती है बल्कि यह हमारे लिए बड़ी ताकत भी है। भारत की कुल आबादी जनवरी, 2024 में 142 करोड़ के पार निकल गई है। इतनी बड़ी आबादी के लिए हमें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मुलभूत चीजों को जुटाने में बड़ी मशक्कत करनी होगी। एक अनुमान के अनुसार देश में मकानों की मांग ज्यादा है और आपूर्ति कम बनी हुई है। एक अनुमान के मुताबिक, आने वाले 10 सालों में देश को लगभग 6.4 करोड़ अतिरिक्त घर बनाने पड़ेंगे।





### 2018 तक भारत में लगभग 2.9 करोड़ मकानों की कमी थी

*क्रेडाई और लाइसिस फोरास द्वारा मकानों की स्थिति पर पेश की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते 2036 तक भारत में अतिरिक्त 6.4 करोड़ मकानों की जरूरत पड़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 तक भारत में लगभग 2.9 करोड़ मकानों की कमी थी। इसलिए भारत में 2036 तक कुल घरों की मांग लगभग 9.3 करोड़ हो जाएगी। यह रिपोर्ट क्रेडाई ने वाराणसी में आयोजित न्यू इंडिया समिट में डेटा एनालिटिक कंपनी लाइसिस फोरास के साथ मिलकर पेश की।*

### मझोले और छोटे शहरों में बढ़ने वाली है मांग

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि रियल एस्टेट सेक्टर को छोटे और मझोले शहरों पर अपना फोकस बढ़ा लेना चाहिए। क्रेडाई के अनुमान के मुताबिक, मझोले और छोटे शहर (सेकंड टियर और थर्ड टियर) में रियल एस्टेट की मांग तेजी से बढ़ने वाली है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि तेजी से बढ़ती आबादी और इकोनॉमी के चलते मकानों की मांग एवं आपूर्ति में इजाफा हुआ है। लोगों की मकान खरीदने की क्षमता में भी सुधार आया है। लोग अब बड़े मकान खरीदने के इच्छुक हैं।



### इकोनॉमी को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका

क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ ने बताया कि 2023 रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े सभी पक्षों के लिए उम्मीदों भरा साल रहा। हमें उम्मीद है कि यह मांग 2024 और उसके बाद भी जारी रहेगी। टियर 2 और 3 श्रेणी में आने वाले शहरों में घरों की मांग और निर्माण जोर पकड़ेगा। लाइसिस फोरास के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा कि भारत का रियल एस्टेट सेक्टर एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर है। इसमें निरंतर मांग और आपूर्ति जीडीपी में योगदान दे रही है। यह इकोनॉमी को 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में पूरा सहयोग कर रही है।

## वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन से पहले की मुलाकात

# अर्थव्यवस्था को गति देने पीएम मोदी मिले शीर्ष कंपनियों के अधिकारियों से

एजेंसी ▸▸| गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुनिया की प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से पहले अर्थव्यवस्था को गति देने तथा रोजगार सृजित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के इरादे से हुई है। दस जनवरी को शुरू हो रहे 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने सुजुकी मोटर कॉर्प, माइक्रोन टेक्नोलॉजी और एपी मोलर के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और उद्योग से जुड़े मुद्दों तथा निवेश अवसरों पर चर्चा की।

### पीएम ने मारुति की योजनाओं पर की चर्चा

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''मोदी और सुजुकी मोटर कॉर्प के प्रतिनिधि निदेशक और अध्यक्ष तोशिहीरो सुजुकी ने भारत में विनिर्मित वाहनों का निर्यात करके देश को वैश्विक वाहन बाजार में एक मजबूत इकाई बनाने की मारुति सुजुकी की योजनाओं पर चर्चा की।



### मारुति गुजरात में लगाएगी दूसरा संयंत्र

*साथ ही दोनों ने वाहनों को कबाड़ में बदलने और वाहन पुनर्चक्रण से संबंधित वैश्विक स्तर की बेहतर गतिविधियों को लागू करने को लेकर भी बातचीत की।'' मारुति सुजुकी गुजरात में कार बनाने का दूसरा कारखाना लगाने पर विचार कर रही है। यह कंपनी का देश में पांचवा कारखाना होगा।*

### माइक्रोन के सीईओ से की मुलाकात

प्रधानमंत्री कार्यालय ने लिखा है, ''माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से गांधीनगर में मुलाकात की। उन्होंने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण परिवेश को बढ़ाने के लिए माइक्रोन के प्रयासों पर चर्चा की।''

### अमेरिकी कंपनी ने चिप संयंत्र का काम शुरू किया

*अमेरिकी चिप बनाने वाली प्रमुख कंपनी माइक्रोन ने अहमदाबाद से लगभग 40 किलोमीटर दूर साणंद में 2.75 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर कारखाने का निर्माण शुरू कर दिया है। कारखाने के इस साल दिसंबर तक तैयार होने की उम्मीद है।*

### पीएम डीपीवर्ल्ड के सीईओ सुलायेम से मिले

*प्रधानमंत्री ने डीपी वर्ल्ड के समूह चेयरमैन और सीईओ अहमद बिन सुलायेम से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत में निवेश को आगे बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड की योजनाओं पर चर्चा की। विशेष रूप से टिकाऊ, हरित और ऊर्जा दक्ष बंदरगाहों और विश्वस्तरीय पर्यावरण अनुकूल लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे के निर्माण से संबंधित मामलों पर चर्चा हुई।*

### मोलर के सीईओ स्वेंडसेन से मलाकात

*दुबई की लॉजिस्टिक कंपनी वर्तमान में भारत में पांच कंटेनर टर्मिनल का परिचालन करती है। इसमें से दो मुंबई में, एक-एक मुंद्रा, कोचीन और चेन्नई में हैं। इनकी कुल क्षमता लगभग 60 लाख टीईयू है। मोदी ने एपी मोलर के सीईओ कीथ स्वेंडसेन से भी मुलाकात की।*

### सम्मेलन 10-12 जनवरी तक

*'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन का आयोजन 10-12 जनवरी को होगा। इसमें 133 देशों के 1,00,000 प्रतिनिधियों के आने की उम्मीद है। इनमें कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उद्योगपति, मंत्री और राजनयिक शामिल हैं।*

# सरकारों, विश्व बैंक के पास 'खजाना' नहीं : बंगा

## समस्याओं से निपटने को निजी क्षेत्र का साथ जरूरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियों से निपटने के लिए निजी क्षेत्र के निवेश पर अड़चनों को हटाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसका कारण यह है कि न तो सरकारों के पास और नहीं बहुपक्षीय संस्थानों के पास धन का खजाना है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की अगले सप्ताह शुरू हो रही सालाना बैठक से पहले डब्ल्यूईएफ के संस्थापक और कार्यकारी चेयरमैन क्लॉस श्वाब के साथ बातचीत (पोडकास्ट) में बंगा ने कहा कि दुनिया के समक्ष तात्कालिक चुनौतियां गाजा और यूक्रेन में संघर्ष है। साथ ही कई उभरते बाजारों में कर्ज की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। मास्टरकार्ड के पूर्व प्रमुख ने कहा कि दीर्घकाल में प्रमुख चुनौतियां गरीबी और असमानता के साथ-साथ पर्यावरण को लेकर भी है। विश्व आर्थिक मंच के न्यासी बोर्ड के सदस्य की भी भूमिका निभा रहे बंगा 15 जनवरी से शुरू होने वाले पांच दिवसीय डब्ल्यूईएफ दावोस शिखर सम्मेलन में प्रमुख वैश्विक नेताओं में से एक होंगे। यह पूछे जाने पर कि असमानता और गरीबी की समस्याओं का समाधान क्या हो सकता है, उन्होंने कहा, '...समस्याओं का हल करने का सबसे अच्छा तरीका चीजों तक बेहतर पहुंच के साथ नौकरी भी है।


■ निजी क्षेत्र के निवेश पर अड़चनों को हटाना जरूरी होगा

### आज गूगल ने बदल दी है चीजें

*बंगा ने कहा, ''मुझे लगता है कि यदि आप अतीत में जाएं तो पाते हैं कि आप कुछ अलग सीखना चाहते थे, तो आपको एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका खरीदनी पड़ती थी। वह महंगी थी। और फिर गूगल आता है और सब कुछ अचानक से सबकी पहुंच में आ जाता है और चीजें सभी के लिए उपलब्ध होती हैं।''*

# भारत टेक्स एक्सपो में भाग लेंगे 3,500 से अधिक प्रदर्शक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




देश में 26-29 फरवरी के दौरान आयोजित होने वाला एक वैश्विक कपड़ा एक्सपो- 'भारत टेक्स 2024' में 3,500 से अधिक प्रदर्शकों और 3,000 से अधिक विदेशी खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कपड़ा मंत्रालय में सचिव रचना शाह ने कहा कि एक्सपो में सरकार और उद्योग प्रतिनिधियों सहित कपड़ा मूल्य श्रृंखला के अंशधारकों के एक साथ आने की उम्मीद है।यह आयोजन भारत को खुद को वैश्विक सोर्सिंग और निवेश गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। शाह ने कहा, 'हमें भारत टेक्स एक्सपो में देश और विदेश से 3,500 से अधिक प्रदर्शकों, 3,000 से अधिक विदेशी खरीदारों और 40,000 व्यापारिक आगंतुकों के साथ-साथ नीति निर्माताओं, भारत और विदेश के सरकारी प्रतिनिधियों, उद्योग और खरीदारों की भागीदारी की उम्मीद है।'

■ देश में 26 से 29 फरवरी तक होगा आयोजन

### सिफारिशों को दिया गया अंतिम रूप

कपड़ा सचिव ने कहा कि इंडियासाइज पहल के निष्कर्षों और सिफारिशों को अंतिम रूप दे दिया गया है और इसे जल्द ही औपचारिक रूप से पेश किया जाना चाहिए, जो भारतीय उद्योग के लिए भारतीय शरीर के प्रकार के अनुरूप मानक आकार बनाने पर काम करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# जी ने सोनी के साथ विलय सौदा पर जताई प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली।** ज़ी एंटरटेनमेंट ने सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ विलय के लिए मंगलवार को प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वह लेनदेन के 'सफलतापूर्वक समापन' की दिशा में काम कर रही है। इस विलय सौदे के सफल होने पर 10 अरब डॉलर कारोबार वाला देश का सबसे बड़ी मीडिया समूह खड़ा होगा। अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (सीएमईपीएल) के नाम से जानी जाने वाली सोनी पिक्चर्स के साथ विलय सौदे को पूरा करने की विस्तारित समयसीमा 21 जनवरी को पूरी होने वाली है। इस सौदे पर दिसंबर, 2021 में हस्ताक्षर किए गए थे। ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा, ''हम दोहराना चाहते हैं कि कंपनी सोनी के साथ विलय के लिए प्रतिबद्ध है और इसे सफलतापूर्वक पूरा करने की दिशा में काम कर रही है।



### सोनी गोयनका को नेतृत्व देने सहज नहीं

हालांकि, बाजार नियामक सेबी के आदेश पर प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण ने रोक लगा दी है लेकिन सोनी जापान में अपनाई जाने वाली कठोर कॉरपोरेट प्रशासन नीतियों के कारण नई इकाई का नेतृत्व गोयनका को देने को लेकर सहज नहीं है।

# कोचिंग संस्थाओं के झूठे विज्ञापन दावों पर रोक लगाने मसौदा तैयार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने मंगलवार को कहा कि वह कोचिंग संस्थानों द्वारा उम्मीदवारों की सफलता दर के संबंध में विज्ञापनों में 'झूठे दावे' करने से रोकने के मकसद से 'क्या करें और क्या न करें' को निर्दिष्ट करने वाले दिशानिर्देशों के मसौदे के साथ तैयार है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के मुख्य आयुक्त और उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बताया कि दिशानिर्देशों के मसौदे को जल्द ही मंजूरी दी जाएगी और इसे जारी किया जाएगा। दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करने वाली समिति के प्रमुख सिंह ने कहा कि मसौदा तैयार करने के लिए कई बैठकें हुईं और



हालिया बैठक आठ जनवरी को हुई। यह कहते हुए कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सीसीपीए के लिए सर्वोपरि चिंता का विषय है, सिंह ने स्पष्टता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों से संबंधित कुछ पहलुओं को संबोधित करने की जरूरत को रेखांकित किया। सीसीपीए ने बयान में कहा, ''समिति ने पाया कि दिशानिर्देश जारी करने की तत्काल आवश्यकता है और आठ जनवरी की बैठक में चर्चा के अनुसार मसौदा जल्द से जल्द जारी किया जाना चाहिए।'' सीसीपीए के अनुसार, प्रस्तावित दिशानिर्देश सभी कोचिंग संस्थानों पर लागू होंगे, चाहे वे ऑनलाइन हों या ऑफलाइन।

■ उपभोक्ता संरक्षण नियामक ने दिशा निर्देशों का मसौदा किया तैयार

# शेयर बाजार ने ज्यादातर शुरुआती लाभ गंवाया

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 31 अंक की बढ़त में रहा। सेंसेक्स शुरू में अच्छी बढ़त के साथ खुला लेकिन कारोबार की समाप्ति से पहले बिकवाली के चलते इसका लाभ सिमट गया। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा निवेशकों ने कंपनियों के तिमाही परिणाम और इस सप्ताह मुद्रास्फीति तथा अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े आने से पहले मुनाफावसूली को तरजीह दी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरू में तेजी से चढ़ा। अंत में यह 30.99 अंक की मामूली बढ़त के साथ 71,386.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 680.25 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी कारोबार के अंत में 31.85 अंक की हल्की बढ़त के साथ 21,544.85 अंक पर बंद हुआ।



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

*सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो सर्वाधिक 1.55 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, सन फार्मा और टाटा स्टील प्रमुख से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में नेस्ले, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक शामिल हैं।*

## वैश्विक सुस्ती और आर्टिइंटेलिजेंस ने आईटी सेक्टर में मचाई उथल-पुथल

# आईटी सेक्टर में नौकरियां घटी, हॉस्पिटेलिटी व फार्मा ने बांटी जॉब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश का आईटी सेक्टर लंबे समय से संकट में फंसा हुआ है। ग्लोबल सुस्ती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने आईटी सेक्टर में उथलपुथल मचाई हुई है। इसका बुरा असर आईटी एम्प्लॉयीज पर भी पड़ रहा है। ऑटोमेशन के चलते उनकी नौकरियां जा रही हैं।

नई नौकरियों की संख्या भी तेजी से घट रही है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, आईटी सेक्टर में दिसंबर, 2022 के मुकाबले दिसंबर, 2023 तक हायरिंग में 21 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, इस दौरान एआई सेक्टर की नौकरियों में जरूर इजाफा हुआ है।

■ आईटी सेक्टर में दिसंबर 2022 के मुकाबले दिसंबर 2023 में हायरिंग में 21 फीसदी की गिरावट

### नौकरियों में आया उछाल आईटी सेक्टर के चलते हुआ बेदम

*नौकरी डॉट कॉम के चीफ बिजनेस ऑफीसर पवन गोयल ने बताया कि पिछले साल नौकरियों में उछाल आया है। मगर, आईटी सेक्टर में आई गिरावट ने इस तेजी का प्रभाव दिखने नहीं दिया। आईटी सेक्टर में फिलहाल तेजी की उम्मीद नजर नहीं आ रही। हालांकि, हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में नई नौकरियां की संख्या दिसंबर, 2022 के मुकाबले लगभग 4 फीसदी बढ़ी है।*



### बीपीओ, एजुकेशन, रिटेल और हेल्थकेयर सेक्टर में भी सुस्ती

*नौकरी जॉब स्पीक इंडेक्स के अनुसार, आईटी सेक्टर में नौकरियों की कमी का बावजूद फुल स्टैक डाटा साइंटिस्ट, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियर और ऑटोमेशन इंजीनियर जैसी नौकरियों में उछाल आया है। इसके अलावा बीपीओ, एजुकेशन, रिटेल और हेल्थकेयर सेक्टर में भी संभलकर नौकरियां दी जा रही हैं। इन सेक्टर्स में नौकरियां क्रमशः 17, 11, 11 और 10 फीसदी कम हुई हैं।*

### हॉस्पिटेलिटी एवं फार्मा सेक्टर में दिखी तेजी

*रिपोर्ट के मुताबिक, हॉस्पिटेलिटी एवं फार्मा सेक्टर में दिसंबर, 2023 तक नौकरियों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में नौकरियां पिछले साल के मुकाबले लगभग 5 फीसदी बढ़ी हैं। हालांकि, नवंबर, 2023 से दिसंबर, 2023 तक नौकरियों में लगभग 2 फीसदी का इजाफा हुआ है। नौकरियों में यह तेजी नॉन आईटी सेक्टर में मिली नौकरियों के चलते दर्ज की गई।*

### छोटे शहरों में मिल रहीं ज्यादा नौकरियां

*फार्मा सेक्टर में रिसर्च एवं डेवलपमेंट पर जोर बढ़ा है। इसके चलते प्लेसमेंट में भी तेजी आई है। नॉन मेट्रो शहरों ने नौकरियां देने के मामले में मेट्रो शहरों को पीछे छोड़ दिया है। वडोदरा में नई नौकरियों में पिछले महीने 3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।*

# सोना 63,200 रुपए पर स्थिर चांदी में 450 रुपए की मजबूती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत 450 रुपये की मजबूती के साथ 76,750 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 76,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में मंगलवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं और यह पिछले 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।' एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 261 रुपये बढ़कर 62,356 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। साथ ही एक्सचेंज पर चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 176 रुपये बढ़कर 72,603 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मजबूती के साथ 2,031 डॉलर प्रति औंस और चांदी तेजी के साथ 23.10 डॉलर प्रति औंस हो गई।



## चिंतन

# गोवा की वारदात से ममता लज्जित, मानवता शर्मसार

गोवा की वारदात से देश सन्न है, मानवता शर्मसार है, ममता लज्जित है। एक चार साल के मासूम की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसे 9 महीने कोख में रखकर जन्म देने वाली उसकी अपनी मां ने ही कर दी। यूं तो यह पहली बार नहीं है कि किसी मां ने अपनी संतान की हत्या की हो। देश में अनेक ऐसी घटनाएं अतीत में हुई हैं, जिसमें एक मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को मौत के घाट उतार दिया। चाहे गृह कलह में, चाहे गरीबी से तंग आकर, या भविष्य के डर से। देश में अनब्याही मां द्वारा नवजात की हत्या या नवजात का त्याग या भ्रूण हत्या की अनेक घटनाएं घटित हुई हैं, लेकिन एक उच्च शिक्षित, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला द्वारा अपनी इकलौती स्वस्थ संतान की हत्या का मामला विरले में से एक है। गोवा के एक होटल के बंद कमरे में रिश्तों का कत्ल हुआ। जिस महिला ने इस कत्ल को अंजाम दिया है, वह एक कंपनी की सीईओ है, हार्वर्ड रिसर्च फेलो है, उनका नाम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)I एथिक्स में 100 बेहतरीन महिलाओं में रह चुकी है। ऐसी महिला का अपनी ममता का कत्ल कर हैवान बनना मानवता व समाज की सभी शिक्षा को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस की ओर से बताया जा रहा है कि पिता से बच्चा न मिल सके इसलिए मां ने अपने बेटे का ही कत्ल कर दिया। महिला का पति के साथ तलाक का मामला चल रहा था। पिता इंडोनेशिया में हैं। दोनों की 2010 में शादी हुई थी। महिला ने 2019 में बेटे को जन्म दिया था। पति के साथ हुए विवाद के बाद 2020 में अदालत ने फैसला सुनाया था कि बच्चे का पिता उससे हर रविवार को मुलाकात कर सकता है। यह फैसला महिला को नागवार गुजर रहा था, वह खुश नहीं थी। महिला अपने बेटे को पति से नहीं मिलने देना चाहती थी। अभी पिता बेटे से मिलने भारत आने वाले थे, इससे पहले ही मां ने बेटे को पिता से सदा के लिए जुदा कर दिया। क्या हमारी सामाजिक व शैक्षिक व्यवस्था एक बेहतर इंसान तैयार नहीं कर रही है या मशीनीकरण ने हमें एक इमोशनलेस रोबोट बना दिया है। क्या एआई ने लॉगरिद्म ने महिला के दिमाग के न्यूरान्स को इस कदर प्रभावित किया कि वह भी रोबोट जैसी संवेदनहीन हो गई। प्रकृति का प्रताप देखिए कि मासूम बेटे के खून ने ही इस हत्या का सुराग दिया। यह खून ही बोला कि 'मां कातिल है'! बेरहमी से हत्या करने के बाद आरोपी महिला ने उसका शव बैग में भर लिया था व उसे लेकर बेंगलुरु जा रही थी। अभी इस हत्या की बहुत सी परतों का खुलना अभी बाकी है। इसमें से एक यह भी सवाल है कि एक मां को क्यों लगा कि उसे अपने बेटे की हत्या करनी होगी। क्या नफरत से इतनी भरी थी कि पिता से बेटे को मिलने नहीं देना चाहती थी? कहते हैं जब बच्चा मां के गर्भ में आता है तो मां उसी वक्त से उससे जुड़ने लगती है। दुनिया के लिए वो भ्रूण होता है लेकिन उस मां के लिए वो उसका बच्चा होता है। जब मां को बच्चे की पहली हार्ट बीट सुनाई देती है तो वो उससे इस कदर जुड़ जाती है कि उसमें ही अपनी दुनिया ढूंढती है। ऐसे में हैरान करने वाली बात है कि आखिर एक मां अपने बेटे की हत्या जैसी जघन्य नृशंस वारदात को कैसे अंजाम दे सकी? कानों को यकीन नहीं हो रहा, दिल नहीं मान रहा, कि मां भी कातिल हो सकती है। इस मां को अदालत सजा देगी ही, लेकिन उसने एक मां की कोख को, संतान के विश्वास को शर्मसार किया है।



दिवस विशेष
डॉ. ऐश्वर्या झा

# विश्व में बढ़ रहा हिन्दी का वर्चस्व

आज वैश्विक फलक पर हिन्दी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज़ गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा था कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी है। हिन्दी पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है।

10 जनवरी 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिन्दी बोली गई थी। 25 वर्ष बाद, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी को बढ़ावा देने एवं वैश्विक स्तर पर हिन्दी के प्रति जागरूकता लाने के लिए, आज के ही दिन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2006 से प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन आयोजित होने के पांच दशक बाद, आज वैश्विक फलक पर हिन्दी तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा, दर्जन से अधिक देशों के बहुसंख्यक समाज की प्रमुख भाषा, आधे दर्जन देशों में संवैधानिक दर्जा प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा, इंटरनेट पर सबसे तेज़ गति से प्रसार करने वाली भाषा, संयुक्त राष्ट्र के संचार माध्यम में उपयोग होने 7 भाषाओं में से एक, 175 से अधिक विदेशी विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाने वाली भाषा बन चुकी है। 'भाषा बहता नीर' के सिद्धांत का पालन करते हुए हिन्दी तमाम अवरोधों, बाधाओं को पार करते हुए आज अपनी विकास यात्रा में देश एवं 'परदेस' की चारों दिशाओं में बढ़ा रही है।

वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस 2023 के 26वें संस्करण 'इथोनोलॉज' के अनुसार दुनिया में 7,168 जीवित भाषाओं में सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में पहला स्थान अंग्रेज़ी (113.2 करोड़), दूसरे नंबर पर चीन में बोली जाने वाली मैंड्रेन भाषा (111.7 करोड़ ) एवं तीसरा स्थान हिन्दी (करीब 61.5 करोड़) का हैं। इथोनोलॉज के मुताबिक, दुनिया भर की 20 सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं शामिल हैं। भूमंडलीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने हिन्दी को मात्र भारत की सीमाओं तक ही बाँध कर या सीमित नहीं रखा है, बल्कि तकनीक ने इसे और अधिक विस्तार दिया है। इसमें इंटरनेट और सूचना क्रांति विशेषकर मोबाइल फ़ोन ने हिन्दी को तकनीकी भाषा बनाने में सहायता की है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी राजनीति का शिकार हुई है, पर व्यवधानों को पार कर उसकी व्यापकता,लोकप्रियता में निरंतर वृद्धि हो रही है। 21वीं सदी की हिन्दी न सिर्फ साहित्य, शिक्षा, मनोरंजन, विज्ञापन की भाषा है, बल्कि विज्ञान, तकनीक एवं रोज़गार की अनंत संभावनाओं से भरी हुई भाषा भी है।

विगत कुछ दशकों में भारत सरकार देश एवं विदेश में हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राजभाषा विभाग ने हिन्दी के विकास के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर हिन्दी सीखने के लिए एक मल्टीमीडिया आधारित बुद्धिमान स्व-ट्यूटरिंग एप्लिकेशन - लीला-राजभाषा (लर्न इंडियन लैंग्वेज्स थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), ई-सरल हिन्दी वाक्य कोष और ई-महाशब्दकोश मोबाइल ऐप सरीखे प्रशंसनीय कार्य किया हैं। कुछ महीने पूर्व, लोकसभा में देश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने संसद में यह दावा किया कि हाल के वर्षों में भारत सरकार ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी



है। हिन्दी पहले से ही यूनेस्को की नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है। वर्ष 2018 से संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार के बीच एक स्वैच्छिक वित्तीय योगदान संबंधी करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस करार के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र समाचार की एक हिन्दी वेबसाइट पर हिन्दी सोशल मीडिया अकाउंट शुरू किया। इसके साथ साथ अपने कार्यक्रमों को यूएन रेडियो वेबसाइट पर हिन्दी में प्रसारित एवं साउंड क्लाउड पर एक साप्ताहिक हिन्दी समाचार बुलेटिन, हिन्दी में यूएन ब्लॉग, और यूएन न्यूज रीडर मोबाइल एप्लिकेशन को हिन्दी में भी उपलब्ध कराया गया है। भारत सरकार ने 'बहुभाषावाद' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक ऐतिहासिक प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया, जिसे 10 जून 2022 को सर्वसम्मति से पारित किया गया। पहली बार, इस संकल्प में हिन्दी भाषा का उल्लेख किया गया, जिससे हिन्दी सहित आधिकारिक और गैर-आधिकारिक भाषाओं में महत्वपूर्ण संचार और संदेशों के प्रचार-प्रसार को जारी रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र वैश्विक संचार को प्रोत्साहित किया गया है। हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा बनाने हेतु प्रयास जारी है।

नादी, फिजी में आयोजित 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन (15-17 फरवरी 2023) के माध्यम से विश्व भर के हिन्दी विद्वानों और शोधकर्ताओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी भाषा के अनुप्रयोगों और हिन्दी के प्रचार-प्रसार पर चर्चा करने के लिए वैश्विक एक मंच प्रदान करने के साथ साथ देश-विदेश के 19 विद्वानों और 2 विदेशी संस्थानों को सम्मानित भी किया गया। भारतीय मिशनों और सामुदायिक केंद्रों में हिन्दी पढ़ाने में शामिल शिक्षकों को मानदेय सहित विदेशी विश्वविद्यालयों, संस्थानों और सामुदायिक संगठनों को शिक्षण, प्रकाशन और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए वित्तीय अनुदान दिया जाने लगा है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और केंद्रीय हिंदी निदेशालय (सीएचडी) के सहयोग से 2022 में विभिन्न देशों के विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन हिंदी कक्षाएं एवं भूटान स्थित अंतरराष्ट्रीय विश्व विद्यालय में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अनुकूलित हिन्दी भाषा पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। पिछले वर्ष 10 जनवरी 2023 को पेरिस में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) सहित दुनिया भर में विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया, ताकि हिन्दी को एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत किया जा सके व विश्व में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने में मॉरिशस हिन्दी संस्थान, विश्व हिन्दी सचिवालय, हिन्दी सोसायटी (सिंगापुर), हिन्दी परिषद (नीदरलैंड्स), हिन्दी संगठन (मॉरिशस) आदि संस्थाओं ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। विदेशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवासी साहित्य के माध्यम से भी विदेश में हिन्दी का डंका बजा हैं। अनुवाद की बढ़ती गुणवत्ता के कारण अब हिन्दी के साहित्य की धमक वैश्विक पाठक के बीच बनी है। कुछ समय पूर्व, हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री के हिन्दी उपन्यास 'रेत समाधि' के अंग्रेजी अनुवाद 'टूंब ऑफ सैंड' को अनुवाद श्रेणी में बुकर पुरस्कार मिला। हिन्दी भाषा के तीव्र विस्तारीकरण का कारण हिन्दी का वैज्ञानिक भाषा होने के साथ साथ सर्वाधिक लचीला, सरल एवं सहज भाषा होना है। विदेशी भाषाओं के शब्दों को हिंदी स्वयं में आत्मसात करने की क्षमता रखती है। हिंदी भाषा ध्वनि और उच्चारण आधारित भाषा है। यह खूबी विश्व की अन्य किसी भी भाषा में नहीं है। हिन्दी को जनभाषा से 'विश्व भाषा' बनाया जा सकता है।

(लेखिका सहायक आचार्य, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## अंतरिक्ष विज्ञान
नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# सूर्य मिशन की सफलता से इसरो ने रचा इतिहास

भारत का अंतरिक्ष संगठन इसरो लगातार इतिहास रच रहा है। पहले मंगलयान, फिर चन्द्रयान-3 के द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना और अब आदित्य एल 1 के सफलता के बाद इसरो को सूर्य मिशन में भी सफलता मिल गई है। 6 जनवरी को आदित्य-एल 1 लॉन्च अपने गंतव्य बिंदु लैग्रेंज-1 पर पहुंचने में सफल रहा। आदित्य एल 1 की यह यात्रा 2 सितंबर 2023 को शुरू हुई थी, जो अब सफलतापूर्वक अपने मंजिल पर पहुंच गई है। मिशन के दौरान सही स्पीड के लिए पांच बार ऑर्बिट बदला गया। फिर आदित्य को ट्रांस-लैरेंजियन 1 ऑर्बिट में भेजा गया। यहां से शुरू हुई 109 दिन की लंबी यात्रा। फिर सैटेलाइट आदित्य जैसे ही L1 पर पहुंचा, उसकी एक ऑर्बिट मैन्यूवरिंग कराई गई ताकि एल1 प्वाइंट के चारों तरफ मौजूद हैलो ऑर्बिट में चक्कर लगाता रहे। इस मिशन के जरिए सूर्य का अध्ययन किया जाएगा। सूर्य हमारा निकटतम तारा है और अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। सूर्य एक अत्यंत गतिशील तारा है। हम जितना देखते हैं, यह उससे कहीं ज्यादा फैला है, जिसमें लगातार भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती रहती है।



दुनिया में अब तक सूर्य पर कुल 22 मिशन भेजे जा चुके हैं। मिशन पूरा करने वाले देशों में अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल हैं। सूरज पर सबसे ज्यादा 14 मिशन अमेरिकी एजेंसी नासा ने भेजे हैं। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने साल 1994 में पहला सूर्य मिशन भेजा, तो उसने नासा का साथ लिया। नासा के पार्कर सोलर प्रोब ने सबसे ज्यादा काम किया है। यह सूर्य के सबसे करीब पहुंचने वाला एकमात्र अंतरिक्षयान है। आदित्य-एल 1 मिशन अपने साथ सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सेट ले गया है, जिसके माध्यम से सूर्य का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल1 के सातों पेलोड की खास बात है कि ये देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। ये सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के सहयोग से विकसित किए गए हैं। सूर्य के वायुमंडल के सबसे बाहरी भाग यानी सौर कोरोना और सूरज में होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोटों यानी कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) अपने साथ ले जा रहा है। एक अन्य उपकरण सोलर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) नामक पेलोड अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेगा। इसके साथ ही एसयूआईटी यूवी के नजदीक सौर विकिरण में होने वाले बदलावों को भी मापेगा।

आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए) पेलोड सौर पवन और शक्तिशाली आयनों के साथ-साथ उनके ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए साथ भेजा जा रहा है। सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर और हाई एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे किरणों का अध्ययन करेंगे। वहीं, मैग्नेटोमीटर पेलोड को L1 बिंदु पर दो ग्रहों के बीच के चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए बनाया गया है। इस ऐतिहासिक मिशन का मुख्य उद्देश्य यह है कि यह पृथ्वी-निर्देशित तूफानों पर नज़र रखने और सौर अवलोकनों के माध्यम से इसके प्रभाव की भविष्यवाणी करने में मदद करेगा। शुरुआत में इसे केवल सूर्य के कोरोना का अवलोकन करने के लिए बनाया गया था। तब इसका नाम आदित्य 1 था। सौर भौतिकी में कोरोना के अत्यधिक उच्च तापमान तक गर्म होने का कारण अभी भी एक रहस्य है। आदित्य -1 मिशन में उपग्रह को 800 किमी निचली पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करना शामिल था। बाद में आवश्यकता अनुसार इसरो ने उपग्रह को लैग्रेंजियन प्वाइंट (एल1) के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित करने की योजना बनाई। एल 1 पृथ्वी से 1.5 मिलियन किमी दूर है। यह बिंदु बिना किसी व्यवधान के लगातार सूर्य का अवलोकन करने का लाभ प्रदान करता है। इसलिए मिशन का नाम बदलकर आदित्य एल1 मिशन कर दिया गया। पृथ्वी सहित हर ग्रह और सौरमंडल से परे एक्सोप्लैनेट्स विकसित होते हैं और यह विकास अपने मूल तारे द्वारा नियंत्रित होता है। सोलर मौसम पूरे सोलर सिस्टम को प्रभावित करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर

श्रीअन्न या मोटे अनाज (मिलेट्स) की चारों तरफ खूब चर्चा है। मध्यप्रदेश सरकार ने 3 जनवरी को रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय किया है। इसके तहत मोटे अनाज- कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। केंद्र सरकार लगातार मोटे अनाज के उत्पादन व उपभोग पर जोर दे रही है। ऐसे में मध्यप्रदेश के अलावा भी कई राज्यों में मोटे अनाज की खेती करने पर किसानों को बंपर सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में मोटे अनाज को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए वर्ष 2018 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया था।

-सुखदेव वर्मा, धमतरी

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बोले 'मैं बिल्कुल ठीक हूं'

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराए जाने संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का खंडन किया और कहा कि वह 'बिल्कुल ठीक' हैं। रामफोसा ने कहा कि उनके आईसीयू में भर्ती होने की खबरें 'बढ़ा-चढ़ा कर' प्रसारित की गई थीं और वह अधिकारियों की सलाह पर रविवार को घर से काम कर रहे थे। अधिकारियों ने उन्हें व्यस्त सप्ताह को लेकर घर पर सुरक्षित वातावरण में रहने की सलाह दी थी। रामफोसा ने सोमवार को रंगभेद विरोधी आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए लिम्पोपो प्रांत में एक पुष्पांजलि समारोह में यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति का स्पष्टीकरण रविवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित उन खबरों के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें प्रिटोरिया के 1-सैन्य अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विपक्षी पार्टी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के नेता जूलियस मैलेमा के एक फर्जी खाते से दावा किया गया कि रविवार को अस्पताल में भर्ती होने से पहले रामफोसा (दिल का दौरा पड़ने के बाद) गिर गए थे। लिम्पोपो के कार्यक्रम में रामफोसा ने कहा कि उनका स्वास्थ्य बेहतर है।



## ऑफ बीट

# अपनी चादरें और तौलिये कब-कब धोने चाहिए?

यूनाइटेड किंगडम में किए गए एक सर्वेक्षण में, एकल पुरुषों में से लगभग आधे ने बताया कि वे कई बार चार महीने तक अपनी चादरें नहीं धोते हैं।



यह बिल्कुल स्पष्ट है कि इसे बिना घुले छोड़ने के लिए चार महीने बहुत अधिक हैं, लेकिन आदर्श आवृत्ति क्या है? वैसे भी, साफ चादरों का अहसास या नए धुले तौलिये की गंध किसे पसंद नहीं होगी? आपको तौलिये को अधिक बार क्यों धोना चाहिए? जब आप अपने आप को सुखाते हैं, तो आप तौलिये पर हजारों त्वचा कोशिकाएं और लाखों रोगाणु जमा कर देते हैं। और क्योंकि आप शॉवर या स्नान के बाद खुद को सुखाने के लिए अपने तौलिये का उपयोग करते हैं, इसलिए आपका तौलिया नियमित रूप से गीला रहता है। आप हर रात अपनी चादरों पर भारी मात्रा में मृत त्वचा, रोगाणु, पसीना और तेल भी जमा कर देते हैं। लेकिन अगर आप रात में स्वेटर न पहनते हों, रात की नींद के बाद आपका बिस्तर गीला नहीं होता। तौलिये चादरों की तुलना में अधिक मोटे पदार्थ से बने होते हैं और इसलिए अधिक समय तक नम रहते हैं। तो नमी के बारे में ऐसा क्या है जो समस्या का कारण बनता है? गीले तौलिये बैक्टीरिया और फफूंद के प्रजनन स्थल होते हैं। फफूंद विशेष रूप से नम वातावरण पसंद करते हैं।

## ट्रेंड

### शानदार यात्रा



आज मदीना की ऐतिहासिक यात्रा की, जिसमें इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में से एक, श्रद्धेय पैगंबर की मस्जिद की परिधि, अल मस्जिद अल नबवी, उहुद के पहाड़ और क्यूबा मस्जिद की परिधि- इस्लाम की पहली मस्जिद की यात्रा शामिल थी।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### अविश्वास की धुंध



एक ज़माना था, जब नेता और जान न्योछावर करने वाले शहीद, स्वतंत्रा के गीत सुनाते थे। न्याय का जुनून जनता के दिलों में रोशनी भरता था। आज भरोसे की लौ कमज़ोर पड़ गई है। लोकसेवा का मंदिर अविश्वास की धुंध में खोया है।

-नवजोत सिंह सिद्धू, कांग्रेस नेता

### लक्ष्य को तय करें



इस नए साल में असफलता के डर को दूर करें। आप उन उड़ने वाली मशीनों' का निर्माण करें जिनका आप सपना देख रहे हैं। आप कभी नहीं जानते कि वे कितनी दूर तक उड़ सकते हैं, लेकिन अपने लक्ष्य को तय करें और उसे साधें।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### मेरा हौसला देखकर



डर मुझे भी लगा फासला देखकर, पर मैं बढ़ता गया रास्ता देखकर, खुद ब खुद मेरे नज़दीक आती गई मेरी मंज़िल, मेरा हौसला देख कर। प्रिय शीतल देवी, आप भारत की शान हो और विश्व की युवा शक्ति की आन हो। आपको अर्जुन आवार्ड के लिए बधाई।

-अनुपम खेर, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

ग्लोबल ट्रेड शो

# पीएम मोदी ने दुनिया के 'दिग्गजों' के साथ किया उद्घाटन



**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो के उद्घाटन के दौरान तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा, मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्युसी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ।



गांधीनगर। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्युसी और अन्य लोगों के साथ ग्लोबल ट्रेड फेयर के संबंध में बातचीत करते हुए।

## खबर संक्षेप



### महाराष्ट्र में मिले कोरोना के 19 नए मरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन .1 के 19 रोगियों की पहचान की गई है। इसके बाद राज्य में जेएन .1 की कुल संख्या 29 हो गई है। सबसे अधिक मामले पुणे में दर्ज किए गए हैं। नए साल के जश्न से पहले केंद्र और राज्य दोनों सरकारें नए ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट जेएन.1 के खतरे को लेकर सावधान रहने को कहा है।



### दिल्ली वक्फ बोर्ड: 5 की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड में वित्तीय अनियमितता और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है। इनमें जीशान हैदर, जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद अंसारी, कौसर इमाम सिद्दीकी और एक साझेदारी फर्म स्काई पावर शामिल हैं। सुनवाई के लिए 12 जनवरी को तय की है।

गुजरात में मेगा शो... पीएम मोदी ने ग्लोबल ट्रेड शो की शुरुआत की

# व्यावसायिक संभावनाओं का खुलेगा 'द्वार' एक छत के नीचे होगी उद्योगों की भरमार

◆ नेटवर्किंग और ज्ञान साझा करने का यह मंच लाखों अवसर पैदा करेगा

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। पीएम वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन और उससे जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अपने गृह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड शो में से एक वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में कई उद्योगों और व्यावसायिक क्षेत्रों को एक छतरी के नीचे प्रदर्शित किया जाएगा।

अपार व्यावसायिक संभावनाओं के साथ नेटवर्किंग और ज्ञान साझा करने का यह मंच लाखों अवसर पैदा करेगा। यह कार्यक्रम 13 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद पीएम शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी जाएंगे, जहां वह ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत का कार्यक्रम है। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन 2003 में मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ था जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे।



■ यह सम्मेलन 2003 में शुरू हुआ था ,जब मोदी वहां के सीएम थे

### 20 वर्ष सफलता के शिखर के रूप में मनेगा

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का दसवां संस्करण गांधीनगर में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसकी थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर' है। शिखर सम्मेलन का यह दसवां संस्करण 'वाइब्रेंट गुजरात के 20 वर्षों को सफलता के शिखर सम्मेलन के रूप में' मनाएगा।

### इस बार 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन शामिल

इस वर्ष के शिखर सम्मेलन के लिए 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन हैं।पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय पूर्वोत्तर क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात मंच का उपयोग करेगा। शिखर सम्मेलन इंडस्ट्री 4.0, प्रौद्योगिकी और नवाचार, सतत विनिर्माण, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता की दिशा की ओर बढ़ने जैसे विश्व स्तर पर प्रासंगिक विषयों पर सेमिनार और सम्मेलन होंगे।

### उत्पादों का भी किया जाएगा प्रदर्शन

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में कंपनियां वर्ल्ड क्लास स्टेट ऑफ द आर्ट टेक्नोलॉजी से बने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। ई-मोबिलिटी, स्टार्ट-अप, एमएसएमई, ब्लू इकोनॉमी, ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इस ट्रेड शो के कुछ फोकस सेक्टर हैं।

### विभिन्न कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने दुनिया की प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से पहले अर्थव्यवस्था को गति देने तथा रोजगार सृजित करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के इरादे से हुई है। 'वाइब्रेंट' गुजरात शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले पीएम ने सुजुकी मोटर कॉर्प, माइक्रोन टेक्नोलॉजी और एपी मोलर के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और उद्योग से जुड़े मुद्दों तथा निवेश अवसरों पर चर्चा की।

■ वाहन विनिर्माण, अन्य मुद्दों पर चर्चा भी की

**बड़ा वाहन बाजार बनेगा**

पीएमओ ने 'एक्स' पर लिखा, मोदी और सुजुकी मोटर कॉर्प के प्रतिनिधि निदेशक और अध्यक्ष तोशिहीरो सुजुकी ने भारत में विनिर्मित वाहनों का निर्यात करके देश को वैश्विक वाहन बाजार में एक मजबूत इकाई बनाने की मारुति सुजुकी की योजनाओं पर चर्चा की।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा

## मंदिरों की ध्वजा देश को एक सूत्र में जोड़ रही है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर का पहला चरण पूरा होने को है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है। इस बीच देश में 'धर्म' चर्चा का विषय बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ गुजरात यात्रा के दौरान मंदिरों की यात्रा पर गए थे तो इस पर भी बहस छिड़ गई। सीजेआई ने द्वारका और सोमनाथ मंदिर में अपनी पत्नी के साथ दर्शन किया था। 6 और 7 जनवरी को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ गुजरात की दो दिवसीय यात्रा पर गए थे। उन्हें राजकोट में जामनगर रोड पर 110 करोड़ की लागत से बने नए न्यायालय भवन का उद्घाटन करना था। चंद्रचूड़ ने बताया कि चुनौतियों के समाधान के लिए महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों से प्रेरणा ली थी।

गुहा का विवादित बयान

### गांधी कभी मंदिर नहीं गए

भारतीय इतिहासकार रामचंद्र गुहा को गांधी पर लिखी उनकी किताबों के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। महात्मा के जीवन और विरासत का अध्ययन करने में गुहा ने कई दशक बिताए हैं। अपने एक कॉलम में गुहा दर्ज करते हैं कि सही मायने में गांधीजी खुद कभी किसी हिंदू मंदिर में नहीं गए। 1946 में मदुरै के मीनाक्षी मंदिर का दौरा एक अपवाद था। वे दौरा दलितों के मंदिर प्रवेश के लिए था।



लैंड फॉर जॉब ईडी की पहली चार्जशीट पेश

## बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी और सांसद बेटी मीसा का नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे की नौकरियों के बदले जमीन से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को अपना पहला आरोपपत्र दायर किया जिसमें बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती का नाम है।

आरोपपत्र में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के कथित 'करीबी सहयोगी' अमित कत्याल, कुछ अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। मामले की सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तारीख तय की है।

**तेजस्वी अब तक पेश नहीं हुए**





ईडी ने कत्याल को पिछले साल नवंबर में इस मामले में गिरफ्तार किया था, जबकि लालू और उनके बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को एजेंसी ने तलब किया था, लेकिन वे अभी तक पेश नहीं हुए हैं। यह कथित घोटाला उस समय का है जब वे संप्रग-1 सरकार में रेल मंत्री थे।

**पीएमएलए की आपराधिक धाराओं में केस दर्ज**

पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज धनशोधन का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज शिकायत से उपजा है। सीबीआई इस मामले में पहले भी आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है।

महाराष्ट्र में ईडी की कार्रवाई

## यूबीटी विधायक वायकर के 7 ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कथित जमीन घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। ईडी ने वायकर के जोगेश्वरी स्थित घर पर मंगलवार सुबह छापा मारा।

छापेमारी मुंबई के जोगेश्वरी इलाके में बीएमसी की जमीन पर लग्जरी होटल बनाने के मामले से जुड़ी है। भूमि उपयोग की शर्तों में हेरफेर करके इस होटल का निर्माण कराने का आरोप है। इसी मामले में उनसे जुड़े 7 ठिकानों पर छापेमारी की।





**500 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का मामला**

ईडी की 10-12 अधिकारियों की टीम सुबह करीब 8:30 बजे वाइकर के घर पहुंची। तब से ईडी वायकर के घर की तलाशी ली। ईडी के अनुसार यह 500 करोड़ रुपए के हेरफेर से जुड़ा हुआ है।


आईआईएमसी का 55वां दीक्षांत समारोह आज

## भारत मंडपम में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद मुख्य अतिथि होंगे, प्रमाण- पत्र देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) का 55वां दीक्षांत समारोह कल बुधवार यानी 10 जनवरी 2024 को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद समारोह के मुख्य अतिथि होंगे इसके साथ वे दीक्षांत भाषण भी देंगे। आईआईएमसी के चेयरमैन आर जगन्नाथन और महानिदेशक डॉ.अनुपमा भटनागर भी समारोह में



**प्रमुख संस्थान के रूप में विशिष्ट स्थान**

1965 में स्थापित , मीडिया और संचार शिक्षा में विशेषज्ञता के साथ भारत में एक प्रमुख संस्थान के रूप में विशिष्ट दर्जा रखता है। संस्थान विभिन्न विषयों में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिसमें हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, विज्ञापन और जनसंपर्क, रेडियो और टेलीविजन, डिजिटल मीडिया, ओडिया पत्रकारिता, मराठी पत्रकारिता, मलयालम पत्रकारिता और उर्दू पत्रकारिता जैसे विभाग शामिल हैं।

**कई राज्यों के संकाय सदस्य भी शामिल होंगे**

सुबह 10 बजे प्रारंभ होने वाले इस समारोह में आईआईएमसी नई दिल्ली और इसके पांच क्षेत्रीय केंद्रों ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, कोट्टायम और जम्मू के संकाय सदस्य भी शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में 2021-22 और 2022-23 बैच के विद्यार्थियों (आईआईएमसी दिल्ली और उसके सभी केंद्र) को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। दोनों बैचों के 65 विद्यार्थियों को अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

स्पीकर का फैसला आज

## अयोग्यता पर फैसले से पहले उद्धव गुट पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हलफनामा दाखिल किया। उद्धव गुट ने सीएम एकनाथ शिंदे और स्पीकर राहुल नार्वेकर की मुलाकात पर आपत्ति जताई है।

हलफनामे में कहा गया है कि विधायकों की अयोग्यता पर फैसला देने से पहले स्पीकर का सीएम से मिलना गलत है। 7 जनवरी को स्पीकर और सीएम की मुलाकात हुई थी। शिंदे समर्थक विधायकों की अयोग्यता पर बुधवार को स्पीकर का फैसला आना है।



**उद्धव का निशाना**

इससे पहले नार्वेकर और शिंदे की मुलाकात का जिक्र करते हुए उद्धव ने कहा कि विधायकों की पात्रता और अपात्रता के फैसले पर इसका असर हो सकता है। हमने इसकी शिकायत की है। उद्धव ने आशंका जताई कि कल भी फैसला न आए। इसे चुनाव तक टाला जा सकता है।

जदयू की कांग्रेस को नसीहत... हैसियत के हिसाब से मांगें सीट

## जिसकी जितनी हैसियत... उसको उतनी ही सीटें

आईएनडीआईए गठबंधन में सीटों को लेकर तकरार कम नहीं हो रही

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार का सियासी पारा हाई है। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। राज्य में बयानबाजियों का दौर तेज होते जा रहा है। मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन में अब तक सीट शेयरिंग को लेकर घमासान जारी है। जदयू ने बिहार में 16 सीटों का दावा किया है।

जदयू का कहना है कि वह इन 16 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। बिहार सरकार के वित्त मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि जदयू कोई भी बात बिना मतलब नहीं बोलती है, जदयू शुरू से कहते आई है कि जल्दी से सीट शेरिंग पर बात होनी

■ आईएनडीआईए में शामिल जेडीयू में खींचतान और ज्यादा बढ़ी

■ नीतीश सरकार के मंत्री का दावा– हम लोकसभा की 16 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी

**हमारा गठबंधन आरजेडी से हो चुका**



उन्होंने कहा कि जदयू के 17 उम्मीदवार 2019 में चुनाव लड़े थे और 16 सीट पर जीत दर्ज हुई थी गठबंधन के बीच तभी तालमेल सही से रहता है जब सीटों का बंटवारा सही से हो जाए। गठबंधन के सभी घटक दलों के बीच जिसकी जितनी हैसियत है उसके अनुसार उसको उतना सीट दे दिया जाए तो इंडिया गठबंधन के लिए अच्छा होगा। विजय चौधरी ने कहा कि, जदयू का गठबंधन आरजेडी के साथ है और आरजेडी का कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों से है।

**आप-कांग्रेस में बंटवारे पर फैसला फिर टला**

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए 7 सीटों के बंटवारे पर चर्चा के लिए 8 जनवरी को नई दिल्ली में एक बैठक की। दोनों ने प्रस्ताव संबंधित दस्तावेज साझा किए। दोनों पार्टियां फिर आमने-सामने बैठेंगी। सीट शेयरिंग पर दोनों के बीच आगामी बैठक 11 या 12 जनवरी को संभव है।





ममता का केंद्र पर हमला

### लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा कर रही नौटंकी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने फिर केंद्र परहमला बोला है। उन्होंने राज्य का पैसा रोकने को लेकर एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा जेपी के लोग राज्य में सिर्फ आते रहते है और लोगों से झूठे वादे करते रहते है। भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिए भाजपा अब 'नौटंकी ' कर रही है।



## ओपीएस की मांग को लेकर भूख हड़ताल का दूसरा दिन शुरू

# ओपीएस को लेकर गरजे केंद्रीय कर्मचारी, आर-पार के संघर्ष का ऐलान

जबलपुर।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डब्ल्यूसीआरईयू) के आव्हान पर ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की मांग को लेकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने क्रमिक भूख हड़ताल के दूसरे जत्थे पर कर्मचारी बैठे। यूनियन के नेतृत्व में 4 दिनों की क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगा। इसके अलावा डिफेंस सेक्टर को लेकर भी ओपीएस की मांग को लेकर भूख हड़ताल की बैठक चल रही है। ओएफके में कल 11 जनवरी को जत्था भूख हड़ताल में बैठेगा। इस दौरान रेल कर्मचारियों ने गरजते हुए कहा कि ओपीएस हमारा हक है और हम इसे हर हाल में लेकर रहेंगे, चाहे इसके लिए आर-पार का संघर्ष क्यों न करना पड़े। न्यू पेंशन स्कीम को हटाकर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 08 जनवरी को सुबह 09.00 बजे से जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के समक्ष 04 दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की गयी। यूनियन के मंडल अध्यक्ष का. बी.एन.शुक्ला ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जबलपुर सतना एन.के.जे., ब्यौहारी, दमोह, सागर एवं पिपरिया मे 04 दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल की जा रही है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में युवा रेल कर्मचारी हड़ताली साथियों के समर्थन एवं उत्साहवर्धन हेतु नारेबाजी करते हुए हड़ताल स्थल पर बैठे।




### 99 प्रतिशत कर्मचारियों ने किया समर्थन.

डब्ल्यूसीआरईयू के मंडल सचिव का. रोमेश मिश्रा ने कहा कि एनपीएस को हटाकर पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर कराये गये स्ट्राइक बैलेट मे 99 प्रतिशत रेल कर्मचारियों ने एआईआरएफ, जेएफआरओपीएस द्वारा एनपीएस के खिलाफ लिये गये हड़ताल के निर्णय के पक्ष में मतदान किया था। इसी तारतम्य में आंदोलन का शंखनाद किया जा रहा है। कामरेड मिश्रा ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय नहीं लेती है तो आने वाले समय में जबरदस्त रेल हड़ताल होगी। युवा रेल कर्मचारियों में एनपीएस हटाने को लेकर भारी आक्रोश है। क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान कामरेड जरनैल सिंह, कामरेड कमलेश, कामरेड निरंजन कामरेड ए.कृष्णाराव, कामरेड अविनाश शर्मा, कामरेड रमेश, कामरेड प्रहलाद सिंह, कामरेड संतोष याढव कामरेड मनोज गुप्ता सहित सैकड़ों रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।



## आयुध निर्माणियों में भी भूख हड़ताल जारी

**जबलपुर।** आयुध निर्माणियों में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के विरोध में कर्मचारी संगठन क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ हुए हैं। 9 जनवरी को क्रमिक भूख हड़ताल के दूसरे दिन भी शहर में स्थित ओएफके, जीआईएफ, जीसीएफ और वीएफजे के मुख्य गेट पर कर्मचारी डटे रहे और जमकर नारेबाजी की। आज 10 जनवरी से भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) भी मैदान में उतरने को तैयार है।बीपीएमएस के राजेन्द्र चढारियां ने बताया कि 10 व 11 जनवरी को बीपीएमएस न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में धरने पर बैठने जा रही है। उन्होंने ने कहा कि 1 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एन पी एस के तहत नया पेंशन स्कीम में रखा गया है। जिससे कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। हाल ही में रिटायर्ड कर्मचारी जो नई पेंशन के तहत थे उन्हे मासिक पेंशन मात्र 900 से 12 सौ रुपए प्रति माह दिया जा रहा है। इस महंगाई की दौर में 900 रुपए में पूरे माह भर का खर्चा उठाना नामुमकिन है।



## घर-घर जाकर अयोध्या में प्रभु श्रीराम का अक्षत एवं निमंत्रण दिया

**जबलपुर।** सुदर्शन सेवा समाज, रजक सेवा समाज एवं गलगला टोरिया की बस्तियों में घर घर जाकर अयोध्या में प्रभु श्री राम का अक्षत एवं निमंत्रण दिया। जगतगुरु राघव देवाचार्य के सानिध्य में साथ ही विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, अवधेश यादव, यदुवंश मिश्रा, डॉ.अरुण मिश्रा, उत्तम पांडे, निखिल तिवारी के संयोजन पर मालवीय नगर में सुदर्शन सेवा बस्ती रजक सेवा बस्ती गलगला टोरिया, मुमताज बिल्डिंग एवं जुड़ी तलैया बस्ती में घर-घर जाकर अक्षत चावल एवं निमंत्रण पत्र बाजा गाजा के साथ रामधुन करते हुए सभी को आमंत्रण किया आगामी 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अपने क्षेत्र में बस्ती में राम दीपक जलाने का आग्रह लोगों में अति उत्साह सर्वप्रथम पूज्य जगतगुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी एवं सुरेंद्र सिंह भाई साहब ने गलगला देवी मंदिर में पूजन अर्चन करते हुए घर-घर घनी आबादी बस्ती में हर घर पर जाकर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम जी के निमंत्रण पत्र को एवं पीले अक्षय चावल को वितरित किया।

## गायत्री शक्तिपीठ में हुआ पंच कुंडीय महायज्ञ



**जबलपुर।** यज्ञ से सारे विश्व के कल्याण एवं घर घर माँ गायत्री को पहुंचाने के संकल्प के तहत गायत्री शक्तिपीठ द्वारा रांझी में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आई देव कन्याओं कु. पल्लवी, कु. गीतिका, कु. अंशिका की टोली द्वारा यह यज्ञ कराया गया। देव कन्याओं की टोली ने बताया कि विश्व का ऐसा कोई भी कार्य, संकल्प या मनोकामनाएं नहीं हैं, जो कि माँ गायत्री के यज्ञ एवं माँ गायत्री महामंत्र के माध्यम से पूर्ण न की जा सके। उन्होंने बताया कि राजा दशरथ द्वारा श्रृंगी ऋषि से यज्ञ कर प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, भारत एवं शत्रुघ्न जैसे तेजस्वी पुत्रों को इस धरती पर लाकर असुरों के संहार किया था। परियट ग्रीन कॉलोनी, मोहनिया में आयोजित पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ में रांझी महिला मंडल एवं प्रज्ञा मंडल के सदस्यों ने व्यवस्था परक सहयोग प्रदान किया। बड़ी संख्या में आसपास के लोगों ने इस यज्ञ में शामिल होकर गायत्री महामंत्र का नित्य जाप कर अपने जीवन को सफल बनाने एवं विभिन्न प्रकार के नशे एवं धूम्रपान को छोड़ने का संकल्प लिया।

## जायसवाल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26 को



**जबलपुर।** जायसवाल समाज जबलपुर द्वारा आगामी 26 जनवरी को प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवक- युवती परिचय सम्मेलन मदन महल रेलवे स्टेशन स्थित उत्सव भवन में किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष केशव जायसवाल ने बताया कि सम्मेलन में समाज की पत्रिका जायसवाल स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। जिसमें विवाह योग्य - युवक युवतियों की जानकारी संलग्न होगी पत्रिका में बायोडाटा छपवाने के लिए जानकारी 15 जनवरी तक समाज कार्यालय में जमा की जा सकती है।

### जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह का आगमन आज

**जबलपुर।** प्रदेश के जनजातीय कार्य, लोक संपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह का बुधवार 10 जनवरी की रात 10 बजे बालाघाट जिले के बैहर जिला बालाघाट से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। जनजातीय कार्य मंत्री यहां सर्किट हाउस में कुछ देर रूकने के बाद रात 11.30 बजे जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

# किसान श्रीअन्न के फायदे के प्रति जागरूक करें : डॉ. कौतू

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अंतर्गत, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त मिलेट्स प्रोसेसिंग एण्ड प्रोडक्ट डेवलपमेंट, केन्द्र की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत, किसानें के लिये श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संबर्धित खाद्य उत्पादों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू के मुख्यआतिथ्य में हुआ। समापन अवसर पर मुख्यअतिथि की आसंदी से डॉ. कौतू ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण लगातार होते रहने चाहिये, जिससे किसान भाई अपने क्षेत्रों में जाकर श्रीअन्न का प्रचार-प्रसार और इसके फायदें इसकी उपयोगिता की जानकारी प्रदान कर सकेंगे, जिससे दूसरों को भी प्रोत्साहन मिल सके। आज श्री अन्न हर व्यक्ति की थाली में पहुंचना ही इस तरह के प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों का मुख्य उद्येश्य होना चाहिये। लघु किसान श्रीअन्न की खेती कर अधिक मुनाफा प्राप्त कर समृद्धि के साथ आजीविका चला सकें।

विशिष्ट अतिथि के रूप में संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला ने किसानों को संबेधित करते हुये कहा कि श्री अन्न आज की जरूरत है, यह स्वास्थ्य के लिये बहुत ही फायदेमंद होते हैं। आपने सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कृषकों को श्री अन्न की खेती करने और इसके प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने के लिये पहल करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



### कृषि विश्वविद्यालय में किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला ने दो दिवसीय प्रशिक्षण के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान आपने बताया कि जबलपुर जिले की 7 तहसीलों के 50 से अधिक महिला-पुरूष एवं युवा कृषक, प्रशिक्षण में शामिल होकर श्री अन्न से तैयार बेकरी, प्रोडक्ट, ब्रेड, वंश, पास्ता, कुकीज, मफिन्स, कोदो, कुटकी, की मशीनों द्वारा दराई, सफाई एवं रागी, फ्लेक्स, कोदो, कुटकी की मिलिंग, पॉलिश, पैकेजिंग सहित अन्य सामग्री तैयार करने की विधि विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण में जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति कीर्ति वर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अर्चना पांडे द्वारा किया गया।

## जिम कार्बेट भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान

### ज्ञानाश्रय कोचिंग में संभागायुक्त ने दिया लेक्चर

**जबलपुर।** संभागायुक्त अभय वर्मा ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को मंगलवार की सुबह मॉडल उत्कृष्ट विद्यालय में संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग में परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने देश के राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य व उनके बनने के तरीके, वहां पाये जाने वाले वन्य जीवों के साथ विलुप्त होने वाले वन्य प्राणियों के बारे में विस्तार से कारण सहित बताया। प्रतिभागियों को मार्गदर्शन के दौरान उन्होंने रामसर साइट व कोरलरीफ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय उद्यानों के जिक्र के दौरान कहा कि जिम कार्बेट भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान है जिसका पुराना नाम हेली नेशनल पार्क था। जिसकी स्थापना 1935 ई. में की गई।

इसके साथ ही लद्दाख के हेमिस उद्यान, गुजरात के गिर, उत्तराखंड के जिम कार्बेट, उत्तरप्रदेश के दुधवा, कर्नाटक के बांदीपुर, असम के मानस और काजीरंगा, जम्मू कश्मीर के डाचीगाम और किश्तवाड़ के साथ ही भारत में सबसे ज्यादा राष्ट्रीय उद्यान वाले राज्य मध्यप्रदेश के बारे में बताया और कहा कि मध्यप्रदेश में कान्हा किसली, पन्ना, कूनों, माधव, संजय, सतपुड़ा, पेंच टाइगर रिजर्व आदि राष्ट्रीय उद्यान है जिनमें वन्य जीवों का संरक्षण किया जाता है तथा ऐसे कई अभ्यारण्य है जहां किसी विशेष पशु-पक्षी और वनस्पति का संरक्षण किया जा रहा है।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओ ने राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य व कोरलरीफ और वन्य जीव-जन्तुओं व वनस्पतियों के सरंक्षण से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। जिसका आयुक्त श्री वर्मा ने सहज रूप में उनकी शंकाओं का समाधान किया।

# मानव अस्तित्व के लिए जैव विविधता संरक्षण जरुरी

## म्यूजियम मेंटेनेंस पर कार्यशाला का शुभारंभ

जबलपुर।

शासकीय होम साइंस कॉलेज में प्राणीशास्त्र विभाग में आज 05 दिवसीय अंतरमहाविद्यालयी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. साधना केशरवानी के मार्गदर्शन पर हुआ। मुख्य वक्ता जेडएसआई के वैज्ञानिक डॉ. संजय डी पौनिकर ने मोथ प्रजाति के कलेक्शन, प्रिजर्वेशन एवं उनकी पहचान पर प्रकाश डाला, डॉ. पौनिकर ने बताया कि पारिस्थितिक संकेतक के रूप में पतंगे को विश्व स्तर पर स्थापित किया गया है। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप कुशवाहा ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानव आस्तित्व के लिए आवश्यक जैव-विविधता संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। मंच संचालन आयोजन सचिव श्रीमती रश्मी सिंग्रोरे, तकनीकि सहयोग डॉ. अर्जुन शुक्ला, पंजीयन कार्य डॉ. श्रद्धा खापरे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. वर्षा जैन ने किया। कार्यक्रम में डॉ. नम्रता, डॉ. वर्षा, डॉ. नीतू, डॉ. तिलोत्तमा, अमृता, संध्या, चित्रा मरावी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।




# जिला स्तरीय रोजगार मेला 12 को

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 10 से 15 जनवरी तक आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सिलसिले में शुक्रवार 12 जनवरी को सिविल लाइंस स्थित महाकौशल महाविद्यालय में सुबह 11 बजे से स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप यह रोजगार मेला महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित होगा। मेले में स्वरोजगार योजनाओं से के क्रियान्वयन जुड़े विभागों द्वारा युवाओं विशेषकर महिलाओं को केन्द्रित करते हुये स्टॉल लगाये जायेंगे, स्वरोजगार की गतिविधियों से जुड़ने मार्गदर्शन दिया जायेगा और लाभांवित करने की कार्यवाही की जायेगी। जिला स्तरीय रोजगार मेला में बैंकों द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टेंड अप योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना जैसी प्रमुख योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा।

**CHANGE OF NAME**

I, **SUNITA BAJIYA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of **ARMY NO. 15669014P RANK HAV NAME JAGAN SINGH BAJIYA UNIT 42 ADSR COMN COY** presently residing at **VILL-LAKHNI, PO-LAKHNI, TEH-RINGAS,DIST-SIKAR (RAJASTHAN)-332409** I, have changed of my name from **SUNITA BAJIYA** (name as per my Husband army service record) to name **SUNITA** (name as per my **AADHAR CARD** vide affidavit dated **08/01/2024** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
**CORRECT NAME-SUNITA**
**INCORRECT NAME-SUNITA BAJIYA**

## सड़क सुरक्षा जागरुता अभियान

# स्कूली छात्रों एवं स्टाफ को किया जागरुक

जबलपुर।

एचएमएसआई हर व्यक्ति की सुरक्षा को सर्वेच्च प्राथमिकता देती है। सड़क सुरक्षा जागरुकता को लाखों नागरिकों तक पहुंचाने के लिए यह देश के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियानों का आयोजन करती रहती है। हाल ही में ऐसे एक अभियान का आयोजन जबलपुर शहर में किया गया, जिसने प्रतिभागियों पर गहरी छाप छोड़ी। रॉयल सीनियर सैकण्डरी स्कूल के मैदान में एचएमएसआई ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, जहां 1750 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रियता के साथ अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कई आधुनिक गतिविधियों जैसे स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, सड़क सुरक्षा क्वजि और लेख प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन सभी गतिविधियों ने प्रतिभागियों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया।

HONDA

# हाई कोर्ट ने नाबालिग को गर्भपात कराने की सशर्त अनुमति दी

### -दुष्कर्म का मामला : ट्रायल के दौरान बयान से न मुकरने का शपथ पत्र पेश करने के दिए निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग को गर्भपात कराने की सशर्त अनुमति दी है। इसके तहत इस आशय का शपथ पत्र पेश करने कहा गया है कि वह ट्रायल के दौरान दुष्कर्म के आरोप संबंधी अपने बयान से नहीं मुकरेगी। ये शपथ पत्र इस सीजेएम कोर्ट, सागर व विवेचना अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे। शपथ पत्र में स्पष्ट तौर पर लिखना होगा कि मेरा दुष्कर्म हुआ था और मैंने गर्भपात की अनुमति हासिल करने के लिए हाई कोर्ट की शरण ली थी। सीजेएम, सागर व विवेचना अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शपथ पत्र मिलने के बाद ही गर्भपात की प्रक्रिया पूरी हो। इससे पूर्व शपथ पत्र सहित समस्त जानकारी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष पेश की जाए। उल्लेखनीय है कि इस मामले में हाई कोर्ट के पूर्व आदेश पर पेश की गई मेडिकल रिपोर्ट में साफ किया गया था कि वर्तमान हालत में पीड़िता का गर्भपात संभव है। इस जानकारी को रिकार्ड पर लेकर न्यायमूर्ति जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने नए निर्देश जारी कर दिए। पीड़िता का आरोप है कि कपिल लोधी नामक कम्प्यूटर आपरेटर ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था, जिससे वह गर्भवती हो गई। जिसके बाद सागर के कैंट थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई। याचिका में नौ सप्ताह का भ्रण होने की जानकारी दी गई। याचिकाकर्ता के पिता नहीं चाहते की उनकी बेटी दुष्कर्मी के बच्चे को जन्म दे। पीड़िता की आयु महज 17 वर्ष है अतः मां बनने से जान को खतरा हो सकता है। हाई कोर्ट ने याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद मेडिकल कमेटी गठित करने की व्यवस्था दी थी।

## हत्यारे को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश उदय सिंह मरावी की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी प्रमोद कुशवाहा का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही ढ़ाई हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संगीता सिंह परिहार ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पनागर पुलिस ने एक लाश मिलने के बाद मर्ग कायम किया था। जांच में पता चला कि मृतक विनय पटेल पारले-जी फैक्टरी गोदाम, रिछाई में कार्य करता था। उसके साथ आरोपित भी कार्यरत था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। जिसके बाद दोनों मिलकर बिस्किट के कार्टूनों की चोरी कर अवैध लाभ अर्जित करने लगे। 11 और 12 अगस्त, 2018 की दरमियानी रात दोनों 12 कार्टून चोरी कर बाहर निकले। जिसके बाद माल छिपाते समय विनय को करंट लग गया। आरोपित ने अन्य साथियों की मदद से उसे उठाकर ईमलिया पडारिया के रास्ते से जलगांव के पास स्थित बड़ी नहर की पुलिया के पास पानी में फेंक दिया।

**In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: श्वेता तिवारी**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/ 0000155/ 2023)
शैलेन्द्र सिंह ठाकुर...आवेदक Vs आम जनता...अनावेदक
Process Id-/2023 पेशी दिनांक:-18/03/2024
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र. (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र सिंह ठाकुर पता म.नं. 1 कृष्णा नगर माढ़ोताल दिनदयाल उपाध्याय वार्ड जबलपुर म.प्र. ने मृतक नरेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी म.नं. 1 कृष्णा नगर माढ़ोताल दिनदयाल उपाध्याय वार्ड जबलपुर म.प्र.की पंजाब एण्ड सिंध बैंक शाखा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, आधारताल, जबलपुर म.प्र. से जमा राशि प्राप्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 March 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 March 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 26 December 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा (श्वेता तिवारी)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## रोचक खबरें

### मशहूर : पूरे एशिया में सबसे खास है यह चिड़ियाघर, यहां हैं हर राज्य के पशु-पक्षी

**नैनीताल।** उत्तराखंड का नैनीताल तो पूरे देश में मशहूर है, ये तो हम सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं यहां का चिड़यिाघर भी पूरे एशिया में एक अलग ही पहचान बनाए हुए हैं। जी हां, कई आकर्षणों के बीच यहां एक चिड़ियाघर भी हैं, जो एशिया का सबसे हाई एल्टिट्यूड जू होने के अलावा देश के कोने-कोने से लाए जाने वाले जानवरों की प्रजातियों के लिए भी मशहूर है। लगभग 11 एकड़ में फैले नैनीताल चिड़ियाघर परिसर भी काफी खूबसूरत है, जगह-जगह यहां आपको पेंटिंग्स दिख जाएगी, जिसमें कुमाऊंनी शैली डिजाइन की गई है। वहीं पूरे परिसर में घूमने के बाद आप खूबसूरत पार्क में आराम भी कर सकते हैं।



**1984 में हुई थी स्थापना** : 11 एकड़ में फैले इस चिड़ियाघर की स्थापना 1984 में की गई थी, साल 1995 में इस चिड़ियाघर को पर्यटकों और आम नागरिकों के लिए भी खोल दिया गया था। अभी यहां देश-विदेश से लाए गए कुल 200 जानवर और पक्षी मौजूद हैं। इनमें तेंदुआ, बंगाल टाइगर, तिब्बती भेड़िया, हिमालयन ब्लैक बीयर, मोनाल, सिल्वर फीजेंट और मारखोर जैसी प्रजातियां शामिल हैं। बता दें, उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और भारत के चौथे गृह मंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत के नाम पर इस जगह का नाम रखा गया।

### उत्सव : संक्रांति पर होगी मुर्गों की लड़ाई, ताकत के लिए खिलाई जा रहीं दवाएं

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति उत्सव के दौरान मुर्गों की लड़ाई होती है। इस लड़ाई में सट्टेबाजी भी की जाती है, जिसमें करोड़ों रुपये दांव पर लगते हैं। अब मकर संक्रांति कुछ ही दिनों बाद आने वाली है, इसलिए मुर्गापालक अपने मुर्गों को लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए स्टेरॉयड युक्त भोजन के अलावा वियाग्रा और शिलाजीत भी खिला रहे हैं। इससे पता चलता है कि इलाके में मुर्गों की लड़ाई कितनी जरूरी है। इस साल मुर्गों की लड़ाई का त्योहार 14 से 16 जनवरी तक मनाया जाएगा और इसके लिए अखाड़े भी खुल गए हैं।



**बीमारी के कारण कमजोर हो गए हैं मुर्गे** : हालांकि, संक्रांति के लिए कम समय बचा है। ऐसे में दावेदार मुर्गों को अच्छी स्थिति में रहने की जरूरत है, लेकिन एक वायरल बीमारी 'रानीखेत' के कारण मुर्गे कमजोर हो गए हैं और लड़ने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में मुर्गापालक अपने मुर्गों को वियाग्रा और शिलाजीत खिलाकर ताकत देने की कोशिश कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुर्गापालक बगैर यह सोचे अपने मुर्गों को इंसानों के लिए बनी कामोत्तेजक दवाओं को खिला रहे हैं कि इससे उनमें ताकत आएगी या नहीं। एक मुर्गापालक ने कहा, हमने मुर्गे-मुर्गियों को बीमारी से बचाने के लिए बहुत पैसा खर्च किया, लेकिन वो कमजोर हो गए हैं।

### नौकरियां : चीन में मंकी किंग बनकर खाने होंगे केले, 70,000 रुपये मिलेगा वेतन

**बीजिंग।** दुनियाभर में ऐसी कई नौकरियां हैं, जिनके बारे में शायद आपने कभी कल्पना नहीं की होगी। इसी कड़ी में अब चीन के हेबेई प्रांत का पर्यटन स्थल वुझिशान सीनेक एरिया ने एक अनोखी नौकरी निकाली है। यह नौकरी 'मंकी किंग' बनने की है यानी इसमें व्यक्ति को 'मंकी किंग' की वेशभूषा धारण करके एक गुफा में रहना होगा और पर्यटकों द्वारा दिए केले खाने होंगे। दरअसल, यहां सुन वुकोंग नामक 'मंकी किंग' चीनी किंवदंती के रूप में लोकप्रिय है। ऐसे में यहां 'मंकी किंग' के आइकॉनिक किरदार में ढलने के लिए लोगों को ढूंढा जा रहा है।



## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

---

**इकलौती प्रति**

उर्दू में रामायण को डिजिटल करने वाली टीम है बेहद उत्साहित

# बेहद अनोखी है ये रामायण, पढ़ते-देखते समय सुरक्षा में तैनात रहते हैं कर्मचारी

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामकाज के बीच आज हम एक ऐसी रामायण के बारे में आपको बताने जा रहे हैं जो बेहद अनूठी है। जब भी कोई इसे देखने या पढ़ने आता है तो इसकी सुरक्षा के लिए कर्मचारी तैनात रहते हैं। उर्दू में लिखी गई ये अनोखी रामायण मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की राजा महेंद्र प्रताप लाइब्रेरी में सुरक्षित रखी है।



आपको बता दें कि उर्दू में लिखी हुई रामायण अब डिजिटल हो गई है. अब उर्दू में लिखी रामायण को डिजिटल रूप में पढ़ा जा सकता है। एक सौ चार साल पुरानी इस रामायण के कई महीनों की मशक्कत के बाद डिजिटल किया गया है। विवि के छात्र छात्राएं और उर्दू में रामायण को डिजिटल करने वाली टीम बेहद उत्साहित हैं। सभी का कहना है कि उर्दू में रामायण पढ़ना बेहद दिव्य अनुभव है।

### 1916 को लाहौर में हुई थी प्रकाशित, पूरी दुनिया में सिर्फ इकलौती प्रति

खास बात यह है कि उर्दू में लिखी यह 'रामायण' बेहद अनमोल है। देश में मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में ही इसकी इकलौती प्रति मौजूद है। बताया जाता है कि आजादी से पूर्व जब पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत का हिस्सा हुआ करते थे, तब 1916 में लाहौर में उर्दू रामायण प्रकाशित हुई थी। इस रामायण को महात्मा शिवव्रत लाल द्वारा उर्दू में ट्रांसलेट किया गया था। जिससे जो भी उर्दू भाषा में रामायण का अध्ययन करना चाहते हैं वह इस रामायण को पढ़ सकें।

### जिसके पास थी रामायण वह देने तैयार नहीं थे

इस रामायण में गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित रामायण से जुड़ी सभी चौपाई उर्दू में दी हुई हैं। चौधरी चरण सिंह विवि में राजा महेंद्र प्रताप पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ जमाल अहमद सिद्दीकी ने बताया कि, वो कुछ वर्षों पहले एक कार्यक्रम में गए थे। जहां एक विद्वान व्यक्ति की निजी लाइब्रेरी में उन्होंने यह उर्दू रामायण देखी। उर्दू रामायण को देखकर जमाल सिद्दीकी ने आग्रह किया कि इस नायाब और खास भाषा में लिखी रामायण को उन्हें दे दिया जाए। पहले तो संबंधित व्यक्ति द्वारा इस रामायण को देने से मना कर दिया गया। बार बार अनुरोध करने के बाद इसे राजा महेंद्र प्रताप लाइब्रेरी के लिए लाया गया। तब से यह लाइब्रेरी की अमानत बनी हुई है और अब इस रामायण को डिजिटल कर दिया गया है।

### पढ़ते-देखते समय तैनात रहते हैं दो कर्मचारी

लगभग 104 वर्ष पुरानी यह उर्दू रामायण सिर्फ उन्हीं छात्रों को दिया जाता है जो इसके बारे में जानना चाहते हैं। इतना ही नहीं रामायण का अध्ययन करते समय लाइब्रेरी प्रशासन का कोई ना कोई पदाधिकारी साथ में रहता है क्योंकि यह विश्विद्यालय की एक अनमोल अमानत है।

### डिजिटल प्लेटफार्म पर लांच ग्लोबल होगा संस्करण

लाइब्रेरी प्रशासन ने इस खास रामायण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी लॉन्च कर दिया है। विवि प्रशासन ने इस उर्दू रामायण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया गया है। बहुत जल्द डिजिटल संस्करण ग्लोबल हो जाएगा और कोई भी कहीं पर भी उर्दू में लिखी हुई रामायण पढ़ सकता है। शायद इसलिए कहते हैं कि वाकई में राम की महिमा निराली है और राम के भक्तों की श्रद्धा अपरंपार है।

---

## दुनिया की सबसे पुरानी और गहरी झील, छुपा है 500 टन सोना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि दुनियाभर में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जिन्हें देखने के बाद आपको अपनी आंखों पर यकीन नहीं होगा। उनसे जुड़े तथ्यों को जानकर यही ख्याल आता है कि दुनिया में ऐसा भी हो सकता है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के बहुत से रहस्यों को सुलझा दिया है, लेकिन आज भी ऐसे कई रहस्य मौजूद हैं, जिन्हें सुलझाना बाकी है। बिल्कुल ऐसा ही एक रहस्य रूस की बैकाल झील अपने में समेटे हुए है। दरअसल, रूस के साइबेरिया क्षेत्र में स्थित बैकाल झील दुनिया की सबसे गहरी, सबसे बड़ी और सबसे पुरानी झील है, झील में उतरना खतरे से खाली नहीं है, कहते हैं कि इस झील में जाने वाले का वापस आना मुश्किल हो जाता है।

### आखिर क्यों मानी जाता है इसे खतरनाक

बैकाल झील दुनिया की सबसे गहरी और सबसे बड़ी ताजा पानी की झील है। बैकाल झील में दुनिया का लगभग 20 फीसदी साफ पानी का जमाव है। झील के ऊपर बर्फ की चादर के नीचे पानी बेहद ठंडा रहता है जिसमें मानव का जीना नामुमकिन ही है। शायद यही कारण है कि इस झील में किसी को भी उतरने नहीं दिया जाता यह झील 1700 मीटर यानी 1.7 किलोमीटर गहरी है, जिसे मीठे पानी का एक प्रमुख स्त्रोत भी माना जाता है। यह झील लंदन और एडिनबर्ग के बीच की दूरी जितनी लंबी है, जोकि हर साल 2 सेमी की दर से बढ़ती ही जा रही है।



### सर्दियों में जम जाती है दो मीटर मोटी बर्फ

इतना ही नहीं, सर्दियों में पारा गिरने से इस झील पर दो मीटर मोटाई की बर्फ की परत जम जाती है। सबसे खास बात है कि जब बैकाल झील जम जाती है, तो यहां एक अद्भुत नजारा भी सामने आता है। बैकाल झील का पारिस्थितिकी तंत्र ऐसा है कि जब झील जम जाती है तो यहां का पानी मीथेन गैस का वातावरण में रिलीज नहीं होने

### बैकाल झील लगभग 2,500 मिलियन वर्ष पुरानी

बैकाल झील लगभग 2,500 मिलियन वर्ष पुरानी है। यही कारण है कि इसे दुनिया की सबसे पुरानी झील माना जाता है। यह झील चारों तरफ से पहाड़ों से घिरी हुई है। इसके उत्तर तट पर बैकाल पर्वत, उत्तर पूर्वी तट पर बरगुजिन रेंज और पश्चिमी तट पर प्रीमोर्सकी रेंज शामिल है। **झील में ओलखोन सहित 27 द्वीप शामिल** : इस झील में 27 द्वीप भी शामिल हैं। जिसमें सबसे बड़ा ओलखोन द्वीप है, जोकि 72 किमी (45 मील) लंबा है। यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा झील से घिरा द्वीप है। झील को लगभग 330 बहने वाली नदियों से पानी मिलता है। बैकाल में सीधे बहने वाली मुख्य धाराएं सेलेंगा-बारगुजिन, ऊपरी अंगारा, तुर्का, सरमा और स्नेझनाया हैं।

---

## अदाणी एनर्जी के साथ स्मार्ट मीटरों को संचालित करने का करार

**गुरुग्राम।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल की बी2बी इकाई, एयरटेल बिजनेस ने घोषणा की कि यह अदाणी एनर्जी सॉलूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के लिए 20 मिलियन से अधिक स्मार्ट मीटर्स को सशक्त करेगी। एयरटेल अपने राष्ट्रव्यापी मजबूत संचार नेटवर्क के माध्यम से एईएसएल के लगाए गए स्मार्ट मीटर्स के लिए भरोसेमंद और सुरक्षित कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इसके अलावा, एनबी-आईओटी, 4जी और 2जी द्वारा संचालित बदलाव लाने वाले स्मार्ट मीटरिंग समाधानों से एईएसएल को स्मार्ट मीटर्स और हेडएंड ऐप्लिकेशंस के बीच रियल-टाइम कनेक्टिविटी और महत्वपूर्ण डेटा का आसानी से स्थानांतरण सुनिश्चित होगा। यह समाधान एयरटेल के आईओटी प्लैटफॉर्म - 'एयरटेल आईओटी हब' से पावर्ड होंगे। यह प्लैटफॉर्म आधुनिक विश्लेषणों और नैदानिक क्षमताओं के द्वारा स्मार्ट मीटर की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की क्षमता प्रदान करेगा।

## पार्क में टाइगर को टहला रहा था बच्चा, फिर अचानक हुआ ऐसा....

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आपने कुत्ता, बिल्ली, कुत्ता समेत कई जानवरों को अपने घर में पाला होगा या अपने अगल बगल किसी को पालते हुए देखा होगा. लेकिन क्या आपने कभी बाघ पाला है या फिर घुमाया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बच्चा बाघ को एक पार्क में टहला रहा है। बाघ के गले में एक चैन दिखाई दे रही है जिसे पकड़कर वह बच्चा उसे टहलता हुआ दिखाई दे रहा है।

---

## इस गांव में हैं सबसे ज्यादा जुड़वा बच्चे

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक ऐसा गांव है, जहां सैकड़ों जुड़वा बच्चे हैं। इस गांव का नाम कोडिन्ही है और यहां असामान्य रूप से बड़ी संख्या में जुड़वा बच्चे हैं। कुछ लोग इसे खान-पान का नतीजा बताते हैं तो कुछ इसे हवा-पानी की देन मानते हैं। ऐसा होने का कारण पता लगाने के लिए कई तरह के शोध भी किए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी यह एक रहस्य बना हुआ है।



कोडिन्ही, मलाप्पुरम जिले का एक छोटा और सुदूर गांव है, जहां सबसे ज्यादा जुड़वा बच्चे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गांव में 400 से ज्यादा जोड़े जुड़वा हैं। जुड़वा बच्चों की इतनी अधिक संख्या होने के कारण ही इस गांव को 'ट्विन टाउन' भी कहा जाता है। इस असामान्य घटना की पहेली को सुलझाने के लिए डॉक्टर और विषेषज्ञ भी अपना दिमाग लगा रहे हैं। हालांकि, वे अभी तक किसी सटीक नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं।

### 1990 के बाद से जुड़वा बच्चों के जन्म में हुई वृद्धि

जानकारी के मुताबिक, गांव में जुड़वा बच्चे के जन्म का मामला पहली बार 1940 के दशक में आया था, लेकिन 1990 के दशक के अंत तक जुड़वा बच्चों के जन्म की संख्या में वृद्धि नहीं हुई थी। इसके बाद से ही गांव में जुड़वा बच्चों के जन्म की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिससे यह धीरे-धीरे शोधकर्ताओं के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बन गया है, जो जुड़वा जन्म की घटना का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं।
**जुड़वा बच्चों को विशेष उपहार मानते हैं निवासी** : गांव के लोग जुड़वा बच्चे होना एक विशेष उपहार के रूप में देखते हैं और अपनी जुड़वा आबादी पर गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, यहां के निवासी जुड़वा बच्चों के लेकर वार्षिक उत्सव भी मनाते हैं और इसमें भाग लेने के लिए देशभर के लोग कोडिन्ही आते हैं। इस दौरान पारंपरिक नृत्य, संगीत और भोजन की व्यवस्था भी की जाती है। लोगों ने जुड़वा जन्म को लेकर लगाएं ये अटकलेंलोगों का मानना है कि स्थानीय आहार के कारण शायद जुड़वा बच्चों के गर्भधारण की संभावना बढ़ती है, जबकि अन्य लोग सोचते हैं कि यह यहां के हवा या पानी में विशेष तत्व के कारण हो सकता है।

## शिकारियों से बचने एक आंख खोलकर सोती है डॉल्फिन

**नई दिल्ली।** जलीय स्तनधारी जीवों में माना जाता है कि डाल्फिन मछली दिमाग की सबसे तेज होती है। आपने भी अक्सर उसे इशारों पर करतब करते हुए देखा होगा। क्या आप जानते हैं कि जब जलीय स्तनधारी जीव डॉल्फिन सोती है तो अपनी एक आंख खोलकर सोती हैं, जिससे वह नींद में भी सचेत रहकर खुद को शार्क जैसे शिकारी जीवों से बचा पाती है। सोते समय भी उसका आधा दिमाग काम करता रहता है। इसका कारण है कि उसे कभी-कभी सतह तक जाने और सांस लेने के लिए पर्याप्त नियंत्रण बनाए रखने की जरूरत होती है।


**आवश्यकता**

!!! बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/12/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

---

## शब्द पहेली - 5390



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5389 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5400

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SEMACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5399 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## 'एनिमल' के मेकर्स ने जारी किया विशेष ऑफर, मात्र 100 रुपए में देखें मूवी...




**मुंबई।** फिल्म एनिमल जिन्होंने अभी तक नहीं देखी है उनके लिए ये एक अच्छी खबर है। फिल्म के मेकर्स ने फैंस के लिए एक खास ऑफर पेश किया है। अब तक जिसने ये फिल्म न देखी हो, वो अब बहुत ही कम दाम में इसे थिएटर में जाकर देख सकता है। बताया जा रहा है, ये ऑफर फिल्म के मेकर्स ने फिल्म की सक्सेस को देखते हुए निकाला है, और ये ऑफर है 300 रुपए में मिलना वाला टिकट अब 100 रुपए में मिलेगा।

## 'डंकी' ने तोड़ा चेन्नई एक्सप्रेस का रिकॉर्ड वर्ल्डवाइड किया 436.40 करोड़ का कलेक्शन



**मुंबई।** राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है।'डंकी' को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 19 दिन हो चुके हैं। इतने दिनों में शाहरुख खान की इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड बना लिए हैं। 'डंकी' ने फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। जिसने दुनिया भर में 424.54 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 436.40 करोड़ रुपए की कमाई की है।

## मचा प्रभास की फिल्म सालार का भौकाल दुनियाभर में किया गदर-2 का रिकॉर्ड ब्रेक



**मुंबई।** वर्ल्डवाइड प्रभास की फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन 687.51 करोड़ रुपये की कमाई के साथ सनी देओल की साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर 2' को पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि 'गदर 2' ने दुनियाभर में 686 करोड़ रुपए कमाए थे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी और प्रभास स्टारर 'सालार पार्ट 1: सीजफायर' ने देश और पूरी दुनिया में शानदार परफॉर्म किया है और इसी के साथ इसने छप्परफाड़ कमाई भी की है।



## फाइटर का नया गाना 'हीर आसमानी' रिलीज

**मुंबई।** फिल्म फाइटर का नया गाना हीर आसमानी मंगलवार को रिलीज हुआ। फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद का कहना है, "हीर आसमानी एक ऐसा ट्रैक है, जो एक साथ आने वाले एयर ड्रैगंस के विशेष दस्ते को समर्पित है। यह गाना ब्रीफिंग और ट्रेनिंग सेशन के साथ-साथ उनके डाउनटाइम के दौरान क्रू बॉन्डिंग को प्रदर्शित करता है। हीर आसमानी की थीम एयर फोर्स है, जिसमें पायलट आसमान के प्रति अपने बिना शर्त प्यार, अपने जुनून को व्यक्त कर रहे हैं। गाने के वीडियो में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण आसमान में उड़ान भरते हैं। वहीं, बाकी किरदार बाद में क्रू के साथ मस्ती करते नजर आते हैं।

लाइफ Style

# रश्मिका

## पहले भी टूट चुकी है सगाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इन दिनों रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरें सुर्खियों में बनी हुई है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं है। लेकिन क्या आपको पता है विजय से पहले भी रश्मिका का दिल किसी और के लिए धड़क चुका है। इतना ही नहीं दोनों ने सगाई की और फिर रिश्ता टूट गया।

रश्मिका एक बार पहले भी सगाई कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने सगाई के 14 महीने बाद अपना रिश्ता तोड़ दिया था। रश्मिका की पहली साउथ फिल्म 'किरिक पार्टी' थी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ लीड एक्टर में रक्षित शेट्टी थे। दोनों को फिल्म की शूटिंग के वक्त दोस्ती गहरी हो गई। ये दोस्ती कब प्यार में बदल गई दोनों को इसका पता ही नहीं चला। इसके बाद रश्मिका ने साल 2017 में रक्षित शेट्टी से सगाई कर ली थी। लेकिन दोनों का रिश्ता महज 14 महीने ही चला और फिर दोनों ने सगाई तोड़ दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रश्मिका और रक्षित के सगाई तोड़ने के पीछे की वजह दोनों की कंपेटिबिलिटी में आ रही दिक्कतें थीं। खबर तो ये भी है कि इन 14 महीनों में दोनों के बीच काफी दिक्कतें आने लगी थीं, जिसके बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया था। रश्मिका ऐसी एक्ट्रेस है, जिन्होंने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक खूब नाम कमाया। साउथ में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने के बाद रश्मिका ने हिंदी सिनेमा जगत में एंट्री मारी और अब हाल ही में रिलीज 'एनिमल' में सभी को इंप्रेस कर दिया। वहीं 'पुष्पा' फिल्म के तो क्या ही कहने। इस फिल्म में रश्मिका ने श्रीवल्ली बनकर लोगों का ऐसा दिल जीता कि वो फैंस के दिलों में कब्जा जमा गईं।



## हॉलीवुड मसाला



## सेलेना ने किया बेनी को किस

**लॉस एंजेलिस।** एक्टर-सिंगर सेलेना गोमेज को शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' में माबेल मोरा की भूमिका के लिए उन्हें टेलीविजन सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। अवॉर्ड को जीतने के बाद सेलेना ने बेनी ब्लैंको को सबके सामने किस किया। उन्होंने अपने ब्वॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंकों को किस करते हुए तस्वीर को इंस्टा स्टोरी में भी शेयर किया। कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर सेलेना और बेनी के किस की तस्वीर वायरल हो गई। सेलेना और संगीत निर्माता बेनी ब्लैंको की यह रोमांटिक किस की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।




## कैरी बर्नांस हुईं हिट एंड-रन का शिकार

**लॉस एंजेलिस।** कैरी बर्नांस खतरनाक एक्सीडेंट का शिकार हो गईं। न्यूयॉर्क में उनके साथ हिट-एंड-रन एक्सीडेंट हो गया। 29 साल की एक्ट्रेस हाल ही में मां बनी थी। राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त वह अपने बच्चे के साथ नहीं थीं। इस एक्सीडेंट में कैरी बर्नांस को कई फ्रैक्चर हुए। उनकी कई हड्डियां और दांत टूट गए। फिलहाल वह अस्पताल में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि भी की गई है कि दुर्घटना के दौरान उनका 8 महीने का बच्चा घटनास्थल पर नहीं था। कैरी बर्नांस की मां पेट्रीसिया ली ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीरों की एक सीरीज में अपनी बेटी की चोटों के बारे में बताया है। एक तस्वीर में एक्ट्रेस का चेहरा खून से लथपथ और सूजा हुआ। उनके टूटे हुए और खून से सने दांत भी इसमें दिख रहे हैं।



## फिल्म इंडस्ट्री को चाहती हैं छोड़ना

**मुंबई।** कंगना रनौत सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इसी कड़ी में कंगना ने अपने पोस्ट से हर किसी को हैरान कर दिया। अभिनेत्री ने एक बयान देते हुए कहा कि वह अपनी फिल्मों के लिए पेड निगेटिविटी के कारण जल्द ही इंडस्ट्री को छोड़ने पर विचार कर रही हैं। अभिनेत्री का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कंगना ने एक्स पर एक ट्वीट कर कुछ ऐसा लिख दिया, जिसे सोशल मीडिया यूजर्स रणबीर कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'एनिमल' से जोड़कर देख रहे हैं। एक्स पर बोलते हुए, कंगना ने कहा कि दर्शक महिलाओं की पिटाई वाली फिल्मों को प्रोत्साहित करते हैं, जहां उन्हें जूते चाटने के लिए कहा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह उन लोगों के लिए भी हतोत्साहित करने वाला है, जो महिला सशक्तिकरण पर फिल्में बना रहे हैं।




## विशाल के साथ करेंगे कोलैबरेशन...

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अगली फिल्म विशाल भारद्वाज के साथ करने जा रहे हैं। शाहरुख चाहते हैं कि वो आने वाले दिनों में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में काम करें। इसलिए उन्होंने विशाल के साथ काम करने का फैसला लिया है। खबरें हैं कि ये एक थ्रिलर फिल्म होगी। विशाल भारद्वाज स्टोरीटेलिंग के लिए जाने जाते हैं। शाहरुख के साथ भी वो स्टोरीटेलिंग का कोई अलग अंदाज़ बड़े पर्दे पर उतारेंगे। विशाल और शाहरुख दोनों के ही सिनेमैटिक एक्सपीरिएंस अलग-अलग हैं। इसलिए शाहरुख, विशाल के साथ काम करने को लेकर काफी एक्साइटेड भी हैं। खबरें ये भी हैं कि आने वाले कुछ दिनों में विशाल और शाहरुख की दो-चार मीटिंग्स भी होगी। इसमें इस प्रोजेक्ट पर चर्चा की जाएगी। शाहरुख ने अपने करियर में कई एक्सपेरिमेंट्स वाली फिल्में की हैं।

## टीवी मसाला

## वॉर्निंग -2 के लिए जैस्मीन ने की पहली बार पंजाबी भाषा में डबिंग

**मुंबई।** अभिनेत्री जैस्मीन भसीन ने वॉर्निंग 2 के लिए पंजाबी भाषा में डबिंग की है। फिल्म हनीमून से जैस्मीन भसीन ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था फिल्म में उनके साथ गिप्पी ग्रेवाल नज़र आए थे। इस जोड़ी को लोगों ने काफी पसंद भी किया था। अब जैस्मीन फिल्म वार्निंग 2 में नज़र आनेवाली हैं। पहली बार जैस्मीन ने पंजाबी भाषा में डबिंग की है। जैस्मीन ने कहा, इससे पहले हनीमून में किसी और ने मेरे लिए डबिंग की थी, लेकिन इस बार मैं खुद करना चाहती थी। सौभाग्य से, मैंने पूरी फिल्म में डबिंग की है। चूंकि मैं पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में और अधिक प्रस्तावों की तलाश में हूं, इसलिए मैं पंजाबी भाषा में अपनी एक अच्छी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही हूं। वार्निंग 2 के लिए डबिंग का यह अनुभव बहुत अच्छा था। वॉर्निंग 2, 22 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



### फिल्म मेरा नाम जोकर मे टॉप एक्ट्रेस को किया था कास्ट

## जब राज कपूर ने कर दिया था फिल्म से मुमताज को बाहर

*मुंबई। राज कपूर की 'मेरा नाम जोकर' साल 1970 में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफलता हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस फिल्म ने दर्शकों के मन में अपनी खास जगह बनाई। इस फिल्म में कई एक्ट्रेसेस एक साथ नजर आई थीं। जिन्होंने बारी-बारी के राज कपूर के साथ अपने किरदारों को बेहद ही दमदार अंदाज में दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस फिल्म में उस दौर की टॉप एक्ट्रेस मुमताज को भी कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में उनको फिल्म से बाहर कर दिया गया था। इसके पीछे की वजह शम्मी कपूर बने थे। हाल ही में अपने एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने इस किस्से का जिक्र करते हुए बताया।*



### काफी समय तक एक-दूसरे को किया था डेट

यहीं वजह थी राज कपूर ने उन्हें अपनी इस फिल्म से बाहर कर दिया और उनकी जगह फिल्म में मारीना का किरदार एक रूसी एक्ट्रेस केंसिया रयाबिंकीना ने निभाया था। इससे पहले एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में मुमताज ने बताया था कि उनका शम्मी कपूर के साथ कुछ समय तक रोमांस रहा था, लेकिन ये तब खत्म हो गया जब एक्ट्रेस ने एक स्टार से शादी करने से इनकार कर दिया उनके मुताबिक, वे शम्मी कपूर से बहुत प्यार करती थीं, लेकिन शादी नहीं कर सकती थीं। बता दें, शम्मी कपूर मुमताज से 18 साल बड़े थे।

### इस वजह से निकाला था फिल्म से

दरअसल, उस दौर में मुमताज और शम्मी कपूर का नाम एक साथ जोड़ा जा रहा था, जिसकी वजह से उनके हाथ से यह फिल्म निकल गई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में मुमताज ने बताया, ट्रैपेज आर्टिस्ट के रोल के लिए राज कपूर ने उनका ऑडिशन लिया था राज कपूर, जो खुद फिल्म में मुख्य अभिनेता थे ने बाद में उन्हें कास्ट न करने का फैसला किया। मुमताज ने कहा, 'उनका ऑडिशन लेने के बाद राज कपूर ने ये कहकर उनकी बात काट दी थी कि वे जल्द ही उनके घर आएंगी और वे नहीं चाहते थे कि वो इतने छोटे कपड़े पहनें।

## कोंकणा परेशान हैं अपनी बुरी आदत से, चाहती हैं छोड़ना

**मुंबई।** बॉलीवुड की शानदार एक्ट्रेसेस में से एक अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती है। हालांकि इन दिनों एक्ट्रेस अपनी एक आदत से बहुत परेशान है। इतना ही नहीं बल्कि इसे वो छोड़ना भी चाहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया कि आपकी सबसे बुरी आदत कौन-सी है। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा कि अगर मैं अपनी सबसे बुरी आदत के बारे में बात करूं, तो वो है सिगरेट पीना, ये मेरी सबसे बुरी आदत है, जिसे मैं छोड़ना चाहती हूं। कोंकणा ने कहा कि मैं बहुत ज्यादा तो सिगरेट नहीं पीती हूं, लेकिन अब मैं इससे हर हाल में पीछा छुड़ाना चाहती हूं। एक्ट्रेस से उनकी लाइफ के सबसे बुरे दौर को हटाने के लिए पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मैं अगर अपनी लाइफ के किसी खराब टाइम को हटाना चाहती हूं, तो वो है वो तीन महीने जब मैं बेड रेस्ट पर थी। ये टाइम मेरी लाइफ का सबसे खराब टाइम था।



# मंजूषा, विनीत, कविथा को जीवनपर्यंत ध्यानचंद पुरस्कार, 5 खेलों के कोच को द्रोणाचार्य अवार्ड


मंजूषा कंवर


विनीत कुमार शर्मा


कविथा सलवाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 में खेल मैदान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया।

इन खिलाड़ियों में पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा तथा पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज शामिल हैं। इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में शतरंज कोच आरबी रमेश भी शामिल हैं जिन्होंने प्रज्ञानानंदा को तैयार किया है। बता दें कि खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है।

## द्रोणाचार्य पुरस्कार

ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज), महावीर प्रसाद सैनी (पैरा एथलेटिक्स), शिवेंद्र सिंह (हॉकी) और गणेश प्रभाकर देवरुखकर (मल्लखंब) को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला। ये पुरस्कार उन कोचों को दिया जाता है जिन्होंने अपना जीवन एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए समर्पित कर दिया।



## इन खिलाड़ियों को मिला ध्यानचंद पुरस्कार

इस बार ध्यानचंद पुरस्कार जीवनपर्यंत 3 खिलाड़ियों को दिया गया। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर ने 1998 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2004 में पाकिस्तान में आयोजित दक्षिण एशियाई खेलों में पदक जीता था। पूर्व हॉकी खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा ने एशियाई खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक में भी हिस्सा ले चुके हैं। पूर्व कबड्डी खिलाड़ी कविथा सलवाराज ने 2010 में एशियाई खेलों और एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में कई पदक जीते हैं।

## अर्जुन पुरस्कार

ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बाउल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वैश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (कुश्ती)। अंतिम पंघाल (कुश्ती), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजय कुमार रेड्डी (ब्लाइंड क्रिकेट) और प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

## एमएकेए ट्रॉफी मिली इन विश्वविद्यालयों को

मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023: गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (समग्र विजेता विश्वविद्यालय), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (प्रथम रनर अप), कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (द्वितीय रनर अप)।

## समारोह में शामिल नहीं हो पाए चिराग और रंकीरेड्डी

बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया था। वर्तमान में मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेलने के कारण यह जोड़ी समारोह में शामिल नहीं हो पाई। बता दें कि इस जोड़ी ने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन का खिताब भी जीता।

## 26 खिलाड़ी और पैरा खिलाड़ी भी हुए सम्मानित

राष्ट्रपति भवन में 26 खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हांगझू एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल के फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ स्थिति के कारण दोनों हाथ नहीं हैं। वह दोनों हाथों के बिना तीरंदाजी करने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं। टखने की चोट से उबर रहे शमी सम्मान हासिल करने के लिए समारोह में मौजूद थे।

## देश की तीसरी ग्रैंडमास्टर वैशाली भी सम्मानित

हाल में शतरंज ग्रैंडमास्टर बनीं आर वैशाली को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह स्टार ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन हैं। कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली वैशाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी हैं।

## ईशा सिंह भी नहीं पहुंच पाईं समारोह में

युवा स्टार पिस्टल निशानेबाज 19 वर्षीय ईशा सिंह भी जकार्ता में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में हिस्सा लेने के कारण समारोह के लिए नहीं पहुंच पाईं। उन्होंने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया।

## खबर संक्षेप



### ऑकलैंड में पहले दौर में हारे बतिस्ता, शापोवालोव

**ऑकलैंड।** दो बार के चैंपियन रॉबर्टो बतिस्ता आगुत को मंगलवार को यहां एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन के अपने हमवतन रॉबर्टो कारबालेस बेइना के खिलाफ सीधे सेट में शिकस्त का सामना करना पड़ा। कारबालेस ने 2016 और 2018 के चैंपियन बतिस्ता आगुत को 6-4, 6-3 से हराया। दुनिया के 10वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। उन्हें ऑस्ट्रिया के सबेस्टियन ओफनर के खिलाफ 6-4, 6-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। शापोवालोव पिछले साल जुलाई में विंबलडन के चौथे दौर में हार के बाद पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेल रहे थे। उनके घुटने में गंभीर चोट लगी थी। बतिस्ता आगुत जुलाई 2023 में घुड़सवारी करते हुए चोटिल हो गए थे। उन्होंने अक्टूबर में वापसी करते हुए नवंबर में वैलेंसिया में फाइनल और पिछले हफ्ते हांगकांग में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

### क्रिस्टी को हराकर दूसरे दौर में पहुंचा श्रीकांत



**कुआलालंपुर।** भारत के किदांबी श्रीकांत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को कड़े मुकाबले में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। आंध्र प्रदेश के गुंटूर के 30 साल के श्रीकांत ने एक घंटा और पांच मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में छठे वरीय क्रिस्टी को 12-21 21-18 21-16 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत आम तौर पर तीन गेम के मुकाबले के दबाव को झेलने में नाकाम रहे हैं लेकिन मंगलवार को पहला गेम गंवाने के बावजूद उन्होंने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। इंडोनेशिया के खिलाड़ी के खिलाफ श्रीकांत ने कुछ बेहतरीन मैच खेले हैं। उन्होंने क्रिस्टी के खिलाफ 11 में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

# भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार तीन मैचों की टी-20 सीरीज कल से

### दोनों देशों के बीच अब तक नहीं खेली गई वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 11 जनवरी से 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। विश्व कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी टी-20 सीरीज होगी। अफगानिस्तान और भारत के बीच टी-20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई द्विपक्षीय सीरीज खेली जा रही है। बता दें कि दोनों देशों के बीच अब तक वनडे और टी20 में कोई भी सीरीज नहीं खेली गई है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह पहली टी20 सीरीज होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ी 14 महीने बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी भी कर रहे हैं। सभी मैच शाम 7 बजे शुरू होंगे।

## अफगानिस्तान की टी-20 टीम

टी-20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान ने 19 सदस्यीय टीम का चुनाव किया है। इब्राहिम जादरान टीम के कप्तान हैं। अफगानिस्तान की टीमः इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनात, अजमुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ , मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

## ऐसी रहेगी रोहित शर्मा की ब्रिगेड

लगभग 1 साल के बाद एक बार फिर रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो वह टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम के कप्तान हो सकते हैं। भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।



भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज का शेड्यूल
- पहला टी20: 11 जनवरी, मोहाली, शाम 7 बजे से
- दूसरा टी20: 14 जनवरी, इंदौर, शाम 7 बजे से
- तीसरा टी20: 17 जनवरी, बेंगलुरु, शाम 7 बजे से

## अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 क्रिकेट में सिर्फ 5 मैच खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।

## दोनों टीमों के बीच सिर्फ एक टेस्ट सीरीज हुई

दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक सिर्फ एक ही इंटरनेशनल द्विपक्षीय सीरीज खेली गई है। यह टेस्ट सीरीज थी, जो जून 2018 में हुई थी। तब उस द्विपक्षीय सीरीज के तहत सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने पारी और 262 रनों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

# इंग्लैंड टीम अपना बावर्ची लेकर आएगी भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड की टीम जनवरी के अंत में भारत का दौरा करने वाली है, जहां दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस ऐतिहासिक दौरे का आगाज 25 जनवरी से होगा। सीरीज का पहला टेस्ट हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत दौरे पर इंग्लैंड की टीम खास तैयारियों के साथ आने वाली है। खिलाड़ियों के खान-पान का ध्यान रखते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम के साथ एक विशेष शेफ (बावर्ची) भेजने का ऐलान किया है।

## पाकिस्तान दौरे से ईसीबी ने लिया सबक

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि खानपान का ध्यान रखने के लिए मैनचेस्टर यूनाइटेड के मशहूर शेफ ओमार मेजिने को इंग्लैंड टीम का पर्सनल शेफ नियुक्त किया है। ईसीबी ने कहा कि 2022 में पाकिस्तान के दौरे में इंग्लैंड की टीम को खराब खाना मिला था, जिससे कई अंग्रेज खिलाड़ी बीमार तक हो गए थे।ईसीबी का मानना है कि भारत में अधिक मसाले का खाना ज्यादा बनता है। इससे भी हमारे खिलाड़ियों को दिक्कत हो सकती है। टीम के साथ शेफ भेजने से यह फायदा होगा कि खिलाड़ी अब ज्यादा नहीं सोचेंगे कि क्या खाया जाएगा और क्या नहीं खाया जाए। ईसीबी ने तय किया है कि अब हर दौरे पर खिलाड़ियों के साथ एक विशेष बावर्ची भेजा जाएगा जो खिलाड़ियों को पौष्टिक खाना बनाकर देगा।

# रुद्रांक्ष और मेहुली ने भारत के लिए जीता पांचवां स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

रुद्रांक्ष पाटिल और मेहुली घोष की जोड़ी ने मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को निशानेबाजी एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में शेन युफान और झू मिंगशुआई की चीन की जोड़ी को 16-10 से हराया। रुद्रांक्ष और मेहुली की जोड़ी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रही थी। युफान और मिंगशुआई ने 632.3 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। इन दोनों के क्वालीफाई करने के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय निशानेबाजों की संख्या 15 हो गई है जो तोक्यो खेलों में देश के सबसे बड़े निशानेबाजी दल की बराबरी है। रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा की जोड़ी को हालांकि 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में थू विन्ह ट्रिनह और कुआंग हुइ फाम की वियतनाम की जोड़ी के हाथों शिकस्त के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।


**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**– डीआरएम – डब्ल्यू – जेबीपी – 02 –2024, दिनांक 04.01.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– सहायक मंडल अभियंता /मुख्यालय/जबलपुर के अंतर्गत दो विविध कार्य– भाग एः जबलपुर मे वरिष्ठ मंडल अभियंता (कार्य) पूर्व के अनुभाग के अंतर्गत लोको तलैया में पुराने कार्यालय की मरम्मत कर उसे लिनेन रूम में परिवर्तित करने का कार्य, भाग बी– सहायक मंडल अभियंता/मुख्यालय/जबलपुर के अधीन डी–85/ए एवं एफ/85 को हॉलीडे रूम में परिवर्तित करने का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**– 75,41,174/–, **समापन अवधि**– 10 माह, **बयाना राशि रूपये**– 1,50,800/–, **निविदा सूचना क्रमांक**– डीआरएम–डब्ल्यू–जेबीपी–03–2024, दिनांक 04.01.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– इटारसी– जबलपुर खण्ड में लिमिटेड हाईट सबवे (एल.एच.एस.) क्रमांक 258, 271 एवं 233 की जल निकासी व्यवस्था में सुधार का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**– 93,50,029/–, **समापन अवधि**– 06 माह, **बयाना राशि रूपये**– 1,87,000/–, **निविदा सूचना क्रमांक**– डीआरएम–डब्ल्यू–जेबीपी–04–2024, दिनांक 04.01.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– इटारसी– जबलपुर खण्ड में ब्रिज क्रमांक 943/1, 946/1, 966/2, 967/1, 967/2, 970/1, 970/2, 970/3, 972/1, 974/1, 974/2, 975/1, 977/1, की बैरल लेथ में विस्तार का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**– 3,30,35,808/–, **समापन अवधि**– 12 माह, **बयाना राशि रूपये**– 3,15,200/–, **निविदा सूचना क्रमांक**– डीआरएम–डब्ल्यू–जेबीपी–05–2024, दिनांक 05.01.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– कटनी – सतनाः– किमी 1084/7–8 पर आर्क ब्रिज संख्या 1084/2 पर आरसीसी आर्च बॉक्स प्रदान करने प्रस्तावित पुर्नवास और विस्तार एवं कटनी – सतना खंड पर किमी 1157/1–2 पर पुल संख्या 1157/1 पर टो वॉल, पिचिंग जैसे संरक्षण कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**– 4,05,74,145/–, **समापन अवधि**– 18 माह, **बयाना राशि रूपये**– 3,52,900/–, **निविदा सूचना क्रमांक**– डीआरएम–डब्ल्यू–जेबीपी–06–2024, दिनांक 05.01.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना अनुभाग के अंतर्गत पटवारा, झुकेही, पकरिया रोड, अमदरा, मैहर और लगरगवां यार्ड की क्लियर स्टैंडिंग रूम/ क्लियर स्टैंडिंग लैथ में वृद्धि का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**– 1,32,13,837/–, **समापन अवधि**– 08 माह, **बयाना राशि रूपये**– 2,16,100/–, उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक – **30.01.2024,** उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथि– **30.01.2024,** उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
(Govt. of M.P. Undertaking)
Office of the Executive Director (O&M Gen.)
Shakti Bhavan, Block No. 6, Rampur, Jabalpur (M.P.) CIN-U40109MP2001SGC01882

| Tender Particulars | Tender No. | Estimated Cost Rs. | Tender Cost Rs. | EMD Rs. | Laste Date and Time for Clolsing of Online Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| Hiring of 01 number pooled vehicle i.e. Car with Engine Capacity about 1200 CC (for Petrol Version) with min 2 Air Bags among officers of the O/o ED(O&M:Gen.), ED(Engg.) and CE(CS), MPPGCL, Jabalpur on monthly run basis for 2000 km. per month for a period of 24 Months. | 2024_MPPGC_323174 | 1009764/- | 500/- | 20200/- | 03.02.2024, Upto 15:00 Hrs. |

For extension and other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at www.mptenders.gov.in
M.P. Madhyam/113205/2024 S.E. (GEN.)



**कार्यालय नगर परिषद भुआ-बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)**
क्र./लो.नि.शा./2024/520 **ई–निविदा आमंत्रण सूचना 1st call** भुआ–बिछिया दिनांक 05/01/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_324672_1 05-01-2024 | कायाकल्प 2.0 अभियान अंतर्गत वार्ड क्र. 05,10,13 एवं वार्ड क्र 14 में सी. सी. रोड निर्माण कार्य | 60 दिवस 44,08,510/- | 5000.00 33100.00 | 12/02/2024 |

नोट -(1) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ–बिछिआ
जिला–मण्डला



**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**
**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत अ. डिपो लालपुर खैरबना (कवर्धा) में एकत्रित ईमारती काष्ठ एवं विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्टों का नीचे दर्शित तिथि एवं समय में नीलाम किया जावेगा। इच्छुक क्रेता नीलाम में भाग ले सकते है। नीलामी की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधो हस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 17.01.2024
नीलाम स्थल - कवर्धा डिपो
समय - 9:00 बजे प्रातः से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 30.293 | 110 | 39 | 141.884 | 1301 | 696 | 172.177 | 1411 | 735 |
| साल | 1.611 | - | - | 50.377 | - | - | 51.988 | - | - |
| बीजा | 3.334 | - | - | 0.396 | 5 | - | 3.730 | 5 | - |
| साजा | - | - | - | 3.696 | - | - | 3.696 | - | - |
| स.मो. | 1.092 | - | 6 | 1.082 | - | - | 2.174 | - | 6 |
| धावड़ा | - | - | - | 2.193 | - | - | 2.193 | - | - |
| ह.मु. | 0.560 | - | - | - | - | - | 0.560 | - | - |
| अन्य | 37.037 | - | - | 13.187 | - | - | 50.224 | - | - |
| योगः- | 73.927 | 110 | 45 | 212.815 | 1306 | 696 | 286.742 | 1416 | 741 |

टीप- (1) दिनांक 17.01.2024 को कवर्धा काष्ठागार में अ. डिपो लालपुर खैरबना के ईमारती काष्ठ के नीलाम पश्चात विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्टों का नीलाम किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है :- (अ) अ.ज. डिपो रामपुर में एकत्रित साल प्रजाति के 199 चट्टा एवं मिश्रित प्रजाति के 258 चट्टा, अ. ज. डिपो बानो में एकत्रित सागौन प्रजाति के 10 चट्टा, सलिहा प्रजाति के 44 चट्टा, कुलयोग 511 जलाऊ चट्टा (ब) व्यापारी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं PAN No/GST No. प्रस्तुत करना अनिवार्य है। किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तो का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लॉट के सम्बंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10% के बराबर या 1000/- रू. इनमें से जो अधिक हो बयाने की राशि जमा करना होगा।

वन मंडलाधिकारी
जी-06999/3 कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 176/तक. 2023-24 दिनांक 04.01.2023 | 2024-NVDA-324114-1 | रा.अ. बा.लो. सा. परि. बांयी तट नहर की बेलखेड़ी वितरण नहर की आर. डी. 5.30 किमी. से आर.डी.12.30 किमी. पर लगे फुट ब्रिज का सुधार एवं पेंटिग का कार्य। | 1,81,299.00 (रुपए एक लाख इक्यासी हजार दो सौ निन्यानबे) मात्र | 3626.00 (रू. तीन हजार छः सौ छब्बीस) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 15 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 177/तक. 2023-24 दिनांक 04.01.2023 | 2024-NVDA-324127-1 | रा.अ.बा.लो. सा. परि. बांयी तट नहर की बेलखेड़ी वितरण नहर की आर.डी. 6.30 किमी. पर लगे क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार एवं पेंटिग कार्य। | 2,15,842.00 (रुपए दो लाख पन्द्रह हजार आठ सौ बयालीस) मात्र | 4317.00 (रु. चार हजार तीन सौ सत्रह) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 15 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 178/तक. 2023-24 दिनांक 04.01.2023 | 2024-NVDA-324152-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. पाटन शाखा नहर जरौंद माइनर की आर.डी. 4.78 किमी. एवं जुआब माइनर की आर.डी. 4.79 किमी. एवं उनकी सब माइनर पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य | 1,73,585.00 (रुपए एक लाख तेहत्तर हजार पांच सौ पचासी) मात्र | 3472.00 (रु. तीन हजार चार सौ बहत्तर) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 15 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 179/तक. 2023-24 दिनांक 04.01.2023 | 2024-NVDA-324165-1 | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दायी तट नहर की मटामर माइनर, मदना वितरण महर, एम-1 से एम- माइनर एवं बिलगवा, कुंड माइनर पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 1,19,043.00 (रुपए एक लाख उन्नीस हजार तेतालीस) मात्र | 2381.00 (रु. दो हजार तीन सौ इक्यासी) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 180/तक. 2023-24 दिनांक 04.01.2023 | 2024-NVDA-324183-1 | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 25.200 किमी. (एवं आर.डी. 22.86 किमी. पर लगे हेड, क्रास रेगुलेटर एवं एस्केप गेटों का सुधार कार्य। | 1,83,544.00 (रुपए एक लाख तेरासी हजार पांच सौ चौवालीस) मात्र | 3671.00 (रु.तीन हजार छः सौ इकहत्तर) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 8,73,313.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 29/01/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 29/01/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 31/01/2024, 10:30 से 31/01/2024 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 31/01/2024, 10:31 से 31/01/2024, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता कऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉं.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)
G-22695/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




धान खरीदी में फर्जीवाड़ा से किसानों की मुसीबत

# सवा 4 लाख क्विंटल धान का अवैध भंडारण चुनौती

जबलपुर। जिले में धान खरीदी में फर्जीवाड़ा के मामले मे किसानों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही। सवा लाख क्विंटल धान का बिना अनुमति के भंडारण कर लिया गया। भोपाल से आए जांच दल ने इसकी जांच की और सीधे तौर पर वेयर हाउस संचालकों को दोषी ठहराया। प्रशासन की कार्रवाई वेयर हाउसों को ब्लैक लिस्टेड करने और प्रभारी खाद्य नियंत्रक को निलंबित करने तक सीमित रह गई। एसडीएम एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को नोटिस तक नहीं दिया गया, जबकि मुख्य भूमिका पर सीधे तौर से यह लोग जुड़े रहे। यहां बता दें कि मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कारपोरेशन ने केवल 45 में 36 गोदामों को ब्लैक लिस्टेड किया है। वे धान का भंडारण नहीं कर सकेंगे। लेकिन, उन्होंने पूरी व्यवस्था को तोड़ा, उस आधार पर संचालकों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए थी। इस मामले में जिला प्रशासन अभी पीछे है। उनकी वजह से लाखों रुपए का धान खराब हो गया है। सर्वेयर की जांच में हजारों क्विंटल धान नॉन एफएक्यू मिला है। कई ढेर ऐसे हैं, जिनमें धान अंकुरित हो आए हैं। अब किसानों को इसे ठीक करने में कई दिन लग जाएंगे।



### भारी मात्रा में धान खराब

इस बीच भोपाल से जिन सर्वेयर की टीम को अवैध खरीद केंद्रों में रखे धान की गुणवत्ता को जांचने के लिए भेजा गया है, उन्होंने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। सभी 36 गोदामों में टीम ने पंजीयन के आधार पर किसानों की उपज का आंकलन किया। खराब धान में सुधार के लिए कहा गया है। अच्छे धान की खरीदी की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की बात कही गई है।


### 2 हजार से अधिक किसानों की धान अवैध केंद्रों में रखी

दो हजार से अधिक किसानों ने अपना धान इन अवैध खरीदी केंद्रों में भंडारण किया था। इसकी मात्रा भी सवा चार लाख क्विंटल है। इतनी अधिक मात्रा में धान का भंडारण होता रहा, लेकिन राजस्व अमले को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह पता करने की जरूरत नहीं समझी गई कि यह केंद्र हैं या नहीं। इस मामले में पूरा सिस्टम कटघरे में है। भंडारण होता रहा फिर भी इसे रोका नहीं गया। वेयर हाउस संचालकों को यह भरोसा था कि प्रशासनिक साठगांठ से वे वेयर हाउसों को खरीदी केंद्र बनवा लेंगे, लेकिन इसके पहले ही मामला मच गया। सरकार ने संज्ञान लेते हुए सख्त एक्शन लिया गया यहां तक की कलेक्टर भी बदल दिए गए। अब किसान परेशान है भटक रहा है उसे दिलासा दी जा रही हैं। इस मुद्दे को लेकर किसान कई बार सड़क पर उतर चुका हैं। अभी भी हालत नहीं सुधरे तो किसान आंदोलन की राह पकड़ेंगे।

# तीसरी, चौथी, छठी व सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से

जबलपुर। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में तीसरी, चौथी, छठवीं व सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से होंगी। ये परीक्षाएं चार मार्च तक आयोजित की जाएंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं दोपहर दो से साढ़े चार बजे तक होंगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

आदेश में लिखा है कि प्रथम भाषा के रूप में उर्दू या मराठी का चयन करने पर द्वितीय भाषा अंग्रेजी और अतिरिक्त भाषा के रूप में हिंदी का चयन करना अनिवार्य होगा। वहीं प्रथम भाषा के रूप में अंग्रेजी का चयन करने पर द्वितीय भाषा हिंदी का चयन करना अनिवार्य होगा। यह भी निर्देशित किया गया है कि परीक्षा अवधि में स्थानीय या अन्य अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संपन्न होगी। इस बार लोकसभा चुनाव के कारण सभी परीक्षाएं निर्धारित समय से पहले आयोजित की जा रही हैं।



### पहली व दूसरी कक्षा की नहीं होगी परीक्षा

पहली व दूसरी कक्षा की वार्षिक परीक्षा नहीं होगी। इनमें अभ्यास पुस्तिका के माध्यम से बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा। वहीं नर्सरी से केजी-टू तक की कक्षाओं के बच्चों का किसी भी प्रकार का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

# कागजों तक सीमित हो गई सीखो कमाओ योजना

जबलपुर। शिक्षित बेरोजगार युवाओं की बड़ी तादाद है, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से इन युवाओं ने डिग्रियां और अन्य कोर्सेस तो हासिल कर लिए लेकिन रोजगार का सपना अधूरा है। शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनावों के पहले सीखो कमाओ योजना शुरू की थी। जो अब धरातल पर कहीं नहीं दिखाई दे रही है और योजना का पोर्टल बंद है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया गया था कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण और मासिक भुगतान भी किया जाएगा। वर्तमान की स्थिति में देखे तो योजना का पोर्टल बंद है, जिसके कारण बेरोजगार शिक्षित युवा पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं।

# बिजली ट्रिपिंग की समस्या का निराकरण करें : ऊर्जा मंत्री



जबलपुर। बिजली ट्रिपिंग के कारण ढूढ़े और उनका त्वरित निराकरण करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने सर्कलवार हुई ट्रिपिंग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रिपिंग का कारण स्पष्ट होना चाहिए। ट्रिपिंग के बारे में जरूरी हो तो शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी दें।

### सभी सरकारी भवनों में लगवाएं सोलर प्लांट

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी शासकीय भवनों में सोलर प्लांट लगवाएं। उन्होंने कहा कि मेरे बंगले सहित सभी मंत्रियों के सरकारी आवासों में सोलर प्लांट लगवाएं। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के कार्यों को समयसीमा में पूरा करें। जो कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहें है, उनके कांट्रेक्टरों के विरूद्ध कार्यवाही करें। श्री तोमर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री अपने-अपने क्षेत्र में विधायकों से मिलकर उनके क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सहायक यंत्री प्रतिदिन कम से कम 10 बिजली उपभोक्ताओं से बात जरूर करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (सहारिया, भारिया) की बस्तियों एवं उनके घरों में शत - प्रतिशत विद्युतीकरण के निर्देश दिये। बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे, सचिव रघुराज राजेन्द्रन और विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी उपस्थित थे।

# मप्र में महंगी होगी शराब

जबलपुर। मध्य प्रदेश में शराब के दाम बढ़ सकते हैं। आबकारी विभाग की इस बार 10 प्रतिशत एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने की तैयारी है। आबकारी विभाग ने देशी शराब पर एक्साइज ड्यूटी छह प्रतिशत और विदेशी शराब पर 10 फीसदी तक बढ़ाने की तैयारी की है। जानकारी के अनुसार पिछले चार साल से देशी शराब पर और दो साल से विदेशी शराब पर उत्पाद शुल्क नहीं बढ़ाया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में नई आबकारी नीति जनवरी माह के अंत तक आ सकती है। 2023 में आबकारी नीति फरवरी अंत में आई थी और वर्ष 2022 में जनवरी में नई नीति जारी हुई थी। इस बार आचार संहिता लगने से पहले इसे लाने की तैयारी है। नई आबकारी नीति को लेकर आबकारी विभाग ने शराब ठेकेदारों से सुझाव लिए हैं। इसमें उन्होंने लाइसेंस फीस बढ़ाने पर उतनी ही एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने की भी मांग की है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उनको शराब बेचने की मात्रा कम दी जाए। इसका कारण 85 प्रतिशत मॉल बचने की शर्त है, जिसके नहीं बचने पर उन पर पांच प्रतिशत की पैनल्टी लगती है। उनका कहना है कि इससे बचने के लिए उनको सस्ते में शराब बेचनी पड़ती है। इसके अलावा उनके द्वारा शराब बेचने के लिए नगरीय निकाय की खाली दुकानें या जगह उपलब्ध कराने की मांग की है।

स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ाई

# मेडीकल कालेज के जूनियर छात्र हड़ताल पर गए



जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के पीजी छात्रों को 4 माह से स्टायपेंड का भुगतान नहीं होने से बिफरे मेडीकल कॉलेज के पीजी छात्र मंगलवार को हड़ताल पर चले गए। हड़ताल की वजह से पीजी के डॉक्टर अपनी नियमित डय़ूटी पर नहीं गए और डीन आफिस के सामने नारेबाजी करते रहे। जिससे ओपीडी सहित अन्य सेवाएं प्रभावित रही। पीजी डॉक्टर आज भी ओपीडी में अपनी सेवाएं नहीं देंगे वहीं कल से आपातकालीन सेवाओं से हाथ खींचने की चेतावनी दी है। हड़ताल के पहले दिन पीजी चिकित्सों ने सिर्फ इमरजेंसी में ही अपनी सेवाएं दी। जूडॉ का कहना है कि सरकार कोई ठोस कदम उठाए। दरअसल, सोमवार को भोपाल के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने पीजी चिकित्सकों की मांगों को समर्थन देते हुए पत्र जारी किया है और मागें पूरी न होने की स्थिति में कठोर कदम उठाने की चेतावनी भी दी थी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज अस्पताल के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडॉ) के अध्यक्ष चंद्रबाबू रजक ने कहा कि अगर स्टायपेंड का भुगतान नहीं किया जाता, तो 9 जनवरी और कल 10 जनवरी को रूटीन डय़ूटी और ओपीडी में सेवाएं वे नहीं देंगे। वहीं 11 जनवरी से आपातकालीन सेवाएं भी बंद कर दी जाएंगी। उनका कहना है कि आखिर उन्हें कब तक अपने हक के लिए यूं ही कामधाम छोड़कर सड़क पर आना पड़ेगा। सरकार लिखित आश्वासन दे कि अन्य विभागों की भांति उन्हें भी हर माह की 5 तारीख को स्टायपेंड का भुगतान कर दिया जाएगा। बता दें कि मेडीकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के पीजी छात्रों को बीते 4 माह से भुगतान नहीं हुआ है। इसके अलावा द्वितीय और तृतीय वर्ष के पीजी छात्रों का 2 माह से भुगतान अटका हुआ है। इधर दूसरी और मेडीकल प्रबंधन शीघ्र ही स्टायफंड का भुगतान देकर चिकित्सों को मनाने में जुट गया है। चिकित्सों को कहना है कि लिखित में गारंटी के बाद ही हड़ताल वापस होगी।

# कोहरे के साए में निकली धूप

## सुबह और रात सर्द लहर, दिन में गर्मी



जबलपुर। मकर संक्रांति से पहले मौसम के मिजाज बदले-बदले नजर आ रहे हैं। मंगलवार की सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहा। तापमान में बढ़ोत्तरी हुई। फिर भी कोहरे के बीच चली हवा ने पूरे शहर को कंपकंपा दिया। मौसम विभाग की मानें, तो 10-11 जनवरी तक मौसम के ऐसा ही रह सकता है। बुधवार को भी सम्भाग के जिलों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में दक्षिणी पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर चक्रवाती हवाओं का घेरा बना है। दक्षिण गुजरात से दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश तक द्रोणिका गुजर रही है। हरियाणा के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इन मौसम प्रणालियों के चलते सर्द हवा और अरब सागर से वातावरण में नमी आ रही है। 11 जनवरी को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में आने के बाद मौसम बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से सम्भाग के जिलों में वर्षा हो सकती है। 12 जनवरी के बाद ठंड असर दिखाएगी। बादलों के असर से दिन का तापमान 4 डिग्री ऊपर बढ़ा है।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 14.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकार्ड किया गया। प्रदेश में सबसे कम तापमान 10.0 डिग्री नरसिंहपुर में दर्ज किया गया। जबकि गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 25.05 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 04.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 96 प्रतिशत और सायंकाल 74 प्रतिशत आंकी गई। पश्चिमी हवा 5 से 6 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.53 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 5.42 बजे हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना बनी हुई है।

### सुबह 10 बजे से खुलेंगे स्कूल

शीतलहर एवं प्रतिकूल मौसम को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने सुबह लगने वाले सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलों को 20 जनवरी तक सुबह 10 बजे से संचालित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश उपसचिव स्कूल शिक्षा विभाग प्रमोद सिंह ने जिला कलेक्टर को जारी किए हैं। दो पालियों में लगने वाले शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय भी सुबह 10 बजे से लगेंगे। ऐसे विद्यालय जो सुबह 10.30 से संचालित होते हैं, वे निर्धारित समय-सारणी अनुसार चलेंगे। कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार होगा।

# दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने किया दोषमुक्त

जबलपुर। कथित रूप से दुष्कर्म के एक मामले में माननीय न्यायालय ने पीड़िता के आरोप प्रमाणित ने होने पर आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अभियोजन के अनुसार भादंवि की धारा 376(2)(एन), 312 व 506 के अंतर्गत इस आशय का आरोप है कि अभियुक्त रोहित हिरकने ने 12 मई 2017 से 25-फरवरी-2019 के बीव अभियोक्त्री के गढ़ा स्थित निवास में झांसा देकर उसकी इच्छा के विरूद्ध एवं सहमति के बिना संबंध बनाये एवं गोली देकर गर्भपात कराया। साथ ही पीड़िता को प्रताड़ित करने के आशय से उसको बदनाम करने की धमकी भी दी। पीड़िता की मौखिक शिकायत के आधार पर थाना गढ़ा में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध क्रमांक 152/2019 धारा 376(2)(एन), 312, 506 भादवि के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट प्र-पी-1 पंजीबद्ध की गई थी। उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय ने इस पूरे घटनाक्रम में पाया कि अभियुक्त पर बलात्कार के आरोप सत्य के निकट प्रतीत नहीं होता है, जिससे अभियुक्त के विरूद्ध धारा 376(2)(एन), 312 व 506 भादंवि का अपराध प्रमाणित होना संदेह से परे नहीं पाया जाता है। अतः अभियुक्त रोहित हिरकने पर लगाये गये आरोपों को न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता राजेश यादव ने पैरवी की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240